YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-19 ❒ सोमवार, 16 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक 'बेहद सफल' उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।
एंतोनियो गुतारेस



आरएसएस सह-सरकार्यवाह ने हिंदू एकता का किया आह्वान 11

केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला: बंसल 12

# भारत ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को रौंदा

एजेंसी

❒ टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

❒ 61 रन से हराया, ईशान के 77 रन बनाए, इंडिया सुपर-8 में जगह बनाई



कोलंबो। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के 27वें मुकाबले 61 रनों से करारी शिकस्त दी। एकतरफा मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 114 रन ही बना सकी। भारत के लिए जसप्रीत हार्दिक-वरुण, बुमराह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने सुपर-8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20 विश्व कप मैच खेला जा रहा है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को पहले ओवर में झटका लगा। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान बिना खाता पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या ने उन्हें आउट किया। जसप्रीत बुमराह ने दूसरे ओवर में साइम आयूब को एलबीडब्ल्यू किया। आयूब ने दो गेंद में 6 रन बनाए। बुमराह ने इसी ओवर में कप्तान सलमान अली आगा को भी आउट किया। सलमान 4 गेंद में 4 रन ही बना सके। बाबर आजम 7 गेंद में 5 रन ही बना सके। अक्षर पटेल ने उन्हें पवेलियन भेजा। उस्मान खान 34 गेंद में 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अक्षर ने उनका शिकार किया। मोहम्मद नवाज को कुलदीप यादव ने आउट किया। तिलक वर्मा ने शादाब खान को कैच आउट करवाया। भारत ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। भारत के लिए ईशान किशन ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बिना खाता पवेलियन लौट गए। कप्तान सलमान अली आगा ने उन्हें आउट किया। पावरप्ले में भारत ने एक विकेट खोकर 52 रन बनाए। ईशान किशन ने 27 गेंद में अर्धशतक जड़ा है। ईशान किशन ने 40 गेंद में 77 रन की पारी खेली। उन्होंने 10 चौके और तीन छक्के लगाए। उस्मान तारिक को 11वें ओवर में गेंदबाजी का मौका मिला, उन्होंने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए। तिलक वर्मा 24 गेंद में 25 रन ही बना सके। हार्दिक पांड्या पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 29 गेंद में 32 रन का योगदान दिया। शिवम दुबे 17 गेंद में 27 के स्कोर पर रन आउट हुए। अक्षर पटेल पहली गेंद पर कैच आउट हुए। पाकिस्तान के लिए साइम आयूब ने तीन, उस्मान, शाहीन और सलमान को एक-एक विकेट मिला।

# गरीबों को राशन देने की प्रणाली से भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा : अमित शाह

एजेंसी



गांधीनगर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश डिजिटल प्रणाली अपनाकर गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में पदार्पण कर रहा है जिससे गरीबों को राशन देने के तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

श्री शाह ने रविवार को यहां सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित पारदर्शी, आधुनिक एवं सरल सार्वजनिक वितरण व्यवस्था (पीडीएस) का शुभारंभ कर कहा कि गरीबों को राशन देने की प्रणाली से भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज डिजिटल इंडिया का विस्तार खाद्य और आपूर्ति की व्यवस्था तक पहुंच रहा है। श्री मोदी ने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दिया है। भारत में 60 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पूरे परिवार में एक भी बैंक खाता नहीं था, लेकिन उनके नेतृत्व में दुनिया में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में से आधे भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में संपर्क सुविधा के विस्तार से अब डिजिटल तरीके से गरीबों को सीधे अनाज मिलने की व्यवस्था हो जाएगी। जिस प्रकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) ने देश में से घपले-घोटालों को समाप्त कर दिया, उसी प्रकार खाद्य ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### देश में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, 10 महीनों में 52,537 मेगावाट जुड़ी

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 10 महीनों में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। इस वित्तवर्ष में अब तक का सबसे बड़ा इजाफा करते हुए बिजली उत्पादन 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। देश के कुल बिजली उत्पादन में 52,537 मेगावाट की बढ़ोत्तरी के साथ कुल बिजली उत्पादन 5,20,510.95 मेगावाट हो गया। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार, इस साल 31 जनवरी तक बढ़ी कुल क्षमता में 39,657 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा से है। इसमें 34,955 मेगावाट सौर ऊर्जा और 4,613 मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि यह एक साल में अब तक की सबसे बड़ी क्षमता वृद्धि है। इससे पहले 2024-25 में 34,054 मेगावाट क्षमता जोड़ी गई थी। देश की कुल स्थापित क्षमता में 2,48,541.62 मेगावाट जीवाश्म ईंधन आधारित है। जबकि 2,71,969.33 मेगावाट क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्रोतों में 8,780 मेगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल है। वहीं 2,63,189.33 मेगावाट क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा से है।

### ऑटो रिक्शा पलटने से दो की मौत,आठ घायल

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक ऑटो रिक्शा पलटने से दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार, आजमगढ़ शहर के फराशटोला निवासी कुछ लोग दोहरीघाट मुक्तिधाम में एक महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। आज सुबह करीब 11:30 बजे जब वे ऑटो से वापस लौट रहे थे, तभी जमसर पेट्रोल पंप के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और ऑटो सड़क पर ही पलट गया।
इस हादसे में संदीप प्रजापति (38) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अस्पताल ले जाते समय छेदी (55) ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। मौके पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों में सुनील, सुधीर, गुड्डू, अमन, जगदीश और ऑटो चालक सुभाष सहित अन्य लोग शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, कई लोगों की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है।

### खसरा-रूबेला रोकने के लिए 45 जिलों में टीकाकरण अभियान आज से

**लखनऊ।** खसरा और रूबेला की रोकथाम के लिए सोमवार से 27 फरवरी तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष तक के तकरीबन 97 लाख बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त डोज दी जाएगी। चिकित्सा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रदेश सरकार खसरा व रूबेला उन्मूलन के प्रतिबद्ध है। विशेष अभियान 45 जिलों में चलाया जाएगा। वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक देकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर की जाएगी।

# हम डिफेंस फोर्सेज के साथ मजबूती से खड़े हैं, हर जरूरी कदम उठाएंगे

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश की डिफेंस फोर्सेज के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सुधार उनकी सरकार का कमिटमेंट है, जिसे पूरा करके दिखाया गया है। मौजूदा परिस्थितियों के अनुरूप रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण सरकार का कर्तव्य है और इसी कारण रक्षा बजट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है।

प्रधानमंत्री ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि बदलती भू-राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश को हर परिस्थिति के लिए तैयार रखना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार देश की रक्षा सेनाओं को मजबूत करने और उनका समर्थन करने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष का बजट भारत की विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। उनके शब्दों में, यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया 'अब नहीं तो कभी नहीं' वाला फैसला नहीं है, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा 'हम तैयार हैं' का क्षण है। बजट 2026 के तहत रक्षा खर्च में बड़ा इजाफा किया गया है। चालू वित्त वर्ष ● शेष पेज 11 पर

### राजनीतिक स्थिरता से बढ़ा निवेशकों का भरोसा, 38 देशों से अपनी शर्तों पर व्यापार समझौते

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में राजनीतिक स्थिरता के कारण निवेशकों का भारत पर भरोसा काफी मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस और एमएसएमई सेक्टर की बदौलत भारत 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर व्यापार समझौते करने में सक्षम रहा है। केंद्रीय बजट और अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ ट्रेड डील के बाद न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब वैश्विक व्यापार वार्ताओं में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी सहित कई क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को वैश्विक बाजार तक पहुंच दिलाने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप होता है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में भारत ने निर्यात के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़े हैं। डिफेंस बजट में बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण जरूरी है और सरकार सशस्त्र बलों को हरसंभव समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि उस दौर में भारत व्यापार समझौतों पर ठोस परिणाम हासिल नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि सुधार (रिफॉर्म) एनडीए सरकार की मूल प्रतिबद्धता है और इसे शासन में स्पष्ट रूप से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सुधारों की प्रक्रिया लगातार ● शेष पेज 11 पर

# योगी ने की प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व के महाशिवरात्रि पर रविवार को गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने रविवार को जनता दर्शन के बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया। इसके बाद विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। इसी क्रम में गोरखपुर के अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर और भरोहिया के पितेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी दर्शन, पूजन व दुग्धाभिषेक.जलाभिषेक किया और चराचर जगत के कल्याण की भी प्रार्थना की। गोरक्षपीठ के पुरोहित एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने चराचर जगत के मंगल हेतु महादेव भगवान शिव से प्रार्थना की। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शनए पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख.समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

# सात समंदर पार पहुंचा राम मंदिर का वैभव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ 20 को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

❒ एवगेनी बनेंगे राम, दारिया निभाएंगी सीता का किरदार, मुरात लक्ष्मण और दिमित्री बनेंगे हनुमान

लखनऊ। अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राममंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव समेत किए जा रहे अभूतपूर्व आयोजनों की ख्याति अब सात समंदर पार तक पहुंच रही है। योगी सरकार के सांस्कृतिक विजन और अयोध्या में हुए आध्यात्मिक नवजागरण से प्रेरित होकर रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन होगा। यह रामलीला अयोध्या में विगत दिनों हुए दीपोत्सव से प्रेरणा लेकर दिव्य और भव्य रूप में आयोजित की जा रही है। इसे भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।

रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र (खाएए) के सहयोग से होने वाली इस रामलीला में रूस के कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका में एवगेनी, सीता के रूप में दारिया, लक्ष्मण के रूप में मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' इस आयोजन की मुख्य संचालक है। डॉ. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में यह संस्था वर्षों से नाट्य प्रस्तुतियों, सांस्कृतिक उत्सवों और शैक्षिक पहल के जरिए भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक सेतु का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, ● शेष पेज 11 पर

# बंगलादेश में रहमान शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ओम बिरला

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को ढाका में बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बंगलादेश की नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे । विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति भारत और बंगलादेश के लोगों के बीच गहरी और पक्की मित्रता को दिखाती है। यह दोनों देशों को जोड़ने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत की दृढ़ वचनबद्धता को भी बताता है।

वक्तव्य में कहा गया है कि एक जैसे इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, भारत श्री रहमान के नेतृत्व में बंगलादेश में चुनी हुई सरकार का स्वागत करता है, जिनके दृष्टिकोण और मूल्यों को लोगों का भारी समर्थन मिला है।

उल्लेखनीय है कि बंगलादेश में हुए संसदीय चुनाव में श्री रहमान के नेतृत्व में बंगलादेश ● शेष पेज 11 पर

# एईएस से मौतों में 99 और जेई में 98% की कमी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ संचारी रोग नियंत्रण में रचा इतिहास, मृत्यु दर में आई उल्लेखनीय कमी

❒ डेंगू, मलेरिया और एईएस/जेई पर किया प्रभावी प्रहार

❒ डिजिटल सर्विलांस पोर्टल से मॉनीटरिंग हुई मजबूत वर्ष 2017 के मुकाबले 2025 में 89 प्रयोगशालाएं हो रहीं संचालित, 86 सेंटिनल और तीन एपेक्स प्रयोगशालाएं शामिल

❒ एईएस से होने वाली मौतों में 99 प्रतिशत और जेई में 98 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई

लखनऊ। राज्य सरकार ने डेंगू, मलेरिया और एईएस, जेई जैसे गंभीर रोगों पर प्रभावी प्रहार करते हुए जांच, उपचार और मॉनीटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाया है। साथ ही डिजिटल सर्विलांस, प्रयोगशालाओं के विस्तार और त्वरित उपचार व्यवस्था से डेंगू, एईएस और जेई से मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि डेंगू की उन्नत जांच सुविधा प्रदेशभर में उपलब्ध कराई जा रही है। जांच और उपचार व्यवस्थाओं में सुधार से डेंगू की मृत्यु दर जहां वर्ष 2017 में 0.91 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 0.06 रह गई है। इस अवधि में मृत्यु दर में लगभग 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। एईएस से होने वाली मौतों में 99 प्रतिशत और जेई में 98 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई उन्होंने बताया कि मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में भी प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मलेरिया रोगियों की संख्या में लगभग 55 प्रतिशत की कमी आई है। जांचों की संख्या में 229 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एईएस/जेई नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भी प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष ● शेष पेज 11 पर

सामाजिक सद्भाव बैठक: गोरखपुर में संघ प्रमुख भागवन बोले-

# 'भारत सद्भावना का केंद्र, हम माता मानते हैं'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त तारामंडल स्थित बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज सामाजिक नेतृत्व यहां उपस्थित है। समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो।

समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो। अर्थ-स्वार्थ का अपनापन टिकता नहीं है। अन्य देशों में विचार है कि मनुष्य से मनुष्य का संबंध एक सौदा है, किन्तु अपने देश में मनुष्यों के संबंध का विचार ऐसा नहीं है। यहां संबंध अपनेपन का है। हमारे देश में अनेक विविधताएँ और अनेक रीति-रिवाज हैं। यहां विविधता में एकता है क्योंकि यहाँ एक नाता है -भारत को हम माता मानते हैं। एक ही चैतन्य सबमें है - वह भगवान है। हमारी अलग-अलग विशिष्टताओं के बावजूद यही नाता हमें जोड़े रखता है। हमारी संस्कृति में हम महिला को वात्सल्य की दृष्टि से देखते हैं। सदियों के आचरण से हमारा यह स्वभाव बना है। हमारे यहाँ अलग रंग-रूप और वेशभूषा अलगाव का कारण नहीं बनते। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का लक्ष्य जीवन के सत्य को जानना है और जीवन का सत्य भगवान है। यही हमारा समान लक्ष्य और समान संस्कृति है। समाज सद्भाव से चलता है। समाज में यदि सद्भावना नहीं है तो कानून और पुलिस के बावजूद समाज नहीं चलता। उन्होंने कहा कि हम अपनी जाति की चिंता कर रहे हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन ध्यान रखें कि हम एक बड़े समाज के लोग हैं। हिन्दू समाज में पूर्ण स्वतंत्रता है। हम हिन्दू समाज के अंग हैं, इस दृष्टि से क्या कर रहे हैं और क्या कर सकते हैं, इस पर विचार करें। साथ ही अपनी जाति-समाज की बैठक में भी विचार करें कि ब्लॉक स्तर पर हम हिन्दू समाज के लिए क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्वार्थ नहीं देखता। दुनिया के अन्य देशों पर संकट आने पर भारत उनकी सहायता के लिए आगे आता है। भारत सद्भावना का केन्द्र है। सरसंघचालक के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न जाति, पंथों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। उनकी जिज्ञासाओं पर सरसंघचालक जी ने कहा कि आवश्यक है कि अपनी जाति-बिरादरी में चर्चा कर बड़े हिन्दू समाज के लिए कार्य करें। ब्लॉक स्तर पर बैठकों के बाद धीरे-धीरे बात आगे बढ़ेगी। समाज स्तर पर कार्य स्वयं करना होगा। संघ के भरोसे नहीं रहना चाहिए। समाज के हर अंग में शक्ति होनी चाहिए। समाज को चलाने के लिए खंड स्तर पर समाज के मुखिया लोगों को कार्य करना होगा। मिलकर विचार करेंगे, मिलकर दायित्व लेंगे और कुछ गड़बड़ होगा तो मिलकर सुधार करेंगे। देश ठीक रहेगा तो हम भी ठीक रहेंगे। ● शेष पेज 11 पर

# एआई: वैश्विक परिवर्तन का निर्णायक क्षण, 'वैश्विक बदलाव से स्थानीय क्रियान्वयन तक' : डॉ. राजेश्वर

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह ने एआई को बताया वैश्विक परिवर्तन का निर्णायक क्षण, कहा- एआई से बदलेगा विकास, शासन और रोजगार का स्वरूप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और उसके सामाजिक-आर्थिक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एआई आज विकास, शासन व्यवस्था और रोजगार संरचना में परिवर्तन का निर्णायक कारक बन चुकी है।

डॉ. सिंह ने विश्व आर्थिक मंच (डक्क) के आकलन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2027 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 23% नौकरियों में बदलाव की संभावना है। जहां लगभग 69 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित होंगी, वहीं 83 मिलियन नौकरियाँ प्रभावित हो सकती हैं। यह परिदृश्य बड़े पैमाने पर कौशल विकास और पुनः प्रशिक्षण की अनिवार्यता को स्पष्ट करता है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार वर्ष 2030 तक 86% नियोक्ता मानते हैं कि एआई उनके व्यापार मॉडल को बदल देगी, जबकि लगभग 48% विद्यार्थी स्वयं को एआई-सक्षम कार्यस्थल के लिए पूर्णतः तैयार नहीं मानते। यह अंतर शिक्षा, प्रशिक्षण और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित करता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत अब एआई अपनाने के चरण से आगे बढ़कर वैश्विक एआई नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है। नई दिल्ली में आयोजित होने वाला ऋद्धदद्बथ-इक्र ऋद्बध्थदप ट्टफ्द्बद्बप, जिसमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी प्रस्तावित है, भारत को जिम्मेदार और समावेशी एआई के वैश्विक मानदंड स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर एआई से संबंधित नीतिगत दृष्टिकोण नवाचार, सशक्त शासन व्यवस्था और समान विकास पर केंद्रित है, जिससे तकनीक का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँच सके।

डॉ. सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2024S25 के बजट में ह्लठ्ठ इक्र ख्द्बपपद्बधद्बङ्क के लिए ?225 करोड़ का प्रावधान राज्य की तकनीकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत एआई नवाचार, डिजिटल गवर्नेंस तथाआईटीआई संस्थानों में एआई प्रयोगशालाओं की स्थापना जैसे कदम राज्य को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर में युवाओं को एआई और डिजिटल युग के लिए तैयार करने हेतु स्थानीय स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में संचालित रण बहादुर सिंह डिजिटल एजुकेशन एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, युवाओं के लिए निःशुल्क डिजिटल एवं एआई कौशल प्रशिक्षण, मेधावी छात्रों को डिजिटल उपकरणों का वितरण जैसे प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा इन पहलों का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और रोजगार अवसरों के अनुरूप सक्षम बनाना है।

# पार्किंग समस्या को लेकर लोगों ने किया बिल्डर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में अर्बन वुड अपार्टमेंट के रहने वाले लोगों द्वारा रविवार को पार्किंग समस्या को लेकर बिल्डर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।इस मामले में बिल्डर की ओर से पुलिस को बुलाया गया था। इसी बात पर लोगों को गुस्सा आ गया था। उन्होंने थाने पर पहुंच कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

नारेबाजी भी की। पुलिस ने मामले पूरे मामले को समझा और लोगों को शांत कराया।जानकारी के मुताबिक अर्बन वुड अपार्टमेंट दो भागों में बंटा हुआ है लेकिन बिल्डरों द्वारा फ़ेस एक से ही फ़ेस दो की पार्किंग का रास्ता दिया गया है। बिल्डरों के इस आपसी विवाद के कारण फ़ेस 2 की बेसमेंट पार्किंग का रास्ता फ़ेस एक के बिल्डर द्वारा बंद कर दिया गया है। अपार्टमेंट में रहने वाले श्रीश अवस्थी,आनंद गुप्ता ने बताया कि शशांक गुप्ता फ़ेस एक और ,आशीष अग्रवाल फ़ेस 2 के बिल्डर है। प्रारंभिक दौर में दोनों ने मिलकर पार्टनरशिप में निर्माण कराया। कुछ ही समय बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया। तभी से बाद फ़ेस एक के बिल्डर ने फ़ेस 2 की पार्किंग का रास्ता ब्रेक वाल,टीनशैड व डीजी जनरेटर लगाकर बंद कर दिया गया । अब फ़ेस 2 के लोगो को बेसमेंट की पार्किंग की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बिल्डर द्वारा फ्लैट बुक कराते समय हर फ्लैट वालों से पार्किंग के नाम पर तीन लाख अलग से लिए गए । इस सब के बावजूद पार्किंग नहीं दी गई। इसी बात से रविवार को फ़ेस 2 में रहने वाले लोगों ने पहले अपार्टमेंट के गेट पर प्रदर्शन किया जिसे रोकने के लिए पुलिस बुला ली गई तो गुस्साए लोगों ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने पहुंचकर बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मामले में इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय को प्रार्थना पत्र सौंपा। इंस्पेक्टर के मुताबिक उन्होंने लोगों को समझाबुझकर शांत करवा दिया। बिल्डर से बात कर लोगों की पार्किंग का रास्ता खुलवाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मुकेश कुमार,अपर्णा सिंह ,सत्यम तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सूत्र बताते हैं कि दोनों बिल्डर एक दूसरे पर करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज करवा चुके हैं।

## ससुराल से वापस आ रहा अधेड़ युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव थाना क्षेत्र के मानपुर (पुरवा) गांव का कैलाश शर्मा जो अपने पुत्र के साथ अपने ससुराल गया था शनिवार को वापस घर आ रहा था जैसे ही रीवा जनपद के सोहागी थाना क्षेत्र के चौरा घाट के आसपास पहुंचा एक मिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर टक्कर मार दिया जिससे कैलाश शर्मा घायल हो गया हॉस्पिटल ले गए डॉ ने मृत घोषित कर दिया लड़के को हल्का चोट आई थी जिसका प्राथमिक उपचार हुआ सूचना पर सोनौरी चौकी इंचार्ज अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोमा के लिए भेजे वापस आने पर शव देखकर पत्नी सुनीता शर्मा व आसपास मोहल्ला के लोगों का रो रो कर बुरा हाल था कैलाश शर्मा की इस दुःखद घटना से हर कोई दुःखी था मृतक का गांव में ही दाह संस्कार किया गया इस मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित थे।

## प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 40 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संगम नगरी प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पावन स्नान के अवसर पर लगभग 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा।पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने यमुनानगर जोन के प्रमुख शिव मंदिरों एवं मेला क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन बेहतर रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने बताया कि स्नान के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र पर नजर रखी गई। घाटों पर एनडीआरएफ और जल पुलिस की भी तैनाती रही।इस वर्ष आयोजित माघ मेले में अब तक 22 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं, जो आस्था का ऐतिहासिक रिकॉर्ड माना जा रहा है। प्रशासन द्वारा लगातार साफ-सफाई, चिकित्सा शिविरों और पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया है।महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## प्रयागराज में ट्रैफिक चौराहे से बाइक लूट, बदमाश फरार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के एक व्यस्त ट्रैफिक चौराहे से अज्ञात बदमाशों द्वारा एक मोटरसाइकिल छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी70एच1852 नंबर की बाइक सवार को रोककर बदमाशों ने वाहन छीन लिया और मौके से भाग निकले।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। चौराहे और आसपास के इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश तेज रफ्तार में वाहन लेकर फरार हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।शहर में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## तेज रफ्तार सफारी स्टॉर्म पेड़ से टकराकर खाई में गिरी, दो घायल

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के सोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर चौराहे पर तेज रफ्तार के कारण एक सफारी स्टॉर्म अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन सड़क किनारे खाई में जा गिरा।हादसे में वाहन चालक आरिफ खान और मोहम्मद जैद गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए निशा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को बेहतर इलाज के लिए शहर रेफर कर दिया गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने पहुंचकर वाहन को कब्जे में लिया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह बताया जा रहा है।

## नगराम-निगोहा के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नगराम, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम और निगोहा क्षेत्र अंतर्गत स्थित समस्त शिव मंदिरों पर महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर ह्लहर-हर महादेवङ्क के जयकारों से गूंजते रहे। नगराम क्षेत्र के कनेरी स्थित शिव मंदिर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं समीप स्थित जय आलदेव बाबा मंदिर पर भी जलाभिषेक के लिए भक्तों की लगातार भीड़ जुटी रही। इसी क्रम में गढ़ा रोड स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स राइस मिल पर पूजा-अर्चना के साथ रजनी कान्त व शुभम गुप्ता द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर निगोहा क्षेत्र के मीरख नगर स्थित महामाई मंदिर पर नन्दी शनिदेव की मूर्ति स्थापना की गई तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वहीं भैरमपुर स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर भी सुबह से जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी लाइनें देखने को मिलीं। क्षेत्र के विभिन्न भंडारों में पंहुच कर नवीन मिश्रा ने प्रसाद ग्रहण किया। कई मंदिरों पर भंडारे आयोजित हुए तो कई जगह भक्त भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौतभांगड़ा ढोल बजाने का करते थे काम मृतक

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।**गोसाईंगंज इलाके के नवाब अली पुरवा गांव के पास उल्टी दिशा में बाइक लेकर जा रहे दो युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने सीएचसी पर इलाज के दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात कोरियानी गांव के रहने वाले रेशु (22) और मनोज (21) भांगड़ा ढोल बजाने का काम करते थे। दोनों शनिवार की रात किसी पार्टी में ढोल बजाने के लिए खुर्दही की ओर जा रहे थे। उसी समय वितरित दिशा से जा रहे थे तभी किसी वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। वे दोनो सड़क पर गिर गए। पीछे से आ रहे किसी अन्य वाहन ने दोनो को कुचल दिया। इस मामले में मंनोज की उसी समय मौत हो गई और रेशु ने सीएचसी पर इलाज के दौरान दम तोड़ा।

# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक सम्पन्न हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक शिवगढ़ ब्लॉक के मानपुर मजरे नारायणपुर में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष बंसीलाल लोधी द्वारा बैठक की ने की।

इस अवसर पर जिला संरक्षक संतलाल लोधी, जिला मंत्री शत्रोहन लोधी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी और विधानसभा सह-संयोजक/महामंत्री जय सिंह लोधी सहित कई जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य रूप से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया, इसके अतिरिक्त, समाज के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर भी गहन चर्चा हुई।ब्लॉक अध्यक्ष बंसीलाल लोधी ने बताया कि लोधी समाज को जागरूक करना उनका प्रमुख कार्य है और वे अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर संरक्षक प्रधान संतलाल लोधी उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी संगठन मंत्री सत्रोहन लोधी विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल लोधी विधानसभा महामंत्री जय सिंह लोधी विधानसभा महामंत्री राजेश कुमार लोधी ब्लॉक बछरावां अध्यक्ष नंदकिशोर लोधी ब्लॉक कोषाध्यक्ष योगेश लोधी ब्लॉक उपाध्यक्ष बछरावां राम सिंह डॉक्टर ब्लॉक बछरावां संरक्षक रामकुमार लोधी ब्लॉक अध्यक्ष शिवगढ़ बंसीलाल लोधी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# श्रद्धालुओ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर शिवालय मंदिर में मुस्तैद रही पुलिस



❒ मंदिर में दिन भर लगी रही भक्तों की भीड़, लगे हर हर महादेव के जयकारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज जिले के जमुनापार क्षेत्र के कोरांव थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने शिवालया शिव मन्दिर पर शांति व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस की ड्यूटी लगभग 07 जगहों पर पुलिस की ड्यूटी मुस्तैद की गई थी जिसमें महिला दरोगा, कांस्टेबल और डीसीपीसी संगठन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे मुख्य रूप से संस्कृत पाठशाला शिव मंदिर नगर पंचायत कोरांव ,शिवालया मंदिर देवघाट ,शिवालया शोभनाथ, महूगांव ,कालिकान धाम बडोखर ,हंडिया,लोवाकोंन आदि धार्मिक स्थलों पर मुस्तैद रहे थाना कोरांव से लगे सुरक्षा के रूप में कृष्णा सोनी, उपनिरीक्षक गिरीश कुमार राय, कांस्टेबल ,लवकुश बघेल कांस्टेबल बृजेश यादव कांस्टेबल ,नरेंद्र देव मिश्र डीसीपीसी के थाना प्रभारी मोहम्मद असलम डीसीपीसी सह थाना प्रभारी विवेक कुमार, सदस्यराकेश केशरी, सदस्य आदि लोग लगे रहे इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा और चौकी इंचार्ज बडोखर प्रहलाद पाल ड्यूटी प्वाइंट की जांच के लिए दिन भर भ्रमणशील रहे।

# महाशिवरात्रि पर निकली शोभायात्रा, झूमे श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति नगर में स्थित शिव मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। यहां ऋषिकुंज सेवाश्रम समिति के प्रबंधक जय प्रकाश गुप्ता द्वारा आयोजित 26वे कार्यक्रम में भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा जब पारंपरिक वेशभूषा, डमरू दल और आकर्षक झांकियो के साथ निकली तो पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा। शोभा यात्रा में बच्चों को शिव परिवार की वेशभूषा में तैयार कर बग्घियों पर बैठा कर डीजे बाजा के साथ सरोजनी नगर थाने पर स्थित मंदिर पर ले जाया गया शिव पार्वती का विवाह कराया गया। शोभायात्रा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और शिव भजनों पर झूम उठे।शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद श्रद्धालुओं ने चखा और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। वही समिति के प्रबंधक व पुजारी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह विशाल कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के लोगों के सहयोग से ही हो पाता है हर वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। कार्यक्रम में समर बहादुर सिंह,मनोज वर्मा, राकेश गौतम, विशाल गौतम, अमित राज, तुषार गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, मोनू गौतम, विशाल कुमार का विशेष सहयोग रहा, वहीं कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों सम्मानित लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



लखनऊ । शिव रात्रि के अवसर पर सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर परिसर में स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि के पर सैकड़ो भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किये। इस अवसर पर मंदिर परिसर में अंसुल निगम ने परिवार के साथ रुद्राभिषेक कर विशेष पूजा की।वही गोसाईंगंज के कासिमपुर स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर पर हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। यहां सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही और दिन भर हर कर महादेव के जयकारो की गूंज सुनाई देती रही।

# महाशिवरात्रि पर देवाधिदेव महादेव मंदिर में भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । रहमतनगर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गंगागंज स्थित देवाधिदेव महादेव मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया ,भंडारे का शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना द्वारा किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा ,देवाधिदेव महादेव मंदिर को लखनऊ से बनारस तक का सबसे विशाल और भव्य मंदिर माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं और भविष्य में भी विकास कार्य जारी रखने की योजना है ,मंदिर परिसर में स्थित जयपुरिया स्कूल द्वारा भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने विद्यालय का भ्रमण किया तथा प्रवेश के लिए आवेदन भी दिए। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल गंगागंज क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, जो आने वाले समय में क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

# बेमिसाल शायर आदिल लखनवी की याद में मुनफरिद मुशायरा की महफिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । तंज और मज़ाह के विश्व विख्यात शायर मरहूम आदिल लखनवी की याद में एक मुनफरिद मुशायरा एवं ज़ार फाउंडेशन की अदबी खिदमात के ए'तराफ़ में शानदार कार्यक्रम का आयोजन रहा । कार्यक्रम में देहली, लखनऊ व आसपास के इलाकों से आए तमाम शो'अरा और अदीबों ने शिरकत कर अपने-अपने कलाम पेश किए और अपनी अदबी सलाहियतों को पेश किया द्यइस मौके पर अपनी अदबी खिदमात और असरदार कलाम के ज़रिये लोगों के दिलों में खास मकाम बनाने वाले लखनऊ-अमेठी के मशहूर अदीब डॉ. अबुल क़ासिम अब्बासी ह्लसमर अमेंठवीङ्क को सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड मशहूर शायर फारूक आदिल की मौजूदगी में प्रदान किया गया।अवार्ड डॉ. इसरारुल हक़ (लेक्चरर, ला मार्टिनियर कॉलेज, लखनऊ ) एवं डॉ. सिफ़त उज़ ज़ेहरा ज़ैदी (लेक्चरर, एम.आर.पी कॉलेज) द्वारा पेश किया गया। इस अदबी महफिल में मौजूद सभी नें डॉ. समर अमेंठवी की साहित्यिक सेवाओं, उनकी शायरी की संजीदगी और समाजी मुद्दों पर उनके बेबाक अंदाज़ की सराहना की।कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं ने बेहतरीन अशआर पर खूब दाद दी और मरहूम आदिल लखनवी को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे अदबी आयोजन नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने और उर्दू अदब की रिवायत को ज़िंदा रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# सारीपुर गांव में अब किसानों को खाद और बीज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। क्षेत्र के सारीपुर गांव में अब किसानों को खाद और बीज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। गांव में कविश खाद एवं बीज भंडार का शुभारंभ किया गया । सारीपुर गांव के मयंक श्रीवास्तव ने रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन कराया। दुकान का उद्घाटन उनके पिता विजय श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के दर्जनों किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें अजय श्रीवास्तव, अल्ले महाराज, सोमित श्रीवास्तव, राजाराम, गया प्रसाद,, संदीप मौर्य, संतोष मौर्य, काशी मौर्य, राजन मौर्य, अखिलेश श्रीवास्तव तथा अखिलेश मौर्य मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध होने से खेती-किसानी में काफी सुविधा होगी और किसानों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

# ढोल-नगाड़ों संग निकली भोले की बारात, आस्था में डूबे श्रद्धालु

❒ भक्तों ने पुष्प, बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध व गंगाजल से किया शिव का अभिषेक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। महाशिवरात्रि पर्व पर बख्शी का तालाब क्षेत्र के शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने भगवान शिव का पुष्प, बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध व गंगाजल से अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा।

ग्राम पंचायत शिवपुरी स्थित प्राचीन मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और श्रृंगार पूजन हुआ। यहां से भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। देवरी रुखारा गांव के मक्केश्वर महादेव मंदिर में पिछले 48 वर्षों से आयोजित हो रहा पारंपरिक मेला इस बार भी धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजकों के अनुसार रात्रि में शिव विवाह, धनुष यज्ञ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बीकेटी के ठाकुरद्वारा स्थित ऐतिहासिक नागेश्वर शिव मंदिर में दिनभर जलाभिषेक का क्रम चलता रहा। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 200 वर्ष पूर्व त्रिपुर चंद्र बख्शी ने कराया था। यहां विगत वर्षों से महाशिवरात्रि पर विशेष भंडारा और धार्मिक आयोजन की परंपरा निभाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर स्थित सुधन्वा कुंड के चंद्रकेश्वर महादेव, उमराव के कालेश्वर महादेव, कोटवा शिव शक्ति धाम तथा कठवारा के कंकडेश्वर शिव मंदिर,मामपुर बाना स्थित विद्युत उपकेंद्र में जेई योगेश यादव द्वारा सभी कर्मचारियों के साथ परिसर में शिव मंदिर में पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया।वहीं क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भजन-कीर्तन, पूजन और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## अधिकारियों ने कान्हा गोशाला में किया नंदी व गौ पूजन

महाशिवरात्रि पर नगर पंचायत बीकेटी अंतर्गत अकोहरी स्थित कान्हा गोशाला में श्रद्धा और आस्था के साथ विशेष गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. मेमपाल सिंह अपनी पत्नी के साथ शामिल हुए और विधिवत नंदी व गौ पूजन कर गौवंशों की सेवा की। इस अवसर पर अपर निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. अजय कनौजिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, संयुक्त निदेशक मुख्यालय डॉ.पीके. सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, उप निदेशक डॉ.सुनील कुमार राठौर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीकेटी डॉ. अजय यादव सहित पशुधन प्रसार अधिकारियों ने भी गौवंशों का पूजन किया।अधिकारियों ने गोशाला में मौजूद गौवंशों को गुड़, केला व पशु आहार खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व शिवभक्ति के साथ-साथ सेवा और करुणा का भी प्रतीक है। गौसेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और सभी को गोसंरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए।

# लखनऊ में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

❒ मड़ियांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई, दो शातिर गिरफ्तार; 181 एटीएम कार्ड बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । राजधानी में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले संगठित गिरोह का मड़ियांव पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश किया है।


पुलिस ने गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों शहबान और दिलशाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 181 एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है।पुलिस के अनुसार आरोपी शहर के मड़ियांव, जानकीपुरम, पारा, चिनहट, आलमबाग, नाका और कैसरबाग समेत कई क्षेत्रों में एटीएम बूथों के बाहर खड़े होकर लोगों को झांसे में लेते थे। वे विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाते थे। मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लेते और बाद में खाते से रकम निकाल लेते थे। अब तक गिरोह द्वारा करीब 30 लाख रुपये से अधिक की ठगी किए जाने की जानकारी सामने आई है।प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम को यह सफलता मिली। एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि पुलिस को लंबे समय से इस गिरोह की तलाश थी। तकनीकी साक्ष्यों और निगरानी के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और अलग-अलग इलाकों में अपनी पहचान छिपाकर सक्रिय रहते थे।बरामद एटीएम कार्ड विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही संगठित अपराध के तहत बीएनएस की धारा 111 तथा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि एटीएम बूथ पर किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें और किसी को भी अपना कार्ड या पिन साझा न करें।

## सरांई गुदौली में तृतीय युवा क्रिकेट टूर्नामेंट: करोरा और कल्ली ने दर्ज की शानदार जीत



**नगराम, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के सरांई गुदौली में चल रहे तृतीय युवा क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में करोरा और कल्ली की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।पहला मैच सिठौली बनाम करोरा के बीच खेला गया, जिसमें करोरा की टीम ने 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर सिठौली को लक्ष्य दिया। जवाब में सिठौली की टीम मात्र 56 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वहीं दूसरा मुकाबला राहुल इलेवन बनाम कल्ली के बीच हुआ। कल्ली टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राहुल इलेवन की टीम 74 रन ही बना सकी और मैच हार गई। टूर्नामेंट के आयोजन गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा द्वारा मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों अवनीश और सद्दाम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## बंद मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर, नगदी और गैजेट पार



**दुबग्गा लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र की हिना कॉलोनी सिकरोरी में बेखौफ चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों की चोरी को अंजाम दिया। बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और अलमारी के लॉकर तोड़ डाले।पीड़ित सईद के मुताबिक 14 फरवरी को दोपहर करीब ढाई से तीन बजे के बीच वह पत्नी के साथ बेटे को लेने ससुराल लखीमपुर खीरी गए थे। देर रात अज्ञात चोर घर में दाखिल हुए और वारदात कर फरार हो गए।चोर सोने के कड़े, बंदे, अंगूठी, चांदी की पायल समेत विभिन्न जेवरात ले गए, जिनकी कीमत करीब आठ लाख रुपये आंकी जा रही है। इसके अलावा लगभग 54S55 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, चैन वॉच और अन्य कीमती सामान भी चोरी कर लिया गया।रविवार सुबह पड़ोसियों से सूचना मिलने पर पीड़ित दोपहर करीब 12 बजे घर पहुंचा। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और लॉकर टूटे मिले। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी(

## शिव-सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा हुआ बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर पर बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पंडित विशाल शास्त्री के द्वारा मंदिर प्रांगण में दोपहर 3:00 से रुद्राभिषेक किया गया जिसमें बाबा भोलेनाथ के रूद्र नामों का जप हुआ एवं एक विशाल भंडारे का आयोजन भी मंदिर समिति द्वारा किया गया जिसमें सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया भंडारा दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुआ जो रात्रि 8:00 बजे तक चलता रहा जिसमें मंदिर समिति के संरक्षक रविंद्र निगम जितेंद्र निगम तीर्थराज यादव जितेंद्र शुक्ला अभिषेक मिश्रा अनुराग दीक्षितद्वेश अवस्थी आशीष श्रीवास्तव सचिन देवल शिवम पोरवाल आयुष पांडेय धैर्य मिश्रा एवं क्षेत्र की सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया लिया।

## मलिहाबाद की टीम ने तीसरी बार जीता क्रिकेट टूर्नामेंट



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बरकतनगर भट्ठी में स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में आमंत्रित कुल 8 टीमों में से सरोजनी नगर की टीम कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंची। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलिहाबाद व काकोरी ब्लाक की टीमें पहुंची। इन्ही के मध्य फाइनल खेल खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मलिहाबाद ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट की हानि पर 118 रन बनाएं। इसके जवाब में काकोरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 56 रन ही बना सकी। गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।ग्राम प्रधान दुर्गा ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। पंचायत सचिव श्याम सुंदर बेहतर कमेंटेटर की भूमिका निभाई। मलिहाबाद के कप्तान अनुज यादव ने साथी खिलाड़ियों के साथ विजेता कप उठाया तो खिलाड़ी खुशी से झूम उठे।इस मौके पर एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, पंचायत सचिव विनोद कुमार गौड़, राकेश यादव, श्याम सुंदर, प्रशांत सक्सैना, ललित कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जनकापुर गांव के पौराणिक शिवलिंग मंदिर परिसर में महा शिवरात्रि पर भव्य मेले का आयोजन

❒ यहां सुधनवा और अर्जुन भीम नकुल आदि के बीच में युद्ध हुआ था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । माल विकास खंड की नारायनपुर पंचायत के जनकापुर गांव स्थित पौराणिक शिवलिंग पर प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि को मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जाता है। बताया जाता है कि यह पौराणिक शिव लिंग कौरव पांडवों के महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद,जब पांडवों ने हस्तिनापुरमें सिंहासन सम्हालने के बाद अश्वमेघ यज्ञ कर विश्व विजय के लिए घोड़ा छोड़ा था। जिसे तत्कालीन कटक राज्य वर्तमान में कठवारा के राजा सुधनवा के सैनिकों ने अपनी सीमा में रोक लिया।

जहां सुधनवा और अर्जुन भीम नकुल आदि के बीच में युद्ध हुआ। जिसमें पांडव सेना को पराजित होना पड़ा और अर्जुन अचेत हो गये थे। तब भीम सूचना लेकर हस्तिनापुर पहुंचे।सारा वृतांत युधिष्ठिर को बताया।जहां कृष्ण जी ने अपने गुरु संदीपनी के पास उपाय जानने के लिए भेजा। तो उन्होंने अर्जुन की मूर्छा के लिए कैलाश पर्वत से शिवलिंग लाकर स्थापना कर पूजा अर्चना करने की सलाह दी। जहां से शिवलिंग लाया गया और तीन दिन तक पूजा अर्चना के बाद अर्जुन की मूर्छा जागी। तब से शिवलिंग को चिरंजीवीनाथ के नाम से जाना जाता है।इसका उल्लेख महाभारत के विजय पर्व और एक अन्य ग्रंथ में पाया जाता है। यह शिवलिंग खुले में स्थापित है जो माल के राजा कुंअर भूपेंद्र सिंह की जमींदारी में आता है। इस शिवलिंग को माल के राजा जंगी सिंह ने लगभग दो दशक पूर्व मंदिर बनवाने के लिए खुदाई कराना चाहा बताया जाता है दिन में जितनी खुदाई की जाती थी वह रात में स्वतः बंद हो जाता था। तीन दिन के बाद जंगी सिंह को सपना आया कि यदि अब खुदाई कराई तो तुम्हारा वंश नष्ट कर दूंगा। तब से शिवलिंग खुले मैदान में ही स्थापित है। लोगों की मन्नतें पूर्ण होती हैं। यहां विशाल मेला लगता है। यह शिवलिंग स्थापना का पांच हजार तीन सौ सत्तानवा (5357वा) वर्ष है।

# एसआईआर को लेकर सपा ने की रणनीतिक बैठक




❒ पदाधिकारियों को दिए गए संगठनात्मक निर्देश, बूथ स्तर पर मजबूती पर जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के बिन्दौवा स्थित समाजवादी पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को ट्टत्रट विषय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। यह बैठक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की। बैठक में मोहनलालगंज ब्लॉक के पदाधिकारी, जोन प्रभारी, पर्यवेक्षक, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी व उख्रइ-2 पदाधिकारी शामिल रहे।बैठक में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, जिला महासचिव शब्बीर खान, श्रवण यादव, राज किशोर रावत (राजू), नवनीत सिंह यादव, अशर्फी लाल धीमान, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, विजय सिद्धार्थ, मधुकर सिंह यादव, गजराज रावत, मो. रईस, सभासद राजू कुरैशी, गुड्डू यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, दिलीप यादव, संजय यादव, सनी यादव, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया तथा विशाल भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरण हुआ

# धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । सरोजनीनगर क्षेत्र के बनी गांव में सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री रेतेश्वर महादेव धाम में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही उत्साह, भक्ति और धूमधाम से मनाया गया। रविवार, 15 फरवरी 2026 को आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया तथा विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण हुआ।वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शिवशंकर सिंह शंकर द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में रुद्राभिषेक के साथ-साथ विशाल भंडारे का विशेष आयोजन किया गया। रात्रि में शिव जागरण हुआ, जिसमें मनमोहक झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की, जिनमें शामिल थे प्रांत प्रचारक कौशल , सांसद मिश्रिख अशोक रावत, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री/सांसद कौशल किशोर, पूर्व विधायक बिल्हौर कमलेश दिवाकर, पूर्व सदस्य विधान परिषद प्रदीप सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा लखनऊ विजय मौर्य, सभापति जिला सहकारी बैंक लखनऊ वीरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष शुक्ला, पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री गंगा राम अंबेडकर, पूर्व पुलिस महानिदेशक सतर्कता बी पी सिंह, चेयरमैन मोहनलाल गंज सत्यम पांडेय, ब्लॉक प्रमुख सरोजनी नगर सुनील रावत, ब्लॉक प्रमुख बांगरमऊ अर्जुन दिवाकर, पूर्व विधायक राधे लाल रावत, जिला प्रचारक कोमल जी, चेयरमैन नगर पंचायत बंथरा रंजीत रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मलिहाबाद अनिल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सेवक लाल रावत, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद कमलेश सिंह, पार्षद राम नरेश रावत, पार्षद मनोज रावत, पार्षद गीता देवी, पार्षद संजीव अवस्थी, पार्षद हिमांशु अंबेडकर, पार्षद सुनील रावत, मंडल अध्यक्ष सरोजनी नगर विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष दक्षिण प्रथम के के श्रीवास्तव, विनय दीक्षित, रामशंकर सिंह मतोले, प्रधान बनी रमेश गुप्ता समेत अन्य लोगा मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (अवध) के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



दुबग्गा, लखनऊ । भारतीय किसान यूनियन (अवध) संगठन के उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय का भव्य उद्घाटन सोमवार को छंदुइयां मोड़, दुबग्गा, लखनऊ में संपन्न हुआ।

कार्यालय का उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हलीम के संयुक्त कर-कमलों द्वारा किया गया।उद्घाटन समारोह में संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय किसान नेता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री राजाराम लोदी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अतीक, युवा जिला अध्यक्ष कल रावत राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद दाऊद, मंडल महामंत्री अमर सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष बीकेटी रविंद्र कुमार चौहान एवं नेता कैफ सिद्दीकी वा जिला पंचायत सदस्य निहाल अहमद सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में किसान साथी मौजूद रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने किसानों की एकजुटता अधिकारों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान अनेक किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी किसान बंधुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।कार्यक्रम उत्साह और एकता के वातावरण में संपन्न हुआ तथा संगठन पदाधिकारियों ने प्रदेश में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# पूर्व विधायक के जन्मदिन पर भव्य समारोह का आयोजन, लोगों ने किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । रविवार को पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी के जन्मदिन पर भव्य स्वागत किया गया। आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर लखनऊ के वरिष्ठ भाजपा नेता जो लगातार लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे जो भाजपा के तमाम पदों पर कार्य करते हुए पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने वाले पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी जो हर कार्यकर्ताओं के हर विषय पर ध्यान रखने वाले जिनकी एक आवाज पर सभी कार्यकर्ता अनुशासित होकर सुरेश चंद तिवारी के लिए जन सैलाब का समूह बना देते हैं।

ऐसे वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश चंद तिवारी जी के जन्मदिन पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह पार्षद पीयूष दीवान पार्षद सुधीर मिश्रा उर्फ बबलू भाई पूर्व पार्षद पति अंकित मिश्रा नामित पार्षद अधिवक्ता सुभाष शुक्ला लखनऊ महानगर के महामंत्री योगेंद्र पटेल लखनऊ महानगर के सह मीडिया प्रभारी चन्द्रभूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह सामाजिक कार्यकर्ता श्याम त्रिपाठी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सी.पी. अवस्थी महामंत्री देवेंद्र शुक्ला ऐसे तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जनता के समूह के बीच भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चना कर बजरंगबली का पाठ संपन्न कर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ एवं बजरंगबली के आशीर्वाद से जयकारा लगाते हुए सुरेश चंद तिवारी दीर्घायु हो सुरेश चंद तिवारी जिंदाबाद के नारा लगाते हुए प्रभु इच्छा तक भंडारे का शुरूआत किया और उसके उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया ।

# मोहनलालगंज में होटल गार्ड की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

❒ होटल प्रबंधन व कर्मचारियों पर आरोप, तीन हिरासत में, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज। कस्बे के एक होटल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने होटल प्रबंधन और कर्मचारियों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और मैनेजर समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

फत्तेखेड़ा निवासी 40 वर्षीय हरिश्चंद्र उर्फ रिंकू यादव होटल में गार्ड की नौकरी करते थे। परिजनों के मुताबिक वह शनिवार शाम करीब सात बजे ड्यूटी पर गए थे। रात करीब दो बजे होटल कर्मियों ने मृतक के साले को फोन कर बताया कि रिंकू की तबीयत खराब है। सूचना पर परिवार के लोग होटल पहुंचे तो रिंकू होटल के बाहर पड़े मिले। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल तक होटल का कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं पहुंचा।

### अस्पताल पहुंचा देते तो बच सकती थी जान

परिवार का कहना है कि यदि समय पर उपचार मिलता तो शायद रिंकू की जान बच सकती थी। आरोप लगाया कि होटल कर्मियों ने उन्हें ठंड में बाहर छोड़ दिया, जो गंभीर लापरवाही है। परिजनों ने अनहोनी जताते हुए इस लापरवाही को भी हत्या की श्रेणी में मानते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।वही रविवार को देर शाम पीएम से शव आने के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया गया है।मोहनलालगंज पुलिस का कहना है पीएम रिपोर्ट मिलने पर उसका अध्ययन करके कार्यवाही की जायेगी।

### मिलनसार और मेहनती था रिंकू

ग्रामीणों के अनुसार रिंकू करीब एक साल से अधिक समय से होटल में काम कर रहे थे। वह अपने काम के प्रति जिम्मेदार थे और भीड़भाड़ के समय लगातार ड्यूटी करते थे। परिवार ने बताया कि होटल के व्यस्त दिनों में भी उन्होंने बिना छुट्टी लिए काम किया।

### होटल की कार्यशैली पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों ने होटल की गतिविधियों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि यहां बाहर से आने वाले लोग कमरे लेकर रुकते हैं और कई बार नशे में गार्ड से अभद्रता भी होती थी। शिकायत करने पर प्रबंधन गार्ड को ही चुप रहने को कहता था।

### नशे की बात पर भड़के ग्रामीण

अस्पताल में मौजूद लोगों के बीच जब किसी ने मृतक के नशा करने की बात उठाई तो ग्रामीणों ने कहा कि अगर ऐसी कोई बात थी भी, तो प्रबंधन ने अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिक विद्यालय के कमरों पर आंगनबाड़ी के बच्चों ने कर रखा है कब्ज़ा

❒ सकरन के मासूमों को नसीब नहीं हो पा रहा एक अदद आंगनबाड़ी केंद्र , ईमारत निर्माण के बाद भी सचिव नहीं लगा रहे भुगतान तो बच्चों को कैसे मिले भवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर। भारत के भविष्य मासूम बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए दृढ संकल्पित सरकार के बावजूद भी बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सकरन पूर्णतः भ्रष्टाचार में संलिप्त हो मासूम बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहा है। क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज तक आंगनबाड़ी भवन ही नहीं बन पाया है जिसके चलते मासूमों ने प्राथमिक विद्यालयों के कमरों पर कब्ज़ा जमा लिया है यही नहीं भवन न होने के चलते भोजन भी उसी स्कूल का भी खाते हैं जिसके पीछे आई सी डी एस की बड़ी साजिश प्रतीत हो रही है।विभाग से रकम जारी होने के उपरांत भी 90फीसदी निर्मित हो चुके भवन का पंचायत सचिव ने आज तक एक भी रुपया फर्म को नहीं दिए है जिसके चलते बच्चों को उनका केंद्र नहीं मिल पा रहा।केंद्र शाहपुर में निर्मित भवन का भुगतान न किए जाने से परेशान प्रधान सत्यनारायण मौर्या ने बताया कि पिछले सचिव का स्थानांतरण हो जाने पर उन्होंने सारा चार्ज तैनात किए गए सचिव अरुण वर्मा को दे दिया था अब सचिव अरुण वर्मा के द्वारा भुगतान न किए जाने से फर्म संचालक भी परेशान है और निर्माण कार्य भी अधर में लटका हुआ है अगर जल्द ही इसका भुगतान नहीं किया गया तो हम ग्रामवासियों को साथ लेकर बीडीओ डीपीओ, सीडीओ व डीएम से शिकायत करेंगे, सामग्री आपूर्ति करने वाली फर्म के संचालक ने बताया कि भुगतान करने के लिए पंचायत सचिव अतिरिक्त चार्ज पेमेंट करने कि बात करते हैं जोकि गैर कानूनी है इसलिए बिल नहीं दिए जा रहा।इसी तरीके से केंद्र अंदूपुर को आज तक एक अदद आंगनबाड़ी भवन नसीब नहीं हो पाया है आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि आज तक ग्राम प्रधान ने प्रस्ताव ही नहीं दिया है इसलिए हम प्राथमिक विद्यालय के कमरे में ही बच्चों को बैठाकर पढ़ाते हैं और बच्चे इसी विद्यालय का भोजन भी करते हैं। सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक आई सी डी एस पूर्णतः प्रधानों व पंचायत सचिवों के चलते सकरन में धराशायी हो गई है जिस पर क्षेत्र में तैनात विभागीय अधिकारियो की नजर ही नहीं पड़ रही है।अब सवाल ये उठता है कि केंद्र अंदुपुर व शाहपुर के बच्चे कब तक बेसिक शिक्षा के भवन व भोजन पर आश्रित रहेंगे और विभाग मौन बना बैठा रहेगा।

# पहाड़ापुर में श्री खाटू श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 16 से 20 फरवरी तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रेस वार्ता में आगामी 16 फरवरी से 20 फरवरी तक होने वाले श्री खाटू श्याम मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई

सीतापुर। विकास खण्ड पहला के ग्राम पंचायत खालगांव स्थित ग्राम पहाड़ापुर में आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी 16 फरवरी से 20 फरवरी तक होने वाले श्री खाटू श्याम मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। दो वर्षों की साधना से बना भव्य मंदिरमंदिर के मुख्य सेवक एवं अनन्य श्याम प्रेमी मोहित यादव ने बताया कि इस भव्य मंदिर का निर्माण उनके प्रयासों से कराया गया है, जिसे पूर्ण होने में लगभग दो वर्ष का समय लगा। यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।

## कार्यक्रम का विस्तृत विवरण

16 फरवरी – भव्य कलश यात्रा व प्रतिमा आगमन महोत्सव का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा से होगा। राजस्थान से विशेष रूप से निर्मित बाबा श्री खाटू श्याम, राधा-कृष्ण एवं सालासर बालाजी की प्रतिमाएं, जो वर्तमान में लखनऊ स्थित सीवा के छोटे खाटू श्याम मंदिर में विराजित हैं, भव्य काफिले के साथ पहाड़ापुर पहुंचेंगी। गाजे-बाजे, डीजे व आतिशबाजी के साथ चार पहिया वाहनों का काफिला प्रतिमाओं को मंदिर परिसर तक लाएगा।

## 17 से 19 फरवरी – प्राण प्रतिष्ठा पूजन

श्याम प्रेमी हिमांशु यादव ने बताया कि प्रतिमाओं के आगमन के बाद तीन दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजन-अनुष्ठान संपन्न होंगे।

## 20 फरवरी – मुख्य महोत्सव व नगर भ्रमण

अंतिम दिन भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। बाबा श्याम रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। दोपहर 2:00 बजे मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर उन्हें सिंहासन पर विराजमान किया जाएगा।संकीर्तन, सुरक्षा व्यवस्था व विशाल भंडारासमाजसेवी रंजीत यादव (रिशू) ने बताया कि करीब दो माह की तैयारी के बाद नगर भ्रमण, निशान यात्रा एवं विशाल संकीर्तन की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुति होगी। सुरक्षा के लिए महिला-पुरुष स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी। समापन अवसर पर लगभग 8,000 श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।आयोजक मंडल ने समस्त क्षेत्रवासियों व श्याम प्रेमियों से इस अलौकिक उत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।प्रेस वार्ता के दौरान चंद्रभाल यादव, राहुल यादव, रविराम तथा अंकुश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने किया गोदामों का लोकार्पण

❒ मोदी-योगी सरकार ने बदली देश और प्रदेश की तस्वीर- जेपीएस राठौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने रविवार को विकास खंड कंाट के मोहनपुर ममरेजपुर में 250 एमटी क्षमता के नवनिर्मित गोदाम का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने जनपद की अन्य समितियों के 100 एमटी क्षमता वाले नवनिर्मित गोदामों और जीर्णोद्धार किए गए दर्जनों गोदामों का भी उद्घाटन किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसानों और गरीबों के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 7500 समितियां थीं, जिनमें से पहले केवल 1400 ही सक्रिय थीं, लेकिन अब प्रत्येक समिति के जीर्णोद्धार और गोदामों की मरम्मत व निर्माण के लिए सरकार 10-10 लाख रुपये दे रही है। इसके अलावा, बिजली की समस्या को दूर करने के लिए प्रत्येक समिति पर 02 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभाग को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। कहा कि जब समितियों में व्यापार बढ़ेगा और गोदामों का उपयोग होगा, तो सीधे तौर पर किसानों को लाभ होगा और समितियों के सचिवों का वेतन भी समय पर निकल सकेगा। पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज योगी सरकार ने प्रदेश की दिशा और दशा दोनों बदल दी है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल की चर्चा होती है। उन्होंने बताया कि सरकार वृद्धावस्था और विधवा पेंशन को 01 हजार से बढ़ाकर 15 सौ करने जा रही है। कार्यक्रम के बाद सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी के खेती की बात खेत पर अभियान के तहत प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा के गंगानगर फार्म हाउस का दौरा किया और वहां काले आलू, हॉलैंड के आलू, गन्ने, मटर, सरसों और लहसुन की खेती का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सांसद अरुण सागर, एमएलसी सुधीर गुप्ता, ददरौल विधायक अरविंद सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री का 51 और 21 किलो की फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, संयुक्त आयुक्त सहकारिता वीर विक्रम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, अमित सिंह, श्रीदत्त शुक्ला, नमित दीक्षित, महेश पाल सिंह, बैंक सेक्रेटरी सौरभ द्विवेदी, सत्यपाल सिंह, शिवप्रकाश भदौरिया, एडीसीओ संजय सिंह, हरिकेश परमार, आनन्द श्रीवास्तव, एडीओ रजनीश त्रिपाठी, पार्षद रामबरन सिंह, अजय प्रताप सिंह, अभय सिंह, उपेंद्र सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## 6 किलो डोडा पोस्त के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना जलालाबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कसारी पेट्रोल पम्प से पहले कोला पुल की ओर जाने वाली सड़क से दाहिनी ओर नीचे जाने वाले कच्चे मार्ग से 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 06 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना कलान क्षेत्र के गांव चैरा बगरखेत निवासी अरविन्द सक्सेना पुत्र रामदयाल और थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र के गांव जरीयनपुर निवासी अखिलेश राठौर उर्फ नन्हे पुत्र सेवकराम हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अरविन्द सक्सेना ने बताया कि वो दोनों बेरोजगार हैं और डोडा पोस्त बेचकर अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। बताया कि इससे पहले वो वर्ष 2024 में थाना कलान में मादक पदार्थ की तस्करी में पकड़ा गया था और एनडीपीएस एक्ट में जेल भी जा चुका है। बताया कि बरामद डोडा पोस्त उसने 13 फरवरी की शाम को थाना मिर्ज़ापुर के गंगा चैराहा पर एक डीसीएम चालक से पांच हजार रुपए में खरीदा था और आज वो दोनों इसे अल्लाहगंज रोड पर स्थित होटल, ढाबों पर ट्रक चालकों को फुटकर में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों की स्मृति में काव्य गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में टाउनहाल स्थित शहीद उद्यान में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि मातृभूमि की रक्षा के हित, तुमने अपने प्राण गंवाए, पुलवामा हमले की पीड़ा अब तक भुला नहीं हम पाए। अजब तुम्हारी हिम्मत वीरो, गजब तुम्हारी है जांबाजी, तुमसे ही यह देश सुरक्षित, श्रद्धा से यह मन भर जाए। फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने सुनाया-जन-गण-मन में भागीदारी बनती है, राष्ट्रवाद की ही तैयारी बनती है, देश न टूटे भारत वीरों ध्यान रहे, अधिक तुम्हारी जिम्मेदारी बनती है। उपाध्यक्ष शायर इशरत सगीर ने कहा- दुश्मन तेरी औकात बता देंगे तुझे, हो जंग तो फिर धूल चटा देंगे तुझे। नापाक इरादों से तू बाज आ अपने, हम वो हैं जो मिट्टी में मिला देंगे तुझे। सचिव विकास सोनी ऋतुराज ने कहा- सरहदों पर हैं डटे जो, उन जवानों को नमन, देश पर जो मर मिटे है, उन शहीदों को नमन। आतिश मुरादाबादी ने सुनाया- हाय लौटा नहीं है सरहद से, बुझ गया है किसी के घर का चिराग। अभिषेक ठाकुर अधीर ने कहा- हंसते हंसते हम मर जाएंगे लेकिन, अमर तिरंगे की आजीवन शान रहे। इस दौरान अजय सक्सेना, अमित कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन व आभार ज्ञापन विकास शर्मा पारस ने किया।

## प्रेम, आशीर्वाद और साधना के संगम के बीच विवाह बंधन में बंधे तीन युगल

शाहजहांपुर। प्रेम, आशीर्वाद और अध्यात्म के संगम के बीच परिणय सूत्र बंधन का साक्षी बना रामचन्द्र मिशन आश्रम, जहां बसंत उत्सव में तीन विवाह पवित्र रीति से संपन्न हुए। रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल (दाजी) के सानिध्य और आशीर्वाद के साथ इन विवाह संस्कारों ने आध्यात्मिक गरिमा का अनुपम रूप धारण किया। प्रथम विवाह में रायबरेली के संदीप और अर्चना ने एक-दूसरे को वरमाला अर्पित कर प्रेम और विश्वास के सूत्र में बंधने की प्रतिज्ञा ली। दूल्हे द्वारा मंगलसूत्र धारण कराए जाने और मांग सिंदूर से अलंकृत होने के क्षण साक्षी बने उस पवित्र संकल्प के, जिसमें दो आत्माएं एक पथ पर अग्रसर होने को तत्पर हुई नवदम्पति ने पूज्य दाजी से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने वैवाहिक जीवन की शुभ शुरुआत की। दूसरा विवाह में हल्द्वानी की ब्रजनीलता और रुद्रपुर के गणेश ने वैदिक परंपराओं के साथ सात्विक भाव से परिणय सूत्र में बंधकर दाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# महाशिवरात्रि पर शिव बारात को लेकर खीरी कस्बे में पुलिस का रूट मार्च

❒ रविवार को सदर क्षेत्राधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। महाशिवरात्रि के पर्व पर कस्बा खीरी में परंपरागत मार्गों से निकलने वाली शिव बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। शिव बारात के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में रूट मार्च किया।

रविवार को सदर क्षेत्राधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने थाना प्रभारी निराला तिवारी के साथ कस्बा खीरी के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शिव बारात के निर्धारित परंपरागत मार्गों का बारीकी से परीक्षण किया गया और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिव बारात में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। रूट मार्च के दौरान बाजार, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई गई, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या अफवाह की स्थिति न बने। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शिव बारात के दौरान सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है तथा पीआरवी और मोबाइल टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। आमजन से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।रूट मार्च के दौरान कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई। पुलिस की मुस्तैदी से आमजन में भरोसा बना हुआ है और श्रद्धालु भी शांतिपूर्ण तरीके से शिव बारात में शामिल होने को लेकर उत्साहित दिखाई दिए।

# पलिया रेंज में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पालिया खीरी। जनपद के पलिया रेंज अंतर्गत राजा टापर गांव में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में रविवार को एक तेंदुआ कैद कर लिया गया। तेंदुए के पकड़े जाने से इलाके के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से आसपास के गांवों में उसकी सक्रियता से दहशत का माहौल बना हुआ था।बताया जा रहा है कि हाल ही में देवीपुर गांव में खेत में बैठे एक बालक पर तेंदुए के हमले की घटना सामने आई थी, जिसके बाद वन विभाग ने क्षेत्र में सघन सर्च अभियान शुरू कर दिया था। संभावित आवाजाही वाले स्थानों पर कई पिंजरे लगाए गए थे और लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में रविवार को राजा टापर गांव के पास लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के बीच तेंदुए को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय लाने की प्रक्रिया शुरू की गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया तेंदुआ वही है जिसने देवीपुर में बच्चे पर हमला किया था या कोई अन्य। अधिकारियों के अनुसार पगचिह्नों (फुटप्रिंट) का मिलान, कैमरा ट्रैप और अन्य तकनीकी जांच के बाद ही इसकी पुष्टि की जाएगी।पकड़े गए तेंदुए को पलिया रेंज कार्यालय लाया जा रहा है, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट आने और उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद उसे किसी सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़े जाने का निर्णय लिया जाएगा। एहतियात के तौर पर वन विभाग ने आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है और ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने तथा बच्चों पर विशेष नजर रखने की सलाह दी है।

## 108 नेत्र रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण 42 रोगियों का होगा आपरेशन




**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आर.जे.जे.एजुकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे सीतापुर आँख अस्पताल के सहयोग से हुआ 108 रोगियों का नेत्र परीक्षण और जांच के पश्चात 42 रोगियों को आपरेशन के लिये सीतापुर आँख अस्पताल भेजा गया।डा.शैलजा,डा.पूजा,शहनवाजअहमद,रोहित श्रीवास्तव,तुषार सिंह,माधव दीक्षित,शहनवाज हुसैन,मानसी सिहं,शिवाकी सिंह,मुकेश यादव ने अपनी टीम के साथ मरीजो का परीक्षण किया। विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल ने सभी नेत्र चिकित्सको व उनकी टीम के सहयोगियों व अस्पताल प्रबंधन को नेत्र शिविर आयोजित करने के लिये अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल,उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव शिक्षक शिक्षिकाओ सहित समस्त स्टाफ के सदस्य उपलब्ध रहे।

## छोटी काशी में पूरी रात कैम्प कर एसपी ख्याति गर्ग ने लिया सुरक्षा का जायजा



**लखीमपुर खीरी ,कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जनपद पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग ने स्वयं पूरी रात गोला में कैम्प कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली और मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की।महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या से ही एसपी खीरी ने मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों और कस्बे के संवेदनशील स्थानों का लगातार निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर सहित पूरे कस्बे के चप्पे–चप्पे का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर व प्रमुख चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया गया और कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आने–जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग कर उन्हें भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, लापता बच्चों की सहायता तथा आपात स्थिति से निपटने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।एसपी खीरी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस, पीएसी और यातायात कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के समय अमित राय (अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी), क्षेत्राधिकारी गोला सहित सभी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था का लगातार जायजा लिया और त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।पूरे कस्बे में पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते श्रद्धालुओं ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त तैयारियों के बीच छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के प्रयास जारी हैं।

## लेनदेन विवाद बना हिंसा की वजह: कुकरा में मारपीट, पुलिस ने दबोचे

**मैलानी, खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा अंतर्गत भारत मैरिज लॉन में 13 फरवरी को हुई मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शनिवार को तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार, शामली जिले के कैराना निवासी कपड़ा व्यापारी मोहम्मद तालिब अपने साथियों कासिम, अदनान, इंतजार, इसरार आदि के साथ भारत मैरिज लॉन परिसर में अस्थायी दुकान लगाकर गर्म कपड़ों की बिक्री कर रहे थे। 13 फरवरी की शाम करीब पौने चार बजे खरीददारी और पैसों के लेनदेन को लेकर स्थानीय लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी–डंडों, सरिया और अन्य औजारों के साथ मैरिज हॉल में घुस आए और दुकानदारों पर हमला कर दिया। घटना के दौरान अफरा–तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए।मारपीट में घायल कासिम, मोहम्मद तालिब और इसरार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर किया गया।

# जमीनी विवाद में चाचा की गोली मारकर हत्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर भतीजों ने अपने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारोपी भतीजों की तलाश में हैं।जानकारी के अनुसार, थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव खमरिया निवासी 50 वर्षीय वीरेश का अपने भाईयों से जमीनी विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार को महा शिवरात्रि के चलते वीरेश गांव के रामरहीस, सुरजीत और प्रशांत के साथ जैतीपुर के गांव गोगेपुर स्थित मंदिर में जलाभिषेक करने कार से जा रहे थे। इसी दौरान खमरिया गांव के बाहर उनकी कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद कार सवारों ने सभी के साथ मारपीट की, यहीं नहीं, कार सवारों ने वीरेश के मुंह पर तमंचा रखकर गोली चला दी। जिससे वीरेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मारपीट में रामरहीस, सुरजीत और प्रशांत घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंचे एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारोपियों की तलाश में हैं।

# महाशिवरात्रि पर मेंढक मंदिर पहुंचे एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के प्रसिद्ध प्राचीन मेंढक मंदिर, ओयल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पर्व के अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।रविवार को महाशिवरात्रि पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह प्राचीन मेंढक मंदिर पहुंचे। अधिकारियों ने भगवान शिव के दर्शन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और मंदिर परिसर व आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पंचायत ओयल के कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे और साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया।श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ओयल चौकी प्रभारी पटेल राठी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश और निकास मार्गों पर मुस्तैदी से ड्यूटी कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित दर्शन कराने में सहयोग किया।अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भीड़ के दौरान सतर्कता बरती जाए। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से दर्शन किए। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा तथा प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की गई।

# एमएसएमई को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट पैदा करेगा रोजगार के लाखों अवसर

**❐ 96 लाख इकाइयों को मजबूती, तीन करोड़ परिवारों की आजीविका को मिलेगा स्थायित्व**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी माने जाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बजट 2026-27 में जिस प्राथमिकता के साथ रखा गया है, वह आने वाले वर्षों की औद्योगिक तस्वीर को बदलने का संकेत देता है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो करीब तीन करोड़ परिवारों की आजीविका का आधार हैं। इस बजट में 3,822 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बीते साल की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि केवल बजटीय विस्तार ही नहीं बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।प्रदेश सरकार एमएसएमई को अनुदान आधारित व्यवस्था से आगे बढ़ाकर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर प्रतिवर्ष एक लाख नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पांच वर्षों में पांच लाख से अधिक नई इकाइयां खड़ी हो सकती हैं जिनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रोजगार सृजित होने का अनुमान है। बैंक ऋण और सरकारी प्रोत्साहन के संयोजन से निवेश का मल्टीप्लायर इफ़ेक्ट्स (गुणक) कई गुना बढ़ सकता है।एमएसएमई क्षेत्र की सबसे बड़ी बाधा ऋण हासिल करना है। छोटे उद्यमियों के पास पर्याप्त जमानत (कोलैटरल) न होने से वे औपचारिक बैंकिंग तंत्र से दूर रह जाते हैं। बजट में ऋण गारंटी तंत्र को सुदृढ़ करने और बैंकों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इससे बड़ी जमानत के बिना ऋण लेने की राह आसान होगी। इसका सीधा असर यह होगा कि बड़ी संख्या में इकाइयां असंगठित क्षेत्र से निकलकर औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगी जिससे कर संग्रह, पारदर्शिता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को भी बजट में बल मिला है। सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए 575 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। समूह आधारित औद्योगिक क्षेत्रों में साझा मशीनरी, परीक्षण प्रयोगशालाएं और सामान्य सुविधाएं उपलब्ध होने से उत्पादन लागत घटेगी और गुणवत्ता में सुधार होगा। इससे छोटे उद्यम बड़े बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनेंगे। ओडीओसी के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की रणनीति को मजबूती देती है।मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय स्वयं उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यदि प्रत्येक नया उद्यम औसतन पांच से 10 लोगों को रोजगार देता है तो केवल इस योजना से ही हजारों युवाओं के लिए अवसर बन सकते हैं। यह ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि को नई गति देगा।प्रत्यक्ष प्रावधानों के अलावा बजट में आधारभूत संरचना पर निरंतर निवेश भी एमएसएमई के लिए अप्रत्यक्ष समर्थन है। एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक गलियारे और बेहतर विद्युत आपूर्ति से उत्पादन लागत घटती है और समयबद्ध आपूर्ति संभव होती है। परिवहन और लॉजिस्टिक सुविधा बेहतर होने से छोटे उद्योग भी निर्यात बाजार की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। व्यापार सुगमता सुधार, एकल खिड़की प्रणाली और ऑनलाइन स्वीकृति व्यवस्था निवेशकों के भरोसे को मजबूत कर रही है।आज जब 96 लाख इकाइयां तीन करोड़ परिवारों की आजीविका का आधार हैं, तब लक्ष्य केवल संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने का है। बजट 2026-27 इस दिशा में बहुस्तरीय हस्तक्षेप का संकेत देता है। इससे आने वाले वर्षों में प्रदेश का एमएसएमई क्षेत्र न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि रोजगार सृजन का सबसे बड़ा इंजन भी साबित होगा।

# किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उन्नत फेफड़ा प्रत्यारोपण यूनिट की स्थापना की दिशा में अग्रसर : प्रो. सोनिया

**❐ फ़ेफड़ों के कैंसर में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की भूमिका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, इंडियन चेस्ट सोसाइटी और पल्मोक्रिट फाउंडेशन के तत्वावधान में 14-15 फरवरी को शताब्दी अस्पताल केजीएमयू, लखनऊ में एडवांस्ड इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर सोनिया नित्यानंद ने किया। उन्होंने कहा कि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है; आने वाले दिनों में यहां उन्नत फ़ेफड़ा प्रत्यारोपण यूनिट की स्थापना की जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है।एपीकान 2026 को लाइव प्रदर्शनों, विशेषज्ञ व्याख्यानों और व्यावहारिक कौशल विकास कार्यशालाओं के माध्यम से वायुमार्ग और फ़ेफड़े सम्बंधी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रमुख शैक्षणिक मंच के रूप में प्रदर्शित किया गया है। यह सम्मेलन इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, थोरेसिक ऑन्कोलॉजी और एडवांस्ड रेस्पिरेटरी क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित विशेषज्ञों को एक साथ लाया, जिससे श्वसन चिकित्सा में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में केजीएमयू की स्थिति और मजबूत होगी। इस कार्यक्रम में भारत और विदेश के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों का एक प्रतिष्ठित पैनल भाग लिया। प्रख्यात वक्ताओं में डॉ. आशुतोष सचदेवा (अमेरिका) शामिल हैं, जो उन्नत वायुमार्ग और रिजिड ब्रोंकोस्कोपी में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ हैं।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, पद्श्री पुरस्कार से सम्मानित और केजीएमयू के पूर्व कुलपति प्रो. रवि कांत तथा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और पीजीआई चंडीगढ़ के मानद प्रो. दिगंबर बेहरा विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। समारोह में कई विशिष्ट जनों में एपीकान 2026 के वैज्ञानिक अध्यक्ष और एसजीपीजीआई, लखनऊ के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. आलोक नाथ, हैदराबाद के प्रख्यात इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट प्रो. सुभाकर कांडी और डॉ. आशुतोष सचदेवा (यूएसए), जो इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित विशेषज्ञ हैं, साथ ही अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रतीक दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और एपीकान 2026 के आयोजन अध्यक्ष प्रोफ़ेसर राजेंद्र प्रसाद ने दिया। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण तीन महत्वपूर्ण अकादमिक प्रकाशनों का विमोचन था। एटलस ऑफ फाइबरऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी का द्वितीय संस्करण, मैलिग्नेंट प्लूरल इफ्यूजन और लंग ट्रांसप्लांटेशनः प्रिंसिपल्स, प्रैक्टिस एंड फ्यूचर डायरेक्शंस, जो श्वसन चिकित्सा के क्षेत्र में विभाग के अकादमिक नेतृत्व और योगदान को दर्शाते हैं। कुलपति ने अपने संबोधन मे कहा कि के0जी0एम0यू में उन्नत श्वसन देखभाल सेवाओं को मजबूत करने और चिकित्सा शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश में नकली बीजों पर लगेगी नकेल गुणवत्ता का पूरा ब्यौरा देगा साथी पोर्टल

**बीज उत्पादक व विक्रेता अप्रैल से साथी पोर्टल के माध्यम से करें व्यवसाय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डबल इंजन सरकार किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बीज वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाइयों से अनुरोध किया है कि अप्रैल से साथी पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी अपडेट करें।

बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया साथी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से ट्रैक की जाएगी। यह प्रक्रिया बीज की मिलावट रोकने, नकली बीजों पर अंकुश लगाने और किसानों को सही गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी।केंद्र व महाराष्ट्र सरकार की टीम ने दिया प्रशिक्षणउत्तर प्रदेश में कृषि विभाग ने इसके लिए व्यापक प्रशिक्षण अभियान भी चलाया। कृषि निदेशालय में चले प्रशिक्षण में केंद्रीय टीम व महाराष्ट्र कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने किया। डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सीड) भारत सरकार, अर्चना व अविनाश विजय कुमार पेडगांवकर, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एन.आई.सी, निलाद्रि बिहारी मोहंती संयुक्त निदेशक व उनकी टीम के सदस्य कोमित व सुदीप ने प्रशिक्षण प्रदान किया। महाराष्ट्र की उप निदेशक (कृषि) डॉ. प्रीति सवाईराम ने उनके राज्य में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी बताई।

उन्होंने इसके विभिन्न चरणों, कार्यों व किसानों को होने वाले लाभ की भी जानकारी दी।हर जनपद से आए तीन-तीन व्यवसायी, लौटकर देंगे ट्रेनिंगअपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) और बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर बनाया जा रहा है। अब ये प्रशिक्षक जनपद स्तर पर थोक व फुटकर विक्रेताओं को प्रशिक्षित करेंगे जिससे नई प्रणाली का सही ढंग से संचालन हो सकेगा। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे स्थानीय स्तर पर सभी विक्रेताओं और उत्पादकों को नई प्रक्रिया में प्रशिक्षित करें ताकि अप्रैल से यह व्यवस्था पूरी तरह लागू की जा सके। लगभग 70 प्रतिशत विक्रेता पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। शेष 30 फीसदी विक्रेता भी 15 दिन के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण करा लें। किसी भी समस्या पर स्थानीय जिला कृषि अधिकारी से भी निराकरण करा सकते हैं।बीज से जुड़ी सारी जानकारी देगा साथी पोर्टलसाथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विकसित किया है। इसका उद्देश्य बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण की गुणवत्ता में पारदर्शिता लाना और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से बीज के उत्पादन से लेकर किसान तक पहुंचने तक की पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सकता है। बीज पैकेट पर लगे टैग के क्यूआर कोड को स्कैन करके किसान बीज के स्रोत, बीज का उत्पादन करने वाली एजेंसी/फर्म, उसके प्रमाणीकरण की पूरी जानकारी एवं उसकी गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं।

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं विकास नगर कॉलोनी के लोग

**❐ भाजपा से यहां मंत्री गुलाब देवी है और उनकी बेटी सुगंधा सिंह ब्लाक प्रमुख है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। ब्लाक बनिया खेड़ा चंदौसी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं विकास नगर कॉलोनी के लोग, नेता अपने भाषण के दौरान नगर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से अक्सर वायदा करती आई हैं। वहीं राज्य सरकार केंद्र सरकार ही नहीं राज्य की सरकारें भी बड़े स्तर पर प्रयास करने में जुटी हुई हैं। लेकिन, जिले का एक क्षेत्र चंदौसी नगर में विकास नगर ऐसा भी है जहां इस अभियान का कोई असर नहीं हुआ।

इस क्षेत्र में रहने वाले लोग आज भी गंदगी के माहौल में रह रहे हैं। यहां रहने वाला हर कोई गंदे पानी से गुजरने को मजबूर है। यहां के लोगों को मिलने वाला पानी भी साफ नहीं है।जी हां हम बात कर रहे हैं जिला संभल के चंदौसी जहां मंत्री गुलाब देवी विधायक और उनकी बेटी सुगंधा सिंह ब्लाक प्रमुख है भाजपा से हैं। आवास विकास कॉलोनी ब्लाक बनिया खेड़ा में जलभराव के कारण नरकीय जीवन जीना वाकई बहुत कष्टदायक है। ब्लॉक प्रमुख सुगंध सिंह को शिकायती पत्र दिया और कहा है कि गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है। इतना ही नहीं नालियों की नियमित सफाई न होने और सही निकासी न होने के कारण भी गंदा पानी सड़कों पर आ गया है। मच्छर पनपने से जीना दूभर हो गया है। पक्की सड़क भी कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी कई बार संबंधित जिम्मेदार लोगों से शिकायत की गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। कॉलोनी वासियों का कहना है कि यही हाल और दो गलियों का का बना हुआ है।सड़के ठीक न होने के कारण भी उन्हें आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायती पत्र देने वालों में कौशल कुमार,नीरज शर्मा, रविंद्र पाल,दानवीर सिंह, आर पी सिंह, दिनेश कुमार, अनिल वर्मा, संदीप कुमार, जय शंकर सत्यवीर, आदि लोग शामिल रहे।

## गोवंश आश्रय स्थल में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पर्व के शुभ अवसर पर सरकार की मंशा अनुरूप व निदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद संभल की सभी अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत साफ सफाई का उचित प्रबंध था गोवंश को रोली,टीका लगाकर तथा माला पहनाकर पूजा की गई साथ ही साथ हरा चारा, चोकर गुड भी खिलाया गया मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी संभल डॉ शैलेंद्र सिंह द्वारा कैला देवी अस्थाई गौ आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष में आज गायों के साथ–साथ नंदी की भी रोली लगाकर व साथ ही साथ गुड़ खिलाकर पूजा अर्चना की गई इसी क्रम में जनपद की सभी गौशालाओं में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी /पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा सभी गौशाला में गोवंश का पूजन किया गया व साथ ही साथ हरा चारा, चोकर भी खिलाया गया।

## भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और शहर के विकास को प्राथमिकता सर्वोपरि

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के वोटरों की क्या गलती जो सभासद को भी चुना, और अध्यक्ष को भी। नगर पालिका का अधिकारी विकास कार्य नहीं होने दे रहा, नगर पालिका चेयरमैन (अध्यक्ष) नगर में जनसुविधाएं प्रदान करना, विकास परियोजनाओं का नेतृत्व करना और नगरपालिका प्रशासन की देखरेख करना है। वे निर्वाचित होकर शहर की स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट, और जन्म–मृत्यु पंजीकरण जैसी आवश्यक सेवाओं को सुनिश्चित करते हैं, साथ ही बजट पारित करने और विकास योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाते हैं। लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करें। जनता के सामने पारदर्शित रखते हुए कमीशन खोरी की पोल खोलते हुए। नगर पालिका चेयरमैन या नगर पालिका प्रशासन द्वारा सुनवाई न होने पर आप चरणबद्ध तरीके से कानूनी और प्रशासनिक कार्यवाही कर सकते हैं।

## डीएम ने प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा विकास खंड बहजोई के ग्राम सादातवाड़ी में स्थित प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव जी मंदिर पहुँच कर व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा कावडियों तथा श्रद्धालुओं के ऊपर हाथों से पुष्प वर्षा की तथा ड्रोन के माध्यम से भी पुष्प वर्षा की गयी तथा श्रद्धालुओं ने भी अभिभूत होकर हर हर महादेव के जयकारे लगाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के पर्व के शुभ अवसर पर सरकार की मंशा अनुरूप व निदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद संभल की सभी अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत साफ सफाई का उचित प्रबंध था गोवंश को रोली,टीका लगाकर तथा माला पहनाकर पूजा की गई साथ ही साथ हरा चारा, चोकर गुड भी खिलाया गया मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी संभल डॉ शैलेंद्र सिंह द्वारा कैला देवी अस्थाई गौ आश्रय स्थल में महाशिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष में आज गायों के साथ–साथ नंदी की भी रोली लगाकर व साथ ही साथ गुड़ खिलाकर पूजा अर्चना की गई इसी क्रम में जनपद की सभी गौशालाओं में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी /पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन प्रसार अधिकारी द्वारा सभी गौशाला में गोवंश का पूजन किया गया व साथ ही साथ हरा चारा, चोकर भी खिलाया गया।

## सुरक्षा और प्रशासन की प्रतिबद्धताः फूल बरसाना

**सम्भल,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रशासन द्वारा कांवर यात्रा की पवित्रता को बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक संकेत दिया डीएम एसपी ने। कांवरियों पर फूल बरसा कर उनकी भक्ति का सम्मान किया, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी सम्भल राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर थाना बहजोई क्षेत्रान्तर्गत श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर सादातबाडी पर कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर श्रद्धालुओं व कांवडियो पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बहजोई व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

## बिसवां में महाशिवरात्रि पर शाही पालकी यात्रा, भक्तिमय माहौल



**बिसवां,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही उल्लास व भक्तमय के रूप में मनाया गया। पत्थर शिवाला मंदिर ,खम्बेश्वर मंदिर, दुर्गेश्वर नाथ मंदिर सहित भोलेनाथ के मंदिरों पर भक्तो की भीड़ रही।सुबह से ही भक्तो का दर्शन के लिए तांता लगा रहा।पत्थर शिवाला मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। मुख्य कार्यक्रम भगवान भोलेनाथ की शाही पालकी यात्रा रही जो पत्थर शिवाला से प्रारम्भ हुई और नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई पत्थर शिवाला मंदिर पर समापन हुआ।पालकी यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान भोलेनाथ, नंदी,माता पार्वती, गणेश भगवान की सजीव झाकिया रही।देर रात तक भजन संध्या व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा।आयोजन को भव्य बनाने में शिव शक्ति सेवा समिति के सेवादारों ने सहयोग प्रदान किया।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ अमन सिंह व प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## मुद्रा लोन योजना में करोड़ों की ठगी का मास्टरमाइंड आमिर गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को मुद्रा लोन योजना के तहत कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है।एसटीएफ और साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को लखनऊ के मडियांव थाना क्षेत्र स्थित आईआईएम रोड के पास सहारा होम्स के निकट से अभियुक्त आमिर अहसन (31) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मऊ का रहने वाला है और बीए तथा ड्राफ्टमैन डिप्लोमा धारक है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, तीन डेबिट/क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चार लग्जरी चार पहिया वाहन (दो इनोवा क्रिस्टा, एक एक्सयूवी–500 और एक सियाज) तथा 730 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।एसटीएफ को प्राप्त शिकायत के अनुसार गिरोह बैंक कर्मियों की मिलीभगत से लोगों के आधार और पैन कार्ड में फोटो एडिट कर फर्जी कंपनियों के नाम पर मुद्रा लोन स्वीकृत कराता था। पीड़ितों से बहाने से दस्तावेज और हस्ताक्षर कराकर उनके नाम पर लोन निकाल लिया जाता था, जबकि उन्हें इसकी जानकारी भी नहीं होती थी।

# मिश्रिख में 84 कोसीय परिक्रमा की तैयारियों को लेकर दधीचि कुंड का प्रशासनिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मिश्रिख क्षेत्र में आगामी 84 कोसीय परिक्रमा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज मिश्रिख स्थित प्रसिद्ध दधीचि कुंड का निरीक्षण डॉ. राजा गणपति आर एवं अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने तीर्थ परिसर के चारों ओर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग जिलाधिकारी से की। इस पर जिलाधिकारी ने पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।पुजारी राहुल शर्मा द्वारा दाधिचेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन भी कराया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद मिश्रिख एसडीएम व लेखपाल को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीर्थ परिसर से शीघ्र अवैध कब्जे हटाए जाएं, ताकि परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर मिश्रिख के एसडीएम, सीओ, कोतवाली प्रभारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन का कहना है कि परिक्रमा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# जल भराव की समस्या को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। लगभग 15 दिन से सीकरी गेट में नाला निर्माण होने की वजह से सीकरी गेट में सड़क पर पानी के जल भराव की वजह से व्यापारियों व आम जनता का जीना दुश्वार हुआ हफ्ते भर से कोई भी व्यापारी ने पानी के जल भराव की वजह से दुकान नहीं खोली जिससे रोजी-रोटी का संकट आ गया था इसको लेकर आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सीकरी गेट पर धरना प्रदर्शन कर ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की धरने पर मौजूद युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कई बार मौखिक और लिखित रूप से पालिका के अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया की व्यापारियों की लगभग 50 दुकान जल भराव की वजह से 12 दिन से बंद है व्यापार चौपट हो गया पानी के निकासी की व्यवस्था की जाए युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा इस रोड पर चार से पांच स्कूल हैं जिसमें तकरीबन 2000 बच्चे पढ़ते हैं जल भराव की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे जबकि परीक्षाएं नजदीक हैं इसके अलावा पानी के जल भराव की वजह से लोगों के घरों और दुकानों में पानी जा रहा है मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अधिशासी अधिकारी को धरना स्थल पर बुलाकर शीघ्र ही पानी के निकासी की व्यवस्था करने को कहा और ठेकेदार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ठेकेदार को नगर पालिका की ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे धरना स्थल पर युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय असीम अगरवाल पंकज अग्रवाल विकास बंसल मोहम्मद इरफान जुबेर कुरेशी डॉ मोहनलाल पाल उमेर शमसी फहीम शमसी मोहित सक्सेना सोनू बल्ली प्यारे शमसी आबाद कुरैशी अमन कुरेशी

# सोशल मीडिया से जुड़ा दिलों का रिश्ता,लड़के के पास पहुंची विवाहिता को लेकर व्याप्त असमंजस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। ऑनलाइन गेमिंग के जरिए शुरू हुई बातचीत एक शादीशुदा महिला के लिए जीवन का बड़ा फैसला बन गई। मध्यप्रदेश की रहने वाली एक महिला अपने पति का घर छोड़कर निघासन क्षेत्र के एक युवक के पास पहुंच गई। इस घटनाक्रम से दोनों परिवारों में हलचल मची हुई है।

जानकारी के अनुसार थाना निघासन क्षेत्र के गांव झौवापुरवा निवासी एक किशोर का संबंध फ्री फायर गेम खेलने के दौरान मध्यप्रदेश के जनपद जबलपुर के गांव भेड़ा की निवासी एक महिला से हुआ। गेम खेलते समय दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जो बाद में इंस्टाग्राम के जरिए नियमित संपर्क में बदल गई। धीरे-धीरे यह बातचीत प्रेम संबंध में बदल गई।विवाहिता ने बताया कि उसका विवाह करीब आठ माह पूर्व हुआ था, लेकिन वैवाहिक जीवन सुखद नहीं था। उसने अपने पति पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाया है। इसी दौरान उसकी ऑनलाइन पहचान झौवापुरवा निवासी युवक से हुई और दोनों के बीच निकटता बढ़ती चली गई।महिला के अनुसार, वह तीन फरवरी को मध्यप्रदेश से निकली और चार फरवरी को लखनऊ पहुंची। वहां से बस द्वारा लखीमपुर खीरी होते हुए निघासन क्षेत्र के गांव झौवापुरवा पहुंची। इस दौरान वह लगातार युवक के संपर्क में रही। गांव पहुंचने के बाद वह पहले दो दिन युवक के रिश्तेदार के घर रही, फिर कुछ दिन खेतों में रहने की बात सामने आई। पिछले कुछ दिनों से वह युवक के घर पर ही रह रही है।बताया जा रहा है कि महिला के मायके पक्ष ने उसे वापस अपनाने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि जब वह अपनी मर्जी से गई है तो वहीं अपना जीवन आगे बढ़ाए।युवक के परिवार में भी इस घटना को लेकर असमंजस और चर्चा का माहौल बना हुआ है।मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है।

## योगी सरकार के प्रयासों से संचारी रोग नियंत्रण में ऐतिहासिक सफलता, मृत्यु दर में भारी कमी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डेंगू, मलेरिया और एईएस/जेई जैसे गंभीर रोगों की निगरानी, जांच और उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सरकार ने मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की है। इसमें डिजिटल सर्विलांस, प्रयोगशालाओं के विस्तार और त्वरित उपचार सुविधाओं ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।रविवार को स्वास्थ्य सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में एकीकृत डिजिटल सर्विलांस पोर्टल (आईडीएसपी) के माध्यम से रोगों की निगरानी को मजबूत किया गया है। इस पोर्टल पर 34,334 प्रयोगशालाएं पंजीकृत हैं, जिनमें 31,885 सरकारी और 2,439 निजी लैब शामिल हैं। इन प्रयोगशालाओं में 16 संक्रामक और छह वैक्सीन से बचाव योग्य रोगों की नियमित जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जहां केवल 36 डेंगू जांच प्रयोगशालाएं थीं, वहीं वर्ष 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 89 हो गई, जिससे प्रदेश के सभी जिलों में जांच सुविधा उपलब्ध हो गई है।

# छात्र पंचायत का अनोखा प्रदर्शन, बिसुही पुल

## निर्माण क़ेलिए सीएम योगी का जलाभिषेक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले क़ेमेंहनौन विधानसभाक्षेत्र में जर्जर विसुही पुल के निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्री य छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने महाशिवरा त्रि पर एक अनोखा प्रदर्शन किया है।संगठन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अप ना भगवान मानकर उनकी तस्वीर पर वैदिक मं त्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया और पुल के शीघ्र निर्माण की कामना की है।यह प्रदर्शन पि छले आठ दिनों से लगातर जारी है। नौवें दिन राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय के नेतृत्व में यह विशेष आयोजन किया गया।शिवम पांडेय ने चौबीस घंटे का निर्जल व्र त भी रखा और एक पंडित को बुलाकर पीले वस्त्र धारण कर घंटों रुद्राभिषेक किया।शिवम पांडेय ने बताया कि उन्होंने यह व्रत पुल निर्मा ण के लिए रखा है।उन्होंने कहा कि महाशिव रात्रि के अवसर पर जहां अन्य लोग एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग बाबा पृथ्वीनाथ पर जला भिषेक करने जा रहे हैं, वहीं वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना भगवान मानकर उन

पर जलाभिषेक कर रहे हैं।शिवम पांडेय ने स्प ष्ट किया कि उनकी इच्छा और



मनोकामना केव ल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही पूरी कर सकते हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द इस जर्जर विसुही पुल का निर्माण कर वाने की अपील की है।वही करुआपारा निवासी सतीश मिश्रा ने बताया कि हमारे कार्यक्रम का आज नौवां दिन है और अभी तक हमने अलग-अलग तरीके से प्रशासन को यह संदेश भेजा है कि यह पुल बनना बहुत ही आवश्यक है,लेकिन प्रशासन के द्वारा चुप्पी संधाने से यह हमें संदेश प्राप्त होता है कि हमें अब प्रदर्शन अपना कहीं ना कहीं उग्र करना पड़ेगा।वही अगर जल्द हमा री मांगे नहीं मानी गई तो फिर हम लोग युवा हैं और युवाओं ने जो-जो चाहा है वह करके दि खाया है।ये तो गोंडा प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे इस अवसर पर शुभम तिवारी, भूपेंद्र तिवारी,दीनानाथ वर्मा, रोहन पाण्डेय,वि काश द्विवेदी,शहजाद,फैजल,परिंस तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।वही करुआपारा गाँव निवा सी सतीश मिश्रा ने बताया कि हमारे इस कार्य क्रम का नौवां दिन है और अभी तक हमने अल ग-अलग तरीके से प्रशासन को यह संदेश भेजा है कि यह पुल बनना बहुत ही आवश्यक है। ले किन प्रशासन के द्वारा चुप्पी संधाने से यह हमें संदेश प्राप्त होता है कि हमें अब प्रदर्शन अपना कहीं ना कहीं उग्र करना पड़ेगा। तो अगर जल्द हमारी मांगे नहीं मानी गई तो फिर हम लोग यु वा हैं और युवाओं ने जो- जो चाहा है वह करके दिखाया है।तो गोंडा प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे इस अवसर पर शुभम तिवारी, भूपेंद्र तिवारी,दीनानाथ वर्मा,रोहन पाण्डेय, वि काश द्विवेदी,शहजाद,फैजल,परिंस तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूजीसी ने बढ़ाई बीजेपी की चिंता ! सवर्णों की नाराजगी 2027 चुनाव में क्या पड़ेगा भारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । उत्तर प्रदेश में भाजपा पिछले कुछ समय से हिंदू वोटरों को धर्म के नाम पर एक करने की कोशिश कर रही थी।मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ ने नारा दिया कि बंटेंगे तो कटेंगे,एक रहें गे तो सेफ रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक रहेंगे तो नेक रहेंगे''। पार्टी का मकसद था कि जाति से ऊपर उठकर हिंदू वोट बैंक म जबूत हो।लेकिन अब ये रणनीति को बड़ा झट का लगा है।

**बीजेपी की बढ़ी मुश्किल**

केंद्र सरकार के यूजीसी ने 2026 में नए नियम जारी किए,जिनमें उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के लिए,एससीएसटी और ओबीसी को सुरक्षा दी गई। इन नियमों में फर्जी शिकायतों पर सजा का प्रावधान नहीं था, जिससे सामान्य वर्ग (अगड़े) के लोग नाराज हो गए है । वे इसे ''रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन'' कह रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों पर रोक लगा दी, लेकिन नुकसान हो चुका है। अब हिंदू वोट बैंक फिर से जातियों में बंट रहा है।

**बीजेपी का कोर वोटर नाराज**

राजनीतिक जानकार कहते हैं कि भाजपा का मजबूत आधार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ और भूमिहार समाज है। ये कोर वोटर हैं, जिन पर भारतीय जनता पार्टी की नींव टिकी है,लेकि न यूजीसी क़े नियमों ने इन्हीं को नाराज कर दि या है। उत्तर प्रदेश में कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस्तीफ़े दे चुके हैं। कुछ ने पार्टी झंडे तक उतार फेंके है।ये इतिहास में पहली बा र हुआ जब पार्टी के लोग किसी फैसले पर इत ने गुस्से में आए है और भारतीय जनता पार्टी से दूरिया बना रहे है।

**स्कूल कैंपस में तनाव और मारपीट**

यूनिवर्सिटी कैंपस में अगड़े और पिछड़े वर्ग के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में छात्रों-शिक्षकों के बीच झड़पें हुई है।सोशल मीडिया पर आरो प-प्रत्यारोप जारी हैं।दलित-पिछड़े युवा अगड़ों के खिलाफ गुस्से में हैं।वही लोग आए दिन धर ना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**2027 चुनाव से पहले बीजेपी की बड़ी चिंता**

2027 विधानसभा चुनाव नजदीक हैं उत्तर प्रदे श क़े जनपदो से मिल रहे फीडबैक ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। पार्टी अब केंद्र के फैसले का इंतजार कर रही है, ताकि कोई राहत मिले। विश्लेषक कहते हैं कि अगर बीजेपी का कोर वोटर नाराज रहा तो बीजेपी को बड़ा नुकसान हो सकता है। कोई भी दल अपने मुख्य वोटर को नाराज नहीं करता, लेकिन भाजपा ने तो अ पने कोर वोटरो क़े साथ बड़ा खेल कर दिया है।

# महाशिवरात्रि पर चाक-चौबंद रही प्रशासनिक व्यवस्था, एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्वयं संभाली कमान

**एजेंसी**

नानपारा, बहराइच। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील नानपारा क्षेत्र में शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने स्वयं विभिन्न शिव मंदिरों, जलाभिषेक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने प्रातःकाल से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, जलाभिषेक स्थलों एवं मेले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीमों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन व्यवस्था पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व



पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने पूरे दिन सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वित प्रयासों से नानपारा क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ।


# छात्र पंचायत का अनोखा प्रदर्शन, बिसुही पुल

## निर्माण क़ेलिए सीएम योगी का जलाभिषेक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले क़े मेंहनौन विधानसभाक्षेत्र में जर्जर विसुही पुल के निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्री य छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने महाशिवरा त्रि पर एक अनोखा प्रदर्शन किया है।संगठन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अप ना भगवान मानकर उनकी तस्वीर पर वैदिक मं त्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया और पुल के शीघ्र निर्माण की कामना की है।यह प्रदर्शन पि छले आठ दिनों से लगातर जारी है। नौवें दिन राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय के नेतृत्व में यह विशेष आयोजन किया गया।शिवम पांडेय ने चौबीस घंटे का निर्जल व्र त भी रखा और एक पंडित को बुलाकर पीले वस्त्र धारण कर घंटों रुद्राभिषेक किया।शिवम पांडेय ने बताया कि उन्होंने यह व्रत पुल निर्मा ण के लिए रखा है।उन्होंने कहा कि महाशिव रात्रि के अवसर पर जहां अन्य लोग एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग बाबा पृथ्वीनाथ पर जला भिषेक करने जा रहे हैं, वहीं वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना भगवान मानकर उन

पर जलाभिषेक कर रहे हैं।शिवम पांडेय ने स्प ष्ट किया कि उनकी इच्छा और मनोकामना केव ल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही पूरी कर सकते हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द इस जर्जर विसुही पुल का निर्माण कर वाने की अपील की है।वही करुआपारा निवासी सतीश मिश्रा ने बताया कि हमारे कार्यक्रम का आज नौवां दिन है और अभी तक हमने अलग-अलग तरीके से प्रशासन को यह संदेश भेजा है कि यह पुल बनना बहुत ही आवश्यक है,लेकिन प्रशासन के द्वारा चुप्पी संधाने से यह हमें संदेश प्राप्त होता है कि हमें अब प्रदर्शन अपना कहीं ना कहीं उग्र करना पड़ेगा।वही अगर जल्द हमा री मांगे नहीं मानी गई तो फिर हम लोग युवा हैं और युवाओं ने जो- जो चाहा है वह करके दि खाया है।ये तो गोंडा प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे इस अवसर पर शुभम तिवारी, भूपेंद्र तिवारी,दीनानाथ वर्मा, रोहन पाण्डेय,वि काश द्विवेदी,शहजाद,फैजल,परिंस तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।वही करुआपारा गाँव निवा सी सतीश मिश्रा ने बताया कि हमारे इस कार्य क्रम का नौवां दिन है और अभी तक हमने अल ग-अलग तरीके से प्रशासन को यह संदेश भेजा है कि यह पुल बनना बहुत ही आवश्यक है। ले किन प्रशासन के द्वारा चुप्पी संधाने से यह हमें संदेश प्राप्त होता है कि हमें अब प्रदर्शन अपना कहीं ना कहीं उग्र करना पड़ेगा। तो अगर जल्द हमारी मांगे नहीं मानी गई तो फिर हम लोग यु वा हैं और युवाओं ने जो- जो चाहा है वह करके दिखाया है।तो गोंडा प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे इस अवसर पर शुभम तिवारी, भूपेंद्र तिवारी,दीनानाथ वर्मा,रोहन पाण्डेय, वि काश द्विवेदी,शहजाद,फैजल,परिंस तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।




# नानपारा में मदरस्तुल-मदीना फैज़ान गाज़ी में अज़ीम-उश्शान दस्तारबंदी सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नगर के मदरस्तुल-मदीना फै.ज़ान गा.ज़ी नानपारा मस्जिद हकीम बीते साल की तरह इस साल भी अ.ज़ीम-उश्शान दस्तारबंदी का प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाफ़िज़ मुज़िम्मल द्वारा क़ुरआन-ए-पाक की तिलावत और आयते करीमा से की गई। इसके बाद नातख़्वान सैय्यद शुजाउद्दीन शुजा ने नात पेश की और मौलाना हज़रत सैय्यद वजीहुद्दीन शोएब ने ख़ुसूसी बयान फरमाते हुए मदनी काफ़िलों में आने की दावत दी। इस मौके पर हज़रत मौलाना मोइनुद्दीन ख़ान ने अपने हाथों से 10 बच्चों को सनद-ए-हिफ़्ज व नज़र तथा 67 बच्चों को रिज़ल्ट व हार



पहनाकर उनकी हौसला-अफ़ज़ाई की। वहीं मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद मुनीर रज़वी अज़ीज़ी ने मदरसे के खर्च और विभाग के सालाना कुल खर्च की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मदरसे के मुदर्रिस क़ारी महमूद, असरी उलूम के टीचर मसूद, स्थानीय ज़िम्मेदार हाजी राशीद, सै हकीम तुफ़ैल, रईस सहित बड़ी संख्या में हाफ़िज़ और उलेमा मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी

## पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक

बहराइच । महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।



# लव जिहाद फैलाएंगे, जो करना है कर लो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र में स्थित केजएन पब्लिक स्कूल सेहरिया चौराहा एक गंभीर मामले को लेकर सुर्खियों में है। यहां नौवीं कक्षा की एक छात्रा ने विशेष समुदाय के युवक परवेज खान पर स्कूल आते-जाते समय छेड़छाड़ करनेद्वऔर इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसे ज भेजकर परेशान करने का आरोप लगाया है।

जब छात्रा के भाई ने इसमामले को लेकर विद्या लय पहुंचकर विरोध किया तो उसके साथ आ रोपी परवेज खान,वारिस खां,सलाउद्दीन हाफि ज, इसराइल, जकीरे, साजिद, अरशद, इमरान और दस से पंद्रह अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला किया और गाली-गलौज करते हुए भगा दिया है।पीड़ित छात्रा के भाई ने जब 'लव जिहाद' फैलाने का आरोप लगाया तो स लाउद्दीन हाफिज ने जवाब दिया, ''लव जिहाद फैलाएंगे, जो करना है कर लो।'' छात्रा के पिता ने विद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि वारिस खान द्वारा आए दिन वि द्यालय में मौलवी बुलाकर बच्चों का ब्रेनवॉश क रने का प्रयास किया जा रहा है।पिता ने इस अ वैध रूप से संचालित विद्यालय में धर्मांतरण औ र ब्रेनवॉश की गतिविधियों पर तत्काल रोक ल गाने की मांग की है। पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर कौड़िया बाजार पुलिस ने गाली-ग लौज,मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप में आठ नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने मामले की जां च शुरू कर दी है।कटरा बाजार पुलिस ने आरो पी परवेज खान, वारिस खान, सलाउद्दीन हाब फिज और इसराइल को हिरासत में




लेकर पूछ ताछ शुरू कर दी है।पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है। आरोपी परवेज खान द्वारा छात्रा के इंस्टाग्राम पर भेजे गए कुछ चैट भी सामने आए हैं।इनमें छात्रा बार-बार उसे परे शान न करने और अपने पिता को बताने की बा त कह रही थी।इसके बावजूद परवेज खान उसे लगातार मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था। जब छात्रा के भाई के पास मोबाइल फोन था और दोबारा मैसेज पहुंचा, तब उसने विद्यालय जाकर विरोध किया था।वही कौड़िया बाजार थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस ने पहुंचकर के विद्यालय में जांच कि या है। चार लोगों को हिरासत में लेकर के जांच शुरू कर दी है।आठ नामजद लोगों के खिलाफ मारपीट गाली-गलौज और अश्लील कमेंट कर ने के साथ छेड़छाड़ करने को लेकर के भी मुक दमा दर्ज किया गया है।इसके साथ ही साथ लड़की नाबालिग है ऐसे में आरोपियों पर पोक्सो एक्ट की भी धारा लगाई गई है और भी आरोपी जो इसमें फरार हैं उनके खिलाफ भी पुलिस द्वारा लगातार जांच करके कार्रवाई की जा रही है।

# चेयरमैन ने किया नौगवां फ्लाई ओवर पर स्ट्रीट लाइट पोल का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा नौगवां फ्लाईओवर ब्रिज को अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटों से सुसज्जित कर दिया गया है। शनिवार की शाम पालिका अध्यक्ष ने स्विच दबाकर 64 स्ट्रीट लाइट पोल का लोकार्पण किया, जिसके साथ ही पूरा फ्लाईओवर रंगीन रोशनी से जगमगा उठा और लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया। पालिका अध्यक्ष ने शिलापट का अनावरण करने के बाद मोबाइल से ऑनलाइन लाइट खोलकर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया।

नगर पालिका परिषद द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज के दोनों ओर 32-32 स्टेनलेस स्टील के कुल 64 स्ट्रीट लाइट पोल स्थापित किए गए हैं।



इन पोलों की खास बात यह है कि इनमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पहचान 'टाइगर' की आकृति तथा जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक

### 64 स्ट्रीट लाइट पोल से जगमगाया ब्रिज, शहर को मिली सौंदर्य और सुरक्षा की नई सौगातऑनलाइन खोली और बंद की जा सकेगी स्ट्रीट लाइट

पहचान मानी जाने वाली बांसुरी की कलाकृति को भी शामिल किया गया है, जिससे फ्लाईओवर की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है।लोकार्पण कार्यक्रम शनिवार, 14 फरवरी 2026 को सायं 5:45 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। जैसे ही स्ट्रीट लाइटों का स्विच ऑन किया गया, पूरा नौगवां फ्लाईओवर रोशनी से नहा उठा और मौके पर मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खुशी व्यक्त की।

स्ट्रीट लाइटें चालू होने के बाद देर रात तक शहरवासी फ्लाईओवर की खूबसूरती देखने के लिए पहुंचते रहे। लोग वहां वीडियो बनाते और फोटो खिंचवाते नजर आए। कई लोगों ने इसे शहर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अवतार सिंह मोनू, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, कुमकुम अग्रवाल, अंजलि आदर्श, अर्चना खंडेलवाल, डॉ अनुरीता सक्सेना, पदमा अग्रवाल, मधु कुमार, मीना बग्गा, पूनम चंद्र, डॉ सरिता, सुधा, मिरला, नीता अग्रवाल, गौरी, मेघा अग्रवाल, इमरान अंसारी, विकास बाबू, मोहन स्वरूप, इंजीनियर पंकज राजपूत, सुनील राठौर, रईस बेग, मेघा अग्रवाल, प्रशांत जैसवार, संतोष सक्सेना, अरुण उपाध्याय, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक की विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक सम्पन्न, गन्ना आयुक्त से मिलकर अवगत करायेंगे गन्ना किसानों की समस्याए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की तथा पंचायत का संचालन सर्वेश कुमार वर्मा ने किया पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि दि. किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी ने चार्ज संभाला है चीनी मिल पूरनपुर के गन्ना किसानों का शोषण व उत्पीड़न बहुत बड़े स्तर पर हो रहा है गन्ना किसानों का अर्ली जनरल वैरायटी के नाम पर शोषण किया जा रहा है इसके साथ-साथ पहले से ही घाटे में जा रही चीनी मिल को भारी-भरकम गन्ने आपूर्ति का इंडेन्ट जारी कर और घाटे की तरफ धकेला जा रहा है क्योकि चीनी मिल के गन्ना सेन्टरों पर चीनी मिल का गन्ना सूख रहा है जिससे गन्ना किसानों व चीनी मिल की रिकवरी(चीनी का परता) पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है पूरनपुर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी को तुरन्त चीनी मिल से हटाया जाये। चीनी मिल गेट पर लगभग 800 ट्रॉलियों की भीड़ है चीनी मिल के केनयार्ड की छमता कम होने से हाईवे पर गन्ना किसानों के वाहनों की लम्बी-लम्बी कातारे लगी हुई हैं गन्ना किसान खुले आसमान के नीचे कई-कई रातें गुजारने को मजबूर हैं हर समय हाईवे पर दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई है रात भी एक ट्रक ने गन्ना किसानों के वाहनों में टक्कर मार दी जिससे गन्ना किसान का वाहन पलट गया व गन्ना किसान बाल-बाल बच गया गन्ना अधिकारियों की भारी लापरवाही से एक साथ गन्ना किसानों को भारी-भरकम गन्ने का इंडेन्ट जारी करने से गन्ना भी बहुत सूख रहा है जिससे पहले से ही गन्ना किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहें हैं ऊपर से कई दिन पहले से छिला गन्ना सूखने से वजन लॉस हो रहा हैचीनी मिल के गन्ना अधिकारियों का प्रयास है कि चीनी मिल को बहुत जल्द बन्द किया जाये।इसी सोच के साथ इतनी तेजी से गन्ना किसानों को एक साथ भारी मात्रा में गन्ना आपूर्ति पर्ची जारी होने से गन्ना किसानों में गन्ने की आपूर्ति को लेकर हाहाकार मचा हुआ।चीनी मिल पूरनपुर के गन्ना अधिकारियों की घोर लापरवाही का खमियाजा गन्ना किसानों को भुगतना पड़ रहा है।इसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा गन्ना किसानों के शोषण व उत्पीड़न की शिकायत गन्ना आयुक्त से अतिशीघ्र लखनऊ पहुंच कर की जाएगी दोषी गन्ना अधिकारियों से कारखाने के नुकसान की भरपाई की मांग भी संगठन करेगा पंचायत में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, बलजीत सिंह चीमा,सर्वेश कुमार, पवन कुमार वर्मा विजेंद्र कुमार, रघुनन्दन कुमार तरसेम सिंह, निर्मल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गोमती मित्रों की नगर वासियों से भावुक अपील,साथी हाथ बढ़ाना

सुल्तानपुर। हर रविवार की तरह 15 फरवरी को भी गोमती मित्र मंडल ने श्री सीता कुंड धाम पर अपना साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम बदस्तूर जारी रखा, शादी विवाह का समय व महाशिवरात्रि का पर्व होने के बावजूद सभी गोमती मित्र तय समय पर श्रमदान में शामिल होने के लिए पहुंच गए। प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने उपस्थित गोमती मित्रों व नगर वासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा की यदि नदियों को है बचाना,तो साथी हाथ बढ़ाना। प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान साफ सफाई व सायंकालीन आरती की तैयारी कर 09:00 बजे समाप्त हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, राकेश मिश्रा, राकेश सिंह दद्दू, दिनकर सिंह, मुन्ना सोनी, अजय प्रताप सिंह, राजेश पाठक, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, सागर सोनकर, अभय मिश्रा, अभय सोनी, सूरज आदि शामिल हुये।

# चर्चाओं पर लगा विराम, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खा सपा में शामिल, 2027 की तैयारी तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला जब पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कई स्थानीय नेता और समर्थक भी मौजूद रहे।

**संगठन विस्तार की रणनीति पर फोकस**

सपा सूत्रों के मुताबिक यह कदम 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। पार्टी बीसलपुर में अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अनीस अहमद खा के आने से सपा को



संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक समीकरणों में भी बढ़त मिल सकती है। अनीस अहमद खान बीसलपुर से कई बार विधायक रह चुके हैं। और उनका बीसलपुर में काफी दबदबा है। जिसका फायदा आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिलेगा। हो सकता है। कि बीसलपुर विधानसभा से समाजवादी के पार्टी के प्रत्याशी भी अनीस खा बनाए जा सकते हैं।

अनुभव और नेटवर्क का लाभ

अनीस अहमद खा लंबे समय तक प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। बसपा सरकार में मंत्री भी रहे हैं।साथ ही विभिन्न दलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनके पास जमीनी कार्यकर्ताओं का मजबूत नेटवर्क है, जिसका लाभ सपा को आगामी चुनावी रणनीति में मिल सकता है।

नई जिम्मेदारियों के संकेत

कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी में आने वाले हर वरिष्ठ नेता को संगठनात्मक जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि सपा आने वाले महीनों में बूथ स्तर तक पुनर्गठन अभियान चलाएगी।

विपक्षी खेमे में बढ़ी हलचल

इस घटनाक्रम के बाद विपक्षी दलों में भी हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में और भी नेता पाला बदल सकते हैं, जिससे जिले और प्रदेश की सियासत में नए समीकरण बनते दिखाई देंगे।

## अमेठी टीचर प्रीमियर लीग मैच में जगदीशपुर गौरीगंज जामो व तिलोई की टीम ने दर्ज की शानदार जीत



अमेठी । जनपद में आयोजित अमेठी टीचर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैचों में रविवार को रोमांच, जोश और खेल भावना का अदभुत संगम देखने को मिला। चार मुकाबलों में जंगबाज जगदीशपुर, गौरीगंज, जामो और तिलोई की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये जीत दर्ज की। खिलाड़ियों की बेहतरीन बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

जगदीशपुर की धमाकेदार जीत, अमेठी चैंपियंस पर विकेट से करारी शिकस्त दी।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेठी चैंपियंस दस ओवर में उनचास रन ही बना सकी जिसमें रामजी यादव ने सर्वाधिक ग्यारह रन बनाये।जवाब में जगदीशपुर की टीम ने पांच ओवर दो गेंदों में तीन विकेट पर इक्यावन रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।गौरीगंज की संयमित जीत, तिलोई को सात विकेट से हराया।कम स्कोर वाले मुकाबले में तिलोई ने नौ विकेट पर दस ओवर में रन बनाये।गौरीगंज के गेंदबाज विपिन ने चार विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। इकसठ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गौरीगंज ने नौ ओवर चार गेंद में तीन विकेट पर इकसठ रन बनाकर जीत दर्ज की।जामो का तूफानी प्रदर्शन, नब्बे रन का लक्ष्य आठ ओवर एक गेंद में हासिल किया।भेटुआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये दस ओवर में दो विकेट पर नवासी रनों का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन जामो के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुये आठ ओवर एक गेंद में पांच विकेट पर तिरानबे रन बनाकर जीत दर्ज की।अभिजीत की घातक गेंदबाजी से तिलोई की छह विकेट से जीत हुई।अमेठी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये दस ओवर में सात विकेट पर चौंसठ रन ही बना सकी।तिलोई के गेंदबाज अभिजीत ने तीन विकेट लेकर अमेठी की कमर तोड़ दी। पैंसठ रन के लक्ष्य को तिलोई ने सात ओवर चार गेंद में चार विकेट पर पैंसठ रन बनाकर हासिल किया।आज प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से अश्वनी द्विवेदी, धीरेंद्र प्रताप सिंह,रमाकांत मौर्य,संतोष कुमार तिवारी,अजय मौर्या, दीपक मौर्य, अभिनव त्रिपाठी प्रमोद तिवारी, आशीष पाण्डेय,सत्येंद्र द्विवेदी,विवेक त्रिपाठी,राम सहोदर यादव,अनुभव नीरज पाण्डेय,चंदन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

# विविधता में एकता भारत की विशेषता : संजय सिंह

### निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे थे राज्य सभा सांसद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार सुल्तानपुर। क्षेत्र के अलीगंज बाजार स्थित निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है इस देश में अनेकों भाषाएं बोली जाती है।सभी धर्मों के लोग एक दूसरे से मिल जुलकर जीवन यापन करते है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है बल्कि एक अच्छा इंसान बनने का आधार है।उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां नफरत से नहीं बल्कि भाईचारे और संविधान से देश आगे बढ़ता है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने अपने भाषण में



बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया।उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का स्मरण करते हुए आपसी भाईचारे और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।इस मौके पर नेशनल एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट इंटर मीडिएट कॉलेज के प्रबंधक आरिफ खान सहित विद्यालय के स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए राज्य सभा सांसद ने कहा कि मोदी पर दबाव बनाकर ट्रेड डील अमेरिका ने कराई है। अडानी को अमेरिका से भ्रष्टाचार की नोटिस मिलने व मोदी के मंत्रियों के नाम एप्सटीन फाइल में आने के बाद ही ट्रेड डील हुई है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि वे अमेरिका के सामने घुटना टेकते जा रहे है। ट्रेड डील का असर सीधे भारत के किसानों पर पड़ेगा।जब अमेरिका से अनाज व खाने पीने की चीजें भारत निर्यात होंगी तो निश्चित ही इसका सीधा असर भारत के किसानों पर पड़ेगा।

## अवैध खनन से कराह रही ग्राम पंचायत, खनन विभाग के जिम्मेदार मौन

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डीह के ग्राम पूरे अवस्थी में अवैध खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया खलिहान, बंजर व खतौनी की जमीनों पर मानकों के विपरीत खुलेआम खुदाई कर रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार खनन माफियाओ ने ग्राम पंचायत के कई स्थानों पर जेसीबी मशीनों से गहरी खुदाई करके शासन के आदेशो को ठेंगा दिखा दिया है ग्रामीणों का दावा है कि करीब तेरह फुट तक मिट्टी निकाली गई है, जो निर्धारित मानकों से अधिक प्रतीत होती है। आरोप है कि इतना बड़ा खनन कार्य बिना प्रशासनिक जानकारी के संभव नहीं है, जिससे स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गहरे गड्ढों के कारण बच्चों व पशुओं के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। उनका कहना है कि कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है।

## कलीनगर नगर पंचायत द्वारा सरकारी जमीन पर प्रस्तावित दुकानों का विरोध रजिस्ट्री ऑफिस,पशु चिकित्सालय,आयुर्वेदिक अस्पताल बनाने की माँग

पीलीभीत। नगर पंचायत कलीनगर के वॉर्ड न 03 मे आयुर्वेदिक अस्पताल बना हुआ था।जो काफी जर्जर हालत मे था।जिसे अनुपयोगी होने पर नगर पंचायत द्वारा ध्वस्त करने हेतु नीलाम कर दिया गया।इस वक़्त मौजूदा हालात मे उसकी जमीन खाली पड़ी है।जर्जर आयुर्वेदिक अस्पताल की जमीन पर नगर पंचायत द्वारा कॉम्प्लेक्स दुकान निर्माण के आनन फानन मे प्रस्ताव कर दिया है।जिसको को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रस्ताव के विरोध में रविवार को संबंधित स्थल पर सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगर पंचायतवासियों ने व स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और चेयरमैन का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि इन दुकानों का प्रयोग सार्वजनिक हित मे नही होगा जबकि यह भूमि सार्वजनिक है। उक्त भूमि पर दुकानों के बजाय रजिस्ट्री ऑफिस,पशु चिकित्सालय या आयुर्वेद अस्पताल का निर्माण कराया जाए स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और इसे सार्वजनिक भूमि का दुरुपयोग बताया बैठक के दौरान प्रस्ताव का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापन में लिखा गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय या आयुर्वेद अस्पताल की आवश्यकता है। और यह भूमि उसके लिए अधिक उपयोगी साबित हो सकती है। तहसील मुख्यालय होने के कारण नगर पंचायत कलीनगर में एक निबन्धक कार्यालय हेतु भी उपयुक्त स्थान यह भूमि हो सकती है, निवन्धक कार्यालय तहसील कलीनगर हेतु स्वीकृत हो चुका जन हित में इस भूमि पर दुकानें न बनाकर सरकारी अस्पताल या निबन्धक कार्यालय ही बनाया जाना चाहिए उक्त भूमि पर एक आयुर्वेद अस्पताल या निवन्धक कार्यालय बनाये जाने का आदेश करने की माँग करी बैठक में पूर्व चेयरमैन सुनील कटियार,रामबहादुर यादव, देव स्वरूप आर्य,रामकुमार भेजवाल,राजेंद्र गुप्ता उर्फ बबलू, संजय गुप्ता, संजय जायसवाल उर्फ सोनू, रामप्रकाश सक्सेना, नवनीत सक्सेना, जीतू शर्मा हिमांशु गुप्ता, अशोक देवल, प्रवेश भारती, पवन जायसवाल, जयदेव पासवान, पप्पू सलमानी, महावीर, होरीलाल पासवान, सुखदेव जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। मामले को लेकर नगर में चर्चा का माहौल गर्म है और अब प्रशासनिक स्तर पर निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

## सी सी सड़क निर्माण के लिए सभासद ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 चौक के लोगों ने खस्ता हाल हो चुकी इण्टर लॉकिंग को सीमेंटड सड़क निर्माण मांगों को लेकर सभासद अनुज गुप्ता को ज्ञापन सौंपा सभासद अनुज गुप्ता वार्डवासियों की माँग को नगरपालिका की बोर्ड की बैठक मे रखकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को माँग पत्र सौंपा दो वर्षों से सामान्य बारिश होने पर भी सड़क पर जलजमाव की स्थिति हो जाती है। इससे लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कों से आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे है सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने जिसमें हर वक्त घरों का गंदा पानी भरा रहता है। इससे लोगों को आवाजाही करने में काफी परेशनियों का सामना करना पड़ता है सीमेंट रोड स्थित ओमवती सिंह के आवास से डा0 शिवस्वरूप शर्माजी के आवास तक,दीपक आई केयर के पडोस वाली गली में श्री किशन वर्मा के आवास से श्री ओम प्रकाश वर्मा की दुकान वाले मन्दिर तक,स्वन्सुशील दीक्षित जी के आवास के सामने गली श्री ब्रजेन्द्र सिंह के आवासतक,राजू भरनागर के आवास सेठीकमलखण्डेलवाल के आवास तक,सोनू घडी वाले सीमेंट रोड की दुकान से श्रीरामवावू वर्मा सर्राफ की दुकान तक की सडक,महेश जैन के आवास से कल्लन दिलिया वाले के आवास तक,नगर का प्रमुख मेन बाजार रोड, तक बनाने की माँग की

## सुरक्षित बैंकिंग की ओर कदम आरबीआई ने शुरू किया केबाईसी पखवाड़ा' जागरूकता अभियान

पीलीभीत।बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की ओर से सुरक्षित बैंकिंग की ओर कदम अभियान के अंतर्गत जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग के विषय में विस्तार से जानकारियां दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने और ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देश्य से ''केबाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम'' नामक एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को केवाईसी की महत्ता समझाना और उन्हें बैंकिंग धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना है।केबाईसी एक बार पंजीकरण,हर जगह मान्य इस अभियान में सेंट्रल केवाईसी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आरबीआई का लक्ष्य है कि ग्राहकों को उनके 14 अंकों के केबाईसी आइडेंटिफायर के बारे में जागरूक किया जाए। एक बार सीकेबाईसी होने के बाद, ग्राहकों को किसी भी अन्य वित्तीय संस्थान जैसे बीमा या म्यूचुअल फंड में बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे छात्र छात्राओं के लिए आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरनपुर मे कक्षा 12वीं के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु आशीर्वचन समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय परिसर श्रद्धा, संस्कार और भावनात्मक वातावरण से परिपूर्ण दिखाई दिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे मुख्य अतिथि यज्ञ आर्य प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज टांडा गुलाब राय,हरि बल्लभ संरक्षक सदस्य ,अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता,सह प्रबंधक अनुराग गुप्ता , कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल ,रवि गुप्ता नगर संघ चालक पूरनपुर प्रबंधक लक्ष्य डिग्री कॉलेज रवि गुप्ता ,अभिभावक प्रतिनिधि श्रद्धा गुप्ता, प्रधानाचार्य अजय गौड़ ने माँ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विद्यालय के आचार्य शिव नारायण मिश्रा ने ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का परिचय कराया इसके पश्चात



छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में छात्रों को विदाई नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें उनके आगामी जीवन के लिए आशीर्वचन और शुभकामनाएँ दी जाती हैं उन्होंने कहा कि गुरुजन सदैव यह कामना करते हैं कि उनके शिष्य जीवन में सफलता प्राप्त करें और शिष्यों की सफलता ही गुरुजनों का वास्तविक गौरव होती है। श्री यज्ञ प्रकाश आर्या ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कितनी भी बड़ी सफलता क्यों न प्राप्त हो, अपने विद्यालय, माता-पिता और गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता का भाव सदैव बनाए रखना चाहिए, साथ ही राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत रहनी चाहिए बहन ईशा राठौर और माही द्विवेदी ने विद्यालय में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया और सभी आचार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भावुक शब्दों में अपने अनुभव प्रस्तुत किए कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और जानकारी में मूलभूत अंतर है शिक्षा हमें श्रेष्ठ संस्कारों से परिपूर्ण करती है, जबकि जानकारी के स्रोत भिन्न-भिन्न हो सकते हैं विद्या मंदिरों से प्राप्त प्रेरणा एवं आत्मविश्वास जीवन को उचित दिशा प्रदान करते हैं अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास के माध्यम से ही हम सफलता के उच्च शिखरों को स्पर्श कर सकते हैं।

विद्यालय के प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता जी ने छात्रों को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह है और छात्रों को आगे भी विद्यालय से जुड़े रहना चाहिए। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में नगर संचालक रवि गुप्ता ने कहा कि परीक्षा वह परीक्षा है क्योंकि वह दूसरों द्वारा ली जाती है, किंतु सच्ची परीक्षा वह है जो हम प्रतिदिन अपने संस्कारों और आचरण के माध्यम से देते हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा जिस मूल्यहीनता की ओर अग्रसर हो रही है, उसे केवल अनुशासन, आत्मचिंतन और सद्संस्कारों के माध्यम से ही सार्थक बनाया जा सकता है रवि गुप्ता प्रबंधक लक्ष्य डिग्री कॉलेज ने अपने उद्बोधन में कहा भौतिक समृद्धियों की अपेक्षाएँ पूर्ण न होने पर मनुष्य अवसादग्रस्त हो जाता है, परंतु विद्या वह है जो अवसाद से मुक्ति प्रदान करे और चेहरों पर मुस्कान लाए आत्मिक प्रसन्नता और व्यावसायिक प्रसन्नता दो भिन्न विषय हैं अपने इतिहास को मिथक न मानकर जीवन के सत्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए विपरीत परिस्थितियों में भी जो मुस्कुराकर उनका सामना कर सके, वही सच्चा ज्ञानी है अतीत की चिंता और भविष्य का भय दोनों ही निरर्थक हैं जो उपलब्ध है उसकी रक्षा करें और अप्राप्य के प्रति व्यर्थ आकांक्षी न बनें हमारी समस्त विद्याओं का मूल हमारी संस्कृति है, अतः उसकी रक्षा हेतु सदैव संकल्पित रहें विद्यालय के आचार्य पंकज मंडल ने कहा कि हमारा व्यवहार हमारे व्यक्तित्व का दर्पण है। समाज के समक्ष हम जैसा आचरण प्रस्तुत करते हैं, समाज हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन उसी आधार पर करता है अतः प्रत्येक परिस्थिति में अपने व्यवहार से सकारात्मक संदेश ही प्रसारित करें और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक छवि के निर्माण में लगाएँ विद्यालय के आचार्य रेमा श्रीवास्तव ने स्वरचित काव्य-पंक्तियों के माध्यम से अपने लक्ष्य के प्रति किस प्रकार प्रेरित होना चाहिए विद्यालय के प्रबंध समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया ।

## सम्पादकीय

# चीन का माकूल जवाब

मोदी सरकार पूर्वोत्तर को सामरिक और आर्थिक शक्ति का केंद्र मानकर योजनाएं बनाती है और स्वयं प्रधानमंत्री जिस तरह लगातार पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरों के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास की गति को रफ्तार देते हैं उसकी बदौलत हाल के वर्षों में यहां की दशा दिशा में बड़ा बदलाव आया है। आज भी असम के डिब्रुगढ़ के पास मोरान बाइपास पर चीन सीमा के करीब बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उतर कर बड़ा सामरिक संदेश दिया। साथ ही गोहपुर से नुमालीगढ़ तक प्रस्तावित चार लेन हरित मार्ग और ब्रह्मपुत्र के नीचे सड़क और रेल सुरंग परियोजना मिलकर सुरक्षा, संपर्क और समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं। यह संयोग नहीं, स्पष्ट रणनीति है। मोरान बाइपास पर बना 4.2 किमी का सुदृढ़ खंड अब ऐसा राजमार्ग है जो कुछ ही मिनट में सैन्य रनवे में बदल सकता है। विशेष कंक्रीट से बनी यह पट्टी तेज गर्मी और भारी वजन सहने में सक्षम है। इस पर लड़ाकू विमान, भारी परिवहन विमान और हेलिकाप्टर उतर सकते हैं। यह दोहरे उपयोग वाली परिसंपत्ति है, जो शांति के समय जन सुविधा और संकट के समय सैन्य ताकत का आधार बनती है। प्रधानमंत्री का खुद इस पट्टी पर उतरना एक प्रतीक भर नहीं था। यह साफ संकेत था कि भारत अपनी सीमा सुरक्षा को लेकर सजग, सक्रिय और आत्मविश्वासी है। संदेश यह भी कि अब भारत पहले से तैयारी रखने वाला देश है। सीमा के पास तेज तैनाती, त्वरित रसद और वैकल्पिक हवाई पट्टियां किसी भी संघर्ष की स्थिति में खेल बदल सकती हैं। यह सुविधा चीन सीमा से लगभग 300 किमी दूरी पर है। यदि किसी हालात में मुख्य हवाई अड्डे निशाने पर आएं, तो ऐसी पट्टियां वायु सेना को संचालन जारी रखने का विकल्प देती हैं। अलग अलग राजमार्गों पर ऐसे बिंदु बनाकर भारत एक तरह का फैलाव आधारित वायु रक्षा जाल तैयार कर रहा है, जिसे निष्क्रिय करना किसी भी विरोधी के लिए कठिन होगा। इसका महत्व केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी आपदा के समय यही पट्टियां राहत का जीवन मार्ग बन सकती हैं। भारी विमान सीधे राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा सहायता लेकर दूर दराज इलाकों तक पहुंच सकते हैं। पूर्वोत्तर जैसे संवेदनशील और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह क्षमता अमूल्य है। अब बात दूसरी बड़ी पहल की। केंद्र सरकार ने गोहपुर से नुमालीगढ़ तक लगभग 33.7 किमी लंबे चार लेन नियंत्रित हरित मार्ग को मंजूरी दी है। इसकी लागत 18,662 करोड़ रुपए है। इस परियोजना का सबसे साहसिक हिस्सा है ब्रह्मपुत्र के नीचे 15.79 किमी लंबी टिवन ट्यूब सड़क और रेल सुरंग। यह केवल इंजीनियरिंग का कमाल नहीं, रणनीतिक सोच का उदाहरण है। अभी गोहपुर से नुमालीगढ़ पहुंचने में करीब 240 किमी और छह घंटे लगते हैं। नया मार्ग समय और दूरी दोनों घटाएगा। इससे असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य राज्यों में माल ढुलाई तेज होगी, लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। यह मार्ग कई आर्थिक केंद्र, पर्यटन स्थल, रसद बिंदु, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और जलमार्ग टर्मिनल को जोड़ेगा। अनुमान है कि इससे लाखों मानव दिवस का रोजगार बनेगा। इस परियोजना का सामरिक अर्थ भी गहरा है। चीन अक्सर ब्रह्मपुत्र पर या उसके आसपास नई जल और ढांचा परियोजनाओं की घोषणा करता रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में चिंता पैदा होती है। ऐसे माहौल में भारत का ब्रह्मपुत्र के नीचे टिवन ट्यूब सुरंग बनाना एक मजबूत संदेश है। भारत दिखा रहा है कि वह नदी को डर या विवाद का विषय नहीं, बल्कि विकास और संपर्क का माध्यम मानता है। नदी के ऊपर ही नहीं, नीचे से भी संपर्क मजबूत किया जा सकता है। यह कदम यह भी बताता है कि भारत पूर्वोत्तर को स्थायी रूप से देश की मुख्यधारा के ढांचे से जोड़ना चाहता है। तेज सैनिक आवाजाही, बेहतर रसद, मजबूत आर्थिक संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा, सब एक साथ साधे जा रहे हैं। यह बहुस्तरीय सोच ही किसी क्षेत्र को हाशिये से केंद्र में लाती है।

# बांग्लादेश की बदली राजनीतिक दिशा

भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से ल्ग्रीन सिग्नलङ्क देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है। आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है।

बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाईं। यह जीत न केवल चुनावी सफलता है बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएँ भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा।

पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता।

तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है। बीएनपी ने 13वें आम चुनाव में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसंख्यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महँगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है।

भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से ल्ग्रीन सिग्नलङ्क देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है।

आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है। इसके बावजूद अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारतऽबांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त



नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारतऽबांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

# सूक्ष्म वित्त के लिए एक नए मॉडल की दरकार

**तमाल बंद्योपाध्याय**

केंद्रीय बजट 2026-27 में लघु व्यवसायों को इक्विटी सहायता प्रदान करने और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) को चैंपियन बनाने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई विकास कोष का प्रस्ताव रखा गया है। यह एसएमई क्षेत्र के लिए खुशखबरी है। ऐसे उद्यमों (विशेषकर लघु उद्यमों) को ऋण देने वाले कुछ संस्थान-सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई)-बजट में अपने लिए ऋण गारंटी कोष की मांग कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जुलाई 2021 में सरकार ने एमएफआई के लिए एक क्रेडिट गारंटी फंड लॉन्च किया है, जो छोटे एमएफआई और एनबीसीएफ-एमएफआई को दिए गए ऋण के लिए बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) जैसे ऋणदाताओं को 75 प्रतिशत तक कवरेज प्रदान करता है। इसका प्रबंधन नैशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) द्वारा किया जाता है। इस फंड का गठन कोविड महामारी के प्रभाव से जूझ रहे सूक्ष्म ऋणधारकों को नकदी का स्तर बनाए रखने और ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उद्योग जगत को सरकार से एक और ऋण गारंटी कोष के रूप में सहारे की उम्मीद थी क्योंकि वह कठिन दौर से गुजर रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में, सूक्ष्म वित्त पोर्टफोलियो 4,26,619 करोड़ रुपये के साथ अपने चरम पर था। इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अनुसार, छह तिमाही बाद, दिसंबर 2025 में सूक्ष्म ऋण में 25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो 3,21,570 करोड़ रुपये का था। इस अवधि के दौरान, सक्रिय ऋण खातों की संख्या में 31 फीसदी की गिरावट आई और यह 15.6 करोड़ से घटकर 10.74 करोड़ पर आ गई है। साथ ही, ऋणधारकों (डिफॉल्टरों सहित) की संख्या 8.7 करोड़ से घटकर 6.9 करोड़ रह गई है। सूक्ष्म ऋण लेने वालों की संख्या में अग्रणी पांच राज्यों में से बिहार में यह संख्या 113.40 लाख से घटकर 91.5 लाख, उत्तर प्रदेश में 89.92 लाख से घटकर 80.12 लाख, पश्चिम बंगाल में 69.16 लाख से घटकर 61.51 लाख और कर्नाटक में 62.8 लाख से घटकर 54.68 लाख रह गई है।

दिसंबर 2025 में सितंबर तिमाही की तुलना में पोर्टफोलियो में 6.02 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर 2024 से दिसंबर 2025 तक यह गिरावट 16.34 फीसदी रही। वहीं, दिसंबर 2025 में सक्रिय खातों की संख्या में तिमाही 8.52 फीसदी और सालाना 22.89 फीसदी की कमी आई। ऋण परिसंपत्तियों की गुणवत्ता के मामले में, एमएफआई-एनबीएफसी की स्थिति एनबीएफसी से बदतर है। उदाहरण के लिए, दिसंबर 2025 में एनबीएफसी का 2.6 फीसदी ऋण 30 दिन से अधिक समय से बकाया था (वे उधारकर्ता जो 30 दिन से अधिक समय से ऋण चुकाने में असमर्थ रहे हैं), जबकि एमएफआई-एनबीएफसी का इस तरह का बकाया 3.5 फीसदी था। इसी तरह, 90 दिन से अधिक समय से बकाया ऋण की श्रेणी में, एनबीएफसी का 1.6 फीसदी ऋण जबकि एमएफआई-एनबीएफसी का 2.1 फीसदी ऋण बकाया था। हालांकि, आंकड़ों से संकेत मिलता है कि उद्योग के लिए सबसे बुरा दौर शायद बीत चुका है। उदाहरण के लिए, दिसंबर में ऋण वितरण में वार्षिक आधार पर 5.82 फीसदी की गिरावट आई, लेकिन तिमाही आधार पर इसमें 7.76 फीसदी की वृद्धि हुई। इसी तरह, दिसंबर में 30 दिन से अधिक समय से बकाया ऋण का हिस्सा 3.9 फीसदी था, जो तिमाही आधार पर 136 आधार अंक और वार्षिक आधार पर 302 आधार अंक कम है। फिर भी, जमीनी हकीकत बेहद भयावह है। यह सच है कि केवल कुछ छोटे एमएफआई ही बंद हुए हैं, लेकिन कई बैंक ऋण अदायगी में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। कुछ तो ऋण चुकाने में विफल भी हो गए हैं। संकट की आशंका को भांपते हुए, बैंकिंग उद्योग ने अधिकांश सूक्ष्म ऋणदाताओं के लिए धन की आपूर्ति रोक दी है। जब धन की कमी होती है, तो एमएफआई अपने ऋण दायरे का विस्तार नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें पहले अपने ऋणदाताओं का बकाया चुकाना होता है। इसका एक दुष्चक्र शुरू हो जाता है। जब नए ऋण वितरित नहीं किए जाते, तो मौजूदा उधारकर्ता भी ऋण चुकाने में आनाकानी करते हैं। और, जैसे-जैसे ऋण दायरा घटता है, प्रतिशत के हिसाब से ज्यादा कर्ज फंसता जाता है। सूक्ष्म वित्त उद्योग कोई पहली बार संकट का सामना नहीं कर रहा। जबरन ऋण वसूली से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा अक्टूबर 2010 में जारी अध्यादेश ने इस क्षेत्र में गंभीर संकट पैदा कर दिया था।

## सेहत मंत्र

# मसाला ही नहीं सेहत का खजाना भी है काली मिर्च

काली मिर्च का प्रयोग कई तरह की डिश में किया जाता है ताकि यह भोजन के स्वाद को बढ़ा सके। काली मिर्च महज एक स्पाइस नहीं है, बल्कि यह सेहत का खजाना है। कई तरह की बीमारियों को दूर करने में इसकी मदद ली जा सकती है। तो चलिए जानते हैं काली मिर्च से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पेट की परेशानियों को कहें अलविदा- यदि काली मिर्च का सेवन भोजन में किया जाए तो इससे पेट संबंधी परेशानियां जैसे पेट फूलना, अपच या कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसा इसके एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण होता है। इतना ही नहीं, यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे भूख न लगने या कम भूख लगने की समस्या भी दूर होती है। घटाए वजन-अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखने की चाहत रखते हैं तो काली मिर्च को किसी न किसी रूप में अपनी डाइट में अवश्य शामिल करें। दरअसल, इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में मौजूद वसा की बाहरी परत को तोड़ते हैं। जिससे पहले से जमा फैट तो कम होता है ही, साथ ही अतिरिक्त फैट भी बॉडी में जमा नहीं हो पाता। मजबूत करें प्रतिरक्षा तंत्र- किसी भी तरह की बीमारी से लड़ने और उसे मात देते के लिए इम्युन सिस्टम का स्टांग होना बेहद आवश्यक है और इसे मजबूती प्रदान करने का काम करती है काली मिर्च। वास्तव में काली मिर्च में फोलेट व विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसे आप चाहे तो भोजन में शामिल करें या फिर इसके पाउडर का सेवन पानी के साथ करें। खांसी-जुकाम से राहत-सर्दी के मौसम में हर घर में व्यक्तियों को खांसी जुकाम की समस्या होती ही है। ऐसे में काली मिर्च लाभकारी साबित होगी। दरअसल, काली मिर्च एक एंटी?बैक्टीरियल की तरह काम करती है, जिससे खांसी?जुकाम से राहत मिलती है। इसके सेवन के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च को क्रश करके डालें और सेवन करें। तनाव करे दूर- आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है तो ऐसे में काली मिर्च को डाइट में शामिल करने से इसे काफी हद तक मात दी जा सकती है। काली मिर्च में पिपरीन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन से लड़ने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

# बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईसवीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

## पर्यटन



# भारत के इन खूबसूरत शहरों में बिताएं फुर्सत और सुकून के पल

ट्रैवलिंग के लिए हर कोई ऐसी जगह की तलाश करता है जहां वह सुकून के पल बिता सकें। आप परेशान न हो क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ ऐसी डेस्टीनेशन लेकर आए हैं, जोकि जन्नत से कम नहीं है। भारत के इन जगहों को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। तो चलिए इन जगहों पर शांति और सुकून तो होता ही है साथ ही आपको घूमने का असली मजा भी मिलेगा।

1. असम, मजुलीः ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसा माजुली भारत का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इस डेस्टीनेशन के बारे में जानते हैं। इसे युनेस्को की तरफ से वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया जा चुका है। यहां आप हरे-भरे पहाड़, साफ पानी के झारनों, पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियां और चाय के बागानों को देख सकते हैं।

2. महाराष्ट्र, तरकली बीचः शोरगुल और भीड़-भाड़ से दूर आप महाराष्ट्र के इस हिल स्टेशन में भी अपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं। काली नदी और अरब सागर के संगम पर स्थित इस बीच में आपको सुकून का अहसास होगा।

3. केरल, वायनाडः हरे-भरे वातावरण में छुट्टियां सुकून से बिताने के लिए यह हिल स्टेशन भी परफ़ेक्ट ऑप्शन है। पश्चिमी घाट वायनाड का सुकून वातावरण टूरिस्ट को अपनी तरफ अट्रैक्ट करता है।

4. मेघालय, मॉलिनॉन्गः भारत के इस हिल स्टेशन को एशिया का ईको-फ्रेंडली देश घोषित कर दिया गया है। यहां काफी खूबसूरत वॉटरफॉल्स, हरे-भरे पेड़ और अद्भुत बिल्डिंग्स है, जहां आप घूमने का मजा ले सकते हैं।

5. कर्नाटक, गोकर्णः कर्नाटक के गोकर्ण में आप प्राचीन मंदिर, सनसेट और सनराइज का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा यहां के स्वस्थ पानी में आप बोटिंग और गोताखोरी का मजा भी ले सकते हैं।

# मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व, सुबह से ही शिव मंदिरों पर लगी रही कतारे

## पुलिस प्रशासन शिवरात्रि मेला संपन्न कराने के लिए रहा मुस्तैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले भर के शिवालयो में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई।शिव मंदिरों में भक्तों ने शिव लिंगों पर जलाभिषेक कर भोले नाथ की पूजा अर्चना की।जिले भर में शिव मंदिरों पर सकुशल मेला संपन्न कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहा है।

बता दे कि जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में शिव धाम बेलवाई पर भारी भीड़ उमड़ी थी।मेले की व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस बल के साथ एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी व सीओ विनय गौतम मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।गौरी शंकर धाम चांदा में भी सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।मेले में भीड़ को पंक्ति बद्ध कराकर दर्शन कराने के लिए मंदिर समिति के सदस्यों के साथ प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा मौजूद रहे। लंभुआ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर जनवरी नाथ मंदिर पर सुबह से ही जल चढ़ाने के लिए भक्तों का तांता लगा।सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। नगर कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथ महादेव मंदिर खैचिला में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। जल चढ़ाने के बाद भक्तों ने लगने वाले मेले का भी आनंद उठाया।सुरक्षा की दृष्टि से नगर कोतवाल संदीप राय अपनी टीम के साथ तैनात रहे।बल्दीराय थाना क्षेत्र वलीपुर बाजार स्थित जंगली नाथ महादेव मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकी इंचार्ज अनिल सक्सेना तैनात रहे साथ ही प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह ने भी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। धम्मौर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर महेश नाथ धाम में भी सुबह से भारी भक्तों की भीड़ रही। भीड़ को व्यवस्थित दर्शन कराने के लिए थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने मंदिर कमेटी के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस टीम के साथ मेले को सकुशल संपन्न कराया। कादीपुर थाना क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों पर प्रभारी निरीक्षण श्याम सुंदर अपनी टीम के साथ निरीक्षण करते रहे।महाशिवरात्रि पर्व पर गांव गांव में लगने वाला मेला सकुशल संपन्न हुआ।

# जिला गन्ना अधिकारी ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं माइक्रोप्लान की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की

पूरनपुर।जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशी राम भार्गव द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं माइक्रोप्लान की प्रगति की समीक्षा हेतु किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के मुख्य गन्ना अधिकारी अमित चतुर्वेदी तथा फील्ड स्टाफ के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देशित किया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई का कार्य वैज्ञानिक पद्धति एवं निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुरूप कराया जाए तथा प्रतिदिन बुवाई प्रगति की समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए उन्होंने अवगत कराया कि पूरनपुर चीनी मिल क्षेत्र में वर्ष 2026-27 हेतु 3511 हेक्टेयर बसंतकालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लक्ष्य पूर्ति हेतु गन्ना विकास परिषद पूरनपुर को अभिजनक गन्ना बीज का आवंटन किया जा चुका है जिसकी उपलब्धता चीनी मिल प्रक्षेत्र पीलीभीत एवं पुवायां से सुनिश्चित कराई गई है।

कृषकों को उच्च उत्पादकता वाली उन्नतशील किस्मों–को.शा. 13235, को.शा. 17231, को.15023, को.शा.13231, को.शा.10239, को.लख.94184, को.98014, को.05125, को.लख.16202, को.लख.18231, को.शा.19231–की सिंगल-बड एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। अगेती गन्ना किस्मों में कोशा 13235, को.शा.17231 एवं को.15023 का बीज प्राथमिकता से वितरित किया जाएगा जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कृषक बसंतकालीन बुवाई केवल प्रमाणित एवं अनुशंसित गन्ना बीज से ही करें। अस्वीकृत एवं अप्रचलित किस्में को.पी.9302, को.शा.91269, को.पी.के.5191, को.लख.8102, को.0235, बी.ओ.91, को.से.92423, पी.बी.95, को.11015, को.शा.1148 आदि की बुवाई कदापि न की जाए उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बताया कि लगातार एक ही गन्ना किस्म की खेती करने से कीट एवं रोग प्रकोप की संभावना बढ़ जाती है, जिससे उत्पादन एवं शर्करा प्रतिशत दोनों प्रभावित होते हैं। अतः फसल विविधता एवं क्षेत्रानुसार अनुशंसित किस्मों का चयन अत्यंत आवश्यक है बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों को क्षेत्रवार लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है।

जिला गन्ना अधिकारी ने कृषकों से अपील की कि वे गन्ना विकास परिषद अथवा चीनी मिल के माध्यम से उपलब्ध प्रमाणित बीज का उपयोग कर वैज्ञानिक विधि से बसंतकालीन गन्ना बुवाई कर अधिक उत्पादन एवं आय सुनिश्चित करें।

## करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत

घर में बल्ब ठीक करते समय हादसा, जाफरपुर गांव में पसरा मातम

सुलतानपुर। जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घर के अंदर बल्ब ठीक करते समय युवक अचानक विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जाफरपुर निवासी आदित्य वर्मा पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र प्रताप वर्मा अपने घर में बल्ब ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलसकर गिर पड़े। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गोसाईगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि आदित्य तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है और वह अविवाहित था। छोटे बेटे की असमय मृत्यु से मां मालती का रो–रोकर बुरा हाल है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार सहित पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## पिकअप और बुलेट के चक्कर में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

पुलिस ने दोनों वाहन को कब्जे में ले शुरू की पड़ताल

कूरेभार/सुलतानपुर। जनपद के कूरेभार में सेउर मोड़ के पास हुए सड़क हादसे एक 16 वर्षीय युवक की मौत हो गई तो वहीं बुलेट बाइक पर सवार दूसरे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्ज़ा अयान बाग उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र मिर्ज़ा सहित निवासी मुकेश अपने एक रिश्तेदार के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से बाजार जा रहे थे इसी दौरान से उनकी जोरदार टक्कर हो गई हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया बताया जाता है कि युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई थी जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन तथा बुलेट मोटरसाइकिल कब्जे में लेकर विधायक कार्रवाई शुरू कर दिए पुलिस का कहना है कि मामले की सभी एल्बम से जांच की जा रही है हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ।

## जायस पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के अपराधी को भेजा जेल

जायस अमेठी,थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान करमराज पुत्र मनीराम निवासी ग्राम मौलवी कला थाना जायस उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ दस अपराधिक मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।


## जायस पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के अपराधी को भेजा जेल

जायस अमेठी,थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान करमराज पुत्र मनीराम निवासी ग्राम मौलवी कला थाना जायस उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ दस अपराधिक मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।


## अबूझ पहेली बना राम तेज हत्याकांड

फॉरेसिंक टीम के साथ खुलासे के प्रयास में जुटी पुलिस

हत्या की वजह तलाशने में पुलिस के छूट रहे पसीने

कुड़वार/सुल्तानपुर। शनिवार को घर के अन्दर लहूलुहान हालत में मृत मिले राम तेज कोरी के शव का खुलासा पुलिस के लिए अबूझ पहेली बना हुआ है। पुलिस फोरेंसिक टीम की मदद से खुलासे का प्रयास करने में जुटी है। बता दे शनिवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के कमालपुर मीरापुर गांव निवासी राम तेज कोरी(65)पुत्र स्व राम प्रसाद का शव घर के अन्दर लहूलुहान अवस्था में मिला था।घर के अंदर उसकी कथित दूसरी पत्नी भवानी देवी के अलावा कोई मौजूद नहीं था।पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर मृतक की बेटी बसंता के साथ गांव वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया। बसंता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार खुलासे के प्रयास में जुटी हुई है।लेकिन 30 घंटे बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। रविवार को भी पुलिस मृतक के गांव पहुंची और पुरानी रंजिश की तलाश के साथ जमीनी विवाद या अन्य कोई रंजिश की तलाश में लगी हुई है। साथ ही घटना स्थल से मिले खून लगे ईंट पर फिंगर प्रिंट किसके है इसके लिए फॉरेसिंक टीम की मदद से उसकी कथित पत्नी सहित पड़ोसियों के भी नमूने लिए गए।लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## भैंस चोरी के मामले में केस दर्ज

पूरनपुर।पूरनपुर पुलिस ने भैस चोरी करने के मामले मे एक मुकदमा दर्ज किया है मिश्री लाल पुत्र दलपत राम निवासी सिमरिया ता महाराजपुर थाना पूरनपुर ने गुलाम मोहम्मद पुत्र मतलूब हसन 2– मुस्तकीन उर्फ छोटे पुत्र सेदू व अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराते हुऐ बताया कि वह रात्रि 11:00 बजे अपनी भैंस व पड़िया अपने घर में बाँधी व उसे चारा खिलाया व चारा खिलाने के वाद सो गया सुवह लगभग 5:00 जब सोकर उठा तब देखा की भैंस व पड़िया नहीं है काफी तलाश किया तब गाँव के लोगो से जानकारी हुई कि उक्त गुलाम मोहम्मद पुत्र मतलूब हसन, मुस्तकीन उर्फ छोटे पुत्र सेदू निवासीगण ग्राम गहलुईया थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर प्रार्थी की भैंस व पड़िया चोरी कर ले गये भैंस व पड़िया काले रंग की थी एवं भैंस के लगभग 4 इंच सींग है।

# अतिक्रमण से घिरा सिरसा चौराहा पर तेज रफ्तार वाहन ने बुझाया परिवार का चिराग

पूरनपुर। नेशनल हाईवे 730 असम रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बीएससी के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार पूरनपुर के मोहल्ला कास्थान निवासी अंश सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह नगर के डिग्री कॉलेज में बीएससी के छात्र थे शनिवार देर रात वह किसी जरूरी कार्य से लौटकर अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह असम हाईवे स्थित सिरसा चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया छात्र की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए इकलौते बेटे की असमय मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि ट्रक और चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है मोहल्ले के लोगों ने घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन से हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है कई बार नेशनल हाईवे के अधिकारियों को कई बार हाइवे की दोनो पटरियों पर हुए अवैध कब्जे को लेकर अवगत कराया इसके बावजूद जिसकी आशंका थी वही हुआ एक माँ की कोख सुनी कर दी अवैध अतिक्रमण से हाइवे सिकुड़ के रहे गया लगातार अवगत कराने के बाबजूद भी कारवाही शून्य सिरसा चौराहा एक तरफ से फल वालों ने दूसरी तरफ अवैध पार्किंग स्टैंड दोनो तरफ से हुऐ कब्जे की बजह से अक्सर ऐसे हादसे होते रहते है प्रशासन को जल्द से जल्द करवाही कर नेशनल हाईवे की दोनो पटरियों को कब्जा मुक्त कराना होगा।

# ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 'बाबा सिद्धेश्वरनाथ द्वार' का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। नगर क्षेत्र के ऐतिहासिक रामलीला मैदान परिसर में रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत हुई। दशकों पूर्व स्वर्गीय रामदास महाशय अग्रहरि द्वारा निर्मित प्रवेश द्वार जो समय के साथ जर्जर हो चुका था, उसके पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस द्वार के पुनर्निर्माण की मांग लंबे समय से अग्रहरि समाज, बड़ी दुर्गा समिति, सिद्धेश्वर नाथ मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों और वार्ड सभासदों द्वारा की जा रही थी। अब यह द्वार स्वर्गीय रामदास महाशय अग्रहरि की स्मृति में 'बाबा सिद्धेश्वरनाथ द्वार' के नाम से पुनर्निर्मित कराया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग छह लाख रुपये की अनुमानित लागत आएगी।द्वार को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए राजस्थान के धौलपुर के लाल पत्थर का उपयोग किया जाएगा। साथ ही, प्रवेश द्वार पर भगवान राम के प्रतीक स्वरूप तीर-धनुष की स्थापना भी की जाएगी।



यह द्वार ऐतिहासिक रामलीला मंचन स्थल एवं प्राचीन धार्मिक आस्था के केंद्र सिद्धेश्वरनाथ मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।नगर में भव्य रूप से आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव, रामलीला, नवरात्रि और दशहरा जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में नव-निर्मित द्वार न केवल सौंदर्य में वृद्धि करेगा, बल्कि नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करेगा।भूमि पूजन के अवसर पर स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष की पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के सभासदगण, बड़ी दुर्गा समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारत सद्भावना का केंद्र : सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर,। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत की ओर से संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त तारामंडल स्थित बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न जाति, समाज और पंथ के प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सामाजिक सद्भाव बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि आज सामाजिक नेतृत्व यहां उपस्थित है। समाज उसे कहते हैं, जिसका परस्पर जुड़ाव हो। अर्थ-स्वार्थ का अपनापन टिकता नहीं है। अन्य देशों में विचार है कि मनुष्य से मनुष्य का संबंध एक सौदा है, किन्तु अपने देश में मनुष्यों के संबंध का विचार ऐसा नहीं है। यहां संबंध अपनेपन का है। हमारे देश में अनेक विविधताएं और अनेक रीति-रिवाज हैं। यहां विविधता में एकता है क्योंकि यहां एक नाता है। भारत को हम माता मानते हैं। एक ही चैतन्य सबमें है। वह भगवान है। हमारी अलग-अलग विशिष्टताओं के बावजूद यही नाता हमें जोड़े रखता है। हमारी संस्कृति में हम महिला को वात्सल्य की दृष्टि से देखते हैं। सदियों के आचरण से हमारा यह स्वभाव बना है। हमारे यहां अलग रंग-रूप और वेशभूषा अलगाव का कारण नहीं बनते। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का लक्ष्य जीवन के सत्य को जानना है। जीवन का सत्य भगवान है। यही हमारा समान लक्ष्य और समान संस्कृति है। समाज सद्भाव से चलता है। समाज में यदि सद्भावना नहीं है तो कानून और पुलिस के बावजूद समाज नहीं चलता।

सरसंघचालक ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे हुए हैं। यह कोई उत्सव की बात नहीं है। जिसे करने में 100 वर्ष लग गए, वह और पहले हो जाना चाहिए था। हमें करना यह है कि ब्लॉक स्तर पर वर्ष में 2-3 बार बैठें। हम अपनी जाति की चिंता कर रहे हैं, यह अच्छी बात है लेकिन ध्यान रखें कि हम एक बड़े समाज के लोग हैं। हिन्दू समाज में पूर्ण स्वतंत्रता है। हम हिन्दू समाज के अंग हैं। इस दृष्टि से क्या कर रहे हैं और क्या कर सकते हैं, इस पर विचार करें। साथ ही अपनी जाति-समाज की बैठक में भी विचार करें कि ब्लॉक स्तर पर हम हिन्दू समाज के लिए क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्वार्थ नहीं देखता। दुनिया के अन्य देशों पर संकट आने पर भारत उनकी सहायता के लिए आगे आता है। भारत सद्भावना का केन्द्र है।

सरसंघचालक डॉ भागवत के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न जाति, पंथों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। उनकी जिज्ञासाओं पर सरसंघचालक ने कहा कि आवश्यक है कि अपनी जाति-बिरादरी में चर्चा कर बड़े हिन्दू समाज के लिए कार्य करें। ब्लॉक स्तर पर बैठकों के बाद धीरे-धीरे बात आगे बढ़ेगी। समाज स्तर पर कार्य स्वयं करना होगा। संघ के भरोसे नहीं रहना चाहिए। समाज के हर अंग में शक्ति होनी चाहिए। समाज को चलाने के लिए खंड स्तर पर समाज के मुखिया लोगों को कार्य करना होगा। मिलकर विचार करेंगे, मिलकर दायित्व लेंगे और कुछ गड़बड़ होगा तो मिलकर सुधार करेंगे। देश ठीक रहेगा तो हम भी ठीक रहेंगे। यह समाज का काम है। समाज करेगा, संघ सहायता करेगा। सामाजिक सद्भाव बैठक में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने समाज में हो रहे सामाजिक कार्यों के प्रेरक उदाहरण साझा किए। इस अवसर पर सरसंघचालक ने विविध जाति, पंथ और समाजों के प्रतिनिधियों के साथ पंगत में भोजन किया। मंच पर सरसंघचालक के साथ प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक की प्रस्तावना सह प्रान्त सद्भाव प्रमुख शिवाजी राय ने रखी तथा सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ राकेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## बिना नंबर प्लेट बाइक से स्मैक की तस्करी, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार; 50 लाख की खेप बरामद

बरेली। मीरगंज थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 502 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक से जा रहे संदिग्ध को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान पंकज उपाध्याय उर्फ पंकज शर्मा (52) पुत्र रमेशचंद्र निवासी ग्राम गुलडिया, थाना मीरगंज के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपित थाना मीरगंज का हिस्ट्रीशीटर है और पूर्व में एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ बरेली, दिल्ली, मध्य प्रदेश और मुरादाबाद में भी मुकदमे दर्ज हैं। तलाशी में एक मोटोरौला कीपैड मोबाइल फोन और हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई।

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि आरोपित लंबे समय से स्मैक की तस्करी में लिप्त था और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# महाशिवरात्रि पर तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी में भक्तों ने किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्थापित शिव मंदिरों में सुबह से ही बम बम भोले हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय के गगन भेदी नारों जयकारों से इलाका गुंजायमान रहा। रविवार को सुबह से ही भक्तगणों ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया और जगह जगह पर प्रसाद वितरित भी किया गया।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक एवं फूल बेलपत्र आदि चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि का पर्व मनाने के पीछे अलग अलग कथाएं प्रचलित है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक सुबह शाम दोपहर ही नही बल्कि चारो पहर में किया जाता है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिये भक्तगण भांग,बेर,बर्रे का फूल फल,जौ की बाली, गन्ने का रस एवं टुकड़े इत्यादि उनकी शिवलिंग पर अर्पित करते हैं।महाशिवरात्रि के दिन इन वस्तुओं का एक विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का ॐ नमः शिवाय अखण्ड पाठ विशेष महत्त्व रखता है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीढ़ी स्थित तपेश्वर धाम,रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर धाम मंदिर,राजा फतेहपुर के सिद्धेश्वर धाम व घूरेश्वर मंदिर,सेमरौता के बाबा उजियार नाथ मंदिर, ओम नाथ मंदिर के साथ ही इन्हौना के रत्नेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही और भारी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया।पीढ़ी गांव स्थित तपेरेश्वर धाम में भाजपा नेता भवानी दत्त दीक्षित द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।भक्तगणों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये मंदिरों में चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के साथ ही शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने कई शिवालयों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# महाशिवरात्रि पर तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी में भक्तों ने किया जलाभिषेक

## शिव मंदिरों पर भक्तों की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ तैनात रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्थापित शिव मंदिरों में सुबह से ही बम बम भोले हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय के गगन भेदी नारों जयकारों से इलाका गुंजायमान रहा। रविवार को सुबह से ही भक्तगणों ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया और जगह जगह पर प्रसाद वितरित भी किया गया।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक एवं फूल बेलपत्र आदि चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि का पर्व मनाने के पीछे अलग अलग कथाएं प्रचलित है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक सुबह शाम दोपहर ही नही बल्कि चारो पहर में किया जाता है।महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिये भक्तगण भांग,बेर,बर्रे का फूल फल,जौ की बाली, गन्ने का रस एवं टुकड़े इत्यादि उनकी शिवलिंग पर अर्पित करते हैं।महाशिवरात्रि के दिन इन वस्तुओं का एक विशेष महत्व माना गया है।महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का ॐ नमः शिवाय अखण्ड पाठ विशेष महत्त्व रखता है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीढ़ी स्थित तपेश्वर धाम,रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर धाम मंदिर,राजा फतेहपुर के सिद्धेश्वर धाम व घूरेश्वर मंदिर,सेमरौता के बाबा उजियार नाथ मंदिर, ओम नाथ मंदिर के साथ ही इन्हौना के रत्नेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही और भारी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया।पीढ़ी गांव स्थित तपेरेश्वर धाम में भाजपा नेता भवानी दत्त दीक्षित द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।भक्तगणों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये मंदिरों में चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के साथ ही शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने कई शिवालयों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया

एजेंसी



सिडनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को 21 रनों से हरा दिया। रविवार को यह मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। बारिश से प्रभावित इस मैच में भारतीय टीम को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) नियम के आधार पर विजेता घोषित किया गया।

मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजी के लिए उतरी और तेज शुरुआत करते हुए पहले 10 ओवर में 87 रन बना लिए, हालांकि इस दौरान उसने पांच विकेट भी गंवा दिए। बेथ मूनी (5), जॉर्जिया वॉल (18), एलिस पेरी (20), एश्ले गार्डनर (4) और फीबी लिचफील्ड (26) सस्ते में आउट हो गईं।

जॉर्जिया वेयरहम ने 19 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 30 रन बनाए लेकिन नियमित अंतराल पर गिरते विकेटों के कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम 18 ओवर में 133 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। रेणुका सिंह ठाकुर और श्री चरणी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि दीप्ति शर्मा और क्रांति गौड़ को एक-एक सफलता मिली।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 11 गेंदों में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 21 रन बनाए। भारत ने 5.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 50 रन बना लिए थे, तभी तेज बारिश शुरू हो गई। बाद में जब बारिश नहीं थमी तो डकवर्थ-लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 21 रन से विजेता घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यूक्स ने एकमात्र विकेट हासिल किया। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

# एनाबेल सदरलैंड को लगातार दूसरी बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार

एजेंसी



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को प्रतिष्ठित बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया में किसी महिला क्रिकेटर को दिया जाने वाला सर्वोच्च व्यक्तिगत पुरस्कार है। सदरलैंड ने लगातार दूसरी बार यह अवॉर्ड जीता।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बताया कि सदरलैंड ने 77 वोट हासिल कर यह पुरस्कार अपने नाम किया। उनसे महज तीन वोट पीछे रहीं बेथ मूनी को 74 वोट मिले, जबकि अलाना किंग 56 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुष और महिला टीमों के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार समारोह पारंपरिक प्रारूप में आयोजित नहीं हो सका। सदरलैंड को यह सम्मान एससीजी मेंबर्स लॉन्ग रूम में आयोजित विशेष प्रस्तुति समारोह में प्रदान किया गया।

सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन के दम पर वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता, जबकि बेथ मूनी को टी20 अंतरराष्ट्रीय प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। घरेलू प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान निकोला कैरी को मिला। सदरलैंड लगातार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी हैं, उनसे पहले करेन रोल्टन (2002-03, 2005-06), लिसा स्थलेकर (2007-08), शेली निट्स्के (2009-12) और मेग लैनिंग (2014-15) यह पुरस्कार जीत चुकी हैं। पुरस्कार मिलने पर सदरलैंड ने कहा कि महान खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम जुड़ना बेहद खास है। इस समय यह अनुभव बेहद शानदार और थोड़ा अविश्वसनीय भी लग रहा है। सदरलैंड ने कहा कि मैं बेलिंडा क्लार्क से यह अवॉर्ड पाकर बहुत आभारी हूं। यह जानकर भी बहुत अच्छा लग रहा है कि पिछले 12 महीनों में टीम की सफलता में मेरा योगदान रहा है। पिछले एक साल के दौरान सदरलैंड ने सभी प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 15.63 की औसत से 27 विकेट झटके और 41.66 की औसत से 250 रन बनाए, जो उनके हरफनमौला कौशल को दर्शाता है।

# राउरकेला में बेल्जियम ने भारत को 4-2 से हराया, पेनल्टी कॉर्नर बने निर्णायक

एजेंसी



राउरकेला । एफआईएच प्रो लीग के राउरकेला चरण में भारत को बेल्जियम के खिलाफ रीमैच में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में बेल्जियम ने पहले हाफ में आक्रामक खेल दिखाते हुए बढ़त बना ली, जिसे भारत दूसरे हाफ में पूरी तरह पाट नहीं सका। बेल्जियम की पुरुष हॉकी टीम ने शुरुआत से दबाव बनाया और पेनल्टी कॉर्नर का बेहतरीन उपयोग किया। 11वें मिनट में ह्यूगो लाबुचेरे ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर खाता खोला। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 14वें और 17वें मिनट में दो ड्रैग-फ्लिक गोल कर बढ़त 3-0 कर दी। पहले क्वार्टर के अंत में आर्थर डी स्लोवर ने एक और गोल जोड़कर स्कोर 4-0 कर दिया। चार गोल से पिछड़ने के बाद भारतीय हॉकी टीम ने वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में आदित्य लालगे ने रीबाउंड पर गोल कर अंतर कम किया। तीसरे क्वार्टर में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 4-2 कर दिया। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने कई अहम बचाव किए, जबकि बेल्जियम के गोलकीपरलोइक वैन डोरेन ने भी बढ़त को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई। अंतिम क्वार्टर में भारत ने तेज खेल दिखाया, लेकिन बेल्जियम की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति ने कोई और मौका नहीं दिया। यह मुकाबला एफआईएच पुरुष प्रो लीग के तहत बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ बेल्जियम ने राउरकेला चरण में भारत पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

# भारतीय ए महिला टीम ने पाकिस्तान ए महिला टीम को 8 विकेट से हराया

एजेंसी



बैंकॉक (थाईलैंड)। भारतीय ए महिला टीम ने एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 में पाकिस्?तान ए महिला टीम को आठ विकेट से करारी शिकस्?त दी। रविवार को बैंकॉक के टेरदथाई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 18.5 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। जवाब में भारतीय ए महिला टीम ने 10.1 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 97 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज हुमैरा काजी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद वृंदा दिनेश और अनुष्का शर्मा ने पारी को संभालते हुए 50 गेंदों में 79 रनों की मजबूत साझेदारी की।

अनुष्का 26 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन इसके बाद कोई और विकेट नहीं गिरा। वृंदा दिनेश ने आक्रामक अंदाज में 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। तेजल हसबनीस ने 5 गेंदों पर नाबाद 12 रन जोड़े।

पाकिस्तान की ओर से वहीदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले पाकिस्तान की पारी के दौरान भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। इससे पाकिस्तान के नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, जिससे वह संभल नहीं सकी और पूरी टीम 93 रनों पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से सलामी खिलाड़ी शवाल जुल्फिकर ने सर्वाधिक 23 रन बनाए, जबकि गुल रुख ने 21 और अनोशा नासिर ने 17 रन जोड़े। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। भारतीय ए महिला टीम की ओर से सायमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं जिंतिमानी कलिता और मीनू मणि को एक-एक सफलता मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि पर्व पर क्रिकेट सितारों ने दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली । देशभर में रविवार को भगवान भोलेनाथ की आराधना और उपासना का पावन पर्व महाशिवरात्रि श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट जगत के कई दिग्गजों ने भी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्ज़ा, सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने अपने संदेश में शिव स्तुति की पंक्तियां साझा कीं— करचरण कृतं वाक्कायजं कर्मजं वा।श्रवणनयनजं वा मानसं वापराध विहितमविहितं वा सर्वमेतत् क्षमस्व।जय जय करुणाब्धे श्रीमहादेव शम्भो इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का संचार हो। महादेव आपके सभी कष्टों का निवारण करें और आपको धर्म, साहस एवं सफलता के मार्ग पर अग्रसर रखें। ? नमः शिवाय। हर हर महादेव। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने अपने संदेश में लिखा, ल्लशिव ही सत्य हैं, शिव ही सुंदर हैं, शिव ही अनंत हैं। हम सभी के जीवन में शिव जैसी स्थिरता, गंगा जैसी पवित्रता और नंदी जैसी निष्ठा आए। आपको सपरिवार महाशिवरात्रि की अनंत मंगलकामनाएं। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, हर हर महादेव। इस महा शिवरात्रि पर सभी को शांति और शक्ति की कामना। वहीं, पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने लिखा, ल्लमहाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। महादेव सभी को शक्ति और शांति प्रदान करें। हर हर महादेव।

### न्यायिक विमर्श व परामर्श का सशक्त केंद्र बनेगा नया चैंबर भवन: मुख्यमंत्री

खटीमा । महाशिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उधमसिंह नगर जिले के खटीमा के सिविल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बने अत्याधुनिक चैम्बर भवन का लोकार्पण किया। इस पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चैम्बर बनाने के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नवनिर्मित चैम्बर न्यायिक विमर्श, विधि अध्ययन और परामर्श का सशक्त केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सुविधा खटीमा और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले अधिवक्ताओं और आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुगमता व गति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में न्याय व्यवस्था को पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रभावी बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि पुराने एवं अप्रासंगिक कानूनों को हटाकर वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू की गई हैं, जिससे न्याय प्रणाली अधिक सुदृढ़ और समयानुकूल बनी है। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट, नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड, फास्ट ट्रैक एवं स्पेशल कोर्ट, महिला एवं बाल अपराधों के लिए त्वरित न्याय तंत्र, ऑनलाइन सुनवाई और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम जैसी व्यवस्थाओं से न्यायिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। तकनीक के समुचित उपयोग से पारदर्शिता बढ़ी है और समय की बचत के साथ न्याय प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक बनी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में लगभग 7 हजार से अधिक न्यायालय भवनों और 11 हजार से अधिक आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी न्यायिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण और विधि शिक्षा को आधुनिक स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा खटीमा का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं के लिए 20 नए चैम्बर निर्माण के 2 करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा कर उपस्थित अधिवक्ताओं को एक और बड़ी सौगात दी। घोषणा के साथ ही परिसर में उत्साह का वातावरण देखा गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, न्यायिक अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण और आमजन उपस्थित रहे।

# टी20 वर्ल्ड कप: वेस्टइंडीज ने नेपाल को 9 विकेट से हराया, सुपर-8 के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी



मुंबई । आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 25वें मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज ने नेपाल को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। ग्रुप-सी का यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने 15.2 ओवर में महज एक विकेट खोकर 134 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों में लगातार तीन जीत दर्ज कर सुपर आठ में जगह बना ली है। वहीं नेपाल लगातार तीसरा मुकाबला हारकर विश्व कप से बाहर हो गई है। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत मजबूत रही। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। किंग 17 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद होप ने शिमरोन हेटमायर के साथ मिलकर पारी को संभाला और टीम को जीत तक पहुंचाया। होप ने 44 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 61 रन बनाए, जबकि हेटमायर ने 32 गेंदों में चार चौके और दो छक्के जड़ते हुए नाबाद 46 रन की पारी खेली। नेपाल की ओर से नंदन यादव ने एकमात्र विकेट हासिल किया।

नेपाल की पारी लड़खड़ाई

इससे पहले नेपाल की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम ने 73 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। कुशल भुर्टेल (1), रोहित पौडेल (5), आसिफ शेख (11), आरिफ शेख (2), लोकेश बाम (13) और गुलसन झा (11) सस्ते में आउट हो गए।

हालांकि दीपेंद्र सिंह ऐरी और सोमपाल कामी ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक ले गए। ऐरी ने तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 47 गेंदों पर 58 रन बनाए, जबकि कामी ने 15 गेंदों पर चार चौकों के सहारे नाबाद 26 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए। मैथ्यू फोर्ड, अकील हुसैन, शमर जोसेफ और रोस्टन चेज ने एक-एक विकेट लिया।

# टी20 विश्वकप: कोलंबो में भारत-पाकिस्तान महामुकाबले पर बारिश का साया

एजेंसी

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में आज (रविवार) भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। यह बहुप्रतीक्षित मुकाबला श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा स्टेडियम में शाम 07 बजे से खेला जाएगा। हालांकि ग्रुप 'ए' के इस हाई-वोल्टेज मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है।

श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, कोलंबो में स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर 2:00 बजे के बाद बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, कोलंबो में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। यदि बारिश के कारण मैच नहीं हो पाता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने अब तक टूर्नामेंट में दो-दो मैच खेले हैं और दोनों ने अपने सभी मुकाबले जीते हैं। भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया है, जबकि पाकिस्तान ने नीदरलैंड और अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज की है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम चार अंकों और +3.050 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर है। पाकिस्तान की टीम के भी दो मैचों में जीत के साथ चार अंक हैं और +0.932 के नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर बनी हुई है। दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच यह मुकाबला न केवल रोमांचक होने की उम्मीद है बल्कि ग्रुप की अंक तालिका पर भी इसका बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

# सर्राफा बाजार में आज कोई बदलाव नहीं, शनिवार के भाव पर ही कारोबार करते रहे सोना और चांदी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज महाशिवरात्रि के दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना और चांदी दोनों आज दिनभर शनिवार के भाव पर ही कारोबार करते रहे। भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 1,57,750 रुपये से लेकर 1,57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज शनिवार के भाव पर ही यानी 1,44,600 रुपये से लेकर 1,44,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिकता रहा। चांदी के भाव में भी कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,900 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# स्टॉक मार्केट: आईटी सेक्टर के दबाव में साप्ताहिक आधार पर गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी



नई दिल्ली । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बनी चिंता की वजह से आईटी सेक्टर के शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली ने घरेलू शेयर बाजार के पिछले सप्ताह के कारोबार पर काफी प्रतिकूल असर डाला। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 953.64 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,626.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 222.60 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,471.10 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। 13 फरवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 0.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आयशर मोटर्स, लेंसकार्ट सॉल्यूशंस, टाटा मोटर्स, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, स्विगी, इंडस टावर्स, अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज और श्रीराम फाइनेंस के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अदानी पावर, विप्रो, इंफोसिस, एलटीआई माइंडट्री, कोल इंडिया, डीएलएफ और टेक महिंद्रा के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स सोमवार से शुक्रवार तक के हुए कारोबार के बाद 0.40 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल लिंडे इंडिया, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल, भारत फोर्ज, ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया और एस्ट्रल के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एलटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, कोफोर्ज, केपीआईटी टेक्नोलॉजीज, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, टाटा एलक्सी और ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का मोदी आज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार शाम नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ-साथ 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस एक्सपो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक प्रदर्शन के राष्ट्रीय मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां नीति व्यवहार में बदलती है, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होता है और प्रौद्योगिकी आम लोगों से जुड़ती है।

लगभग 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 स्थानों में आयोजित होने वाला यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्र एवं राज्य दोनों के सरकारी विभागों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक मंच पर साथ लाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कैसे स्वास्थ्य सेवा एवं कृषि से लेकर जलवायु कार्रवाई एवं सार्वजनिक सेवा वितरण तक के क्षेत्रों को परिवर्तित कर रही है।

बयान के अनुसार, ''इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 विचारों एवं नवाचारों की एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा और यह दर्शायेगा कि राष्ट्रीय विकास के लिए एआई का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक एवं समावेशी रूप से कैसे किया जा सकता है। इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन होंगे, जो एआई पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दर्शाते हैं। इसमें शामिल होने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और कई अफ्रीकी भागीदार शामिल हैं। इसके अलावा, 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप समाधान प्रस्तुत करेंगे, जिनमें से कई पहले से ही बड़े पैमाने पर उपयोग में लाए जा रहे हैं। आयोजकों ने कहा कि ये स्टार्टअप विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक नवाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत में एआई उद्यमिता के बढ़ते परिदृश्य को दर्शाते हैं। इसमें 300 से अधिक सुनियोजित प्रदर्शनी मंडप एवं लाइव प्रदर्शन तीन विषयगत ''चक्रों'' - लोग, ग्रह एवं प्रगति - के अंतर्गत संरचित होंगे जो एआई उपयोग के लिए मानव-केंद्रित एवं स्थिरता-संचालित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, निवेशकों, नीति निर्माताओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। इसमें 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विश्व के 3250 से अधिक वक्ता एवं पैनल सदस्य भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में आगे कहा, ''इन सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार-विमर्श किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से विश्व के सभी लोगों को लाभ मिले। भारत जिम्मेदार एवं समावेशी एआई नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाने के प्रयासों के बीच इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का आयोजन कर रहा है।

# किसानों के लिए बनें हर तरह की मगर सस्ती मशीनें : शिवराज सिंह

एजेंसी

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के पास नयी से नयी मशीनें होनी चाहिये लेकिन उनकी लागत कम हो और वे चलाने में आसान तथा अधिक प्रभावी भी हों।

वह यहां रविवार को केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), भोपाल के 51वें स्थापना दिवस समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कपास की तुड़ाई के लिए बनी एक खास मशीन भी किसानों को समर्पित की। जहां पर कपास की तुड़ाई हाथ से करनी पड़ती हैं वहां यह मशीन समय और श्रम की बचत कर देगी। इससे किसान की लागत भी कम हो जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि यह मशीन जल्द ही किसानों के लिए उपलब्ध होगी।

उन्होंने बताया कि कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए ऐसी नई किस्म विकसित की जा रही है, जो रोग प्रतिरोधी हो और अधिक पैदावार दे सके। यही नहीं प्रति एकड़ अधिक पौधे लगाने पर भी कार्य जारी है, ताकि किसान भाइयों की आय में वृद्धि हो। श्री चौहान ने कहा कि देश की खेती में मशीनीकरण तेज हो रहा है और इसकी मिसाल यह है कि इस साल ट्रैक्टर इतने बिके कि दुनिया चकित रह गई। आज देश ट्रैक्टर की बिक्री में दुनिया में नंबर एक हो गया है। लेकिन किसान के पास केवल ट्रैक्टर ही नहीं, दूसरी मशीनें भी हों। उन्होंने कहा कि किसान भाई-बहनों और स्वयं सहायता समूहों की बहनों, के पास छोटी-छोटी मशीनें होनी चाहिए। ये मशीनें केवल केवल बोने की ही नहीं, प्रोसेसिंग करने की भी होनी चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने मिसाल देते हुए कहा कि ढाई लाख रुपये की एक दाल की मशीन बनी है जिसमें प्रति घंटे 20 किलो दाल बनाई जा सकती है। यह मशीन किसान, किसान का ग्रुप या सेल्फ हेल्प ग्रुप खरीद भी सकते हैं। खरीदने में भी कई तरह की सरकारी योजनाएं हैं। इसके अलावा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में 50 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलेगी।

## नैतिक एआई उपयोग के लिए भारत की राष्ट्रव्यापी पहल

नई दिल्ली। केंद्रीय के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'इंडियाएआई मिशन' के तहत एक अभूतपूर्व डिजिटल अभियान की घोषणा की है। यह अभियान 16-20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' का एक मुख्य हिस्सा है। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इंटेल इंडिया के सहयोग से शुरू होने वाला यह राष्ट्रव्यापी अभियान सोमवार सुबह करीब 8:00 बजे से प्रसारित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य ''मोस्ट प्लेज रिसीव्ड फॉर एन एआई रिस्पॉन्सिबिलिटी कैंपेन इन 24 ऑवर्स'' का आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है।

## अमेरिका भारत व्यापार समझौते पर राहुल गांधी ने एक बार फिर सरकार को कठघरे में खड़ा किया

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आरोप लगाया है कि इस समझौते से देश के कृषि क्षेत्र को लंबे समय में नुकसान पहुंच सकता है और सरकार को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। श्री गांधी ने रविवार को सूखा अनाज (डीडीजी) के आयात का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब भारतीय मवेशियों को अमेरिकी मक्का से बने चारे पर निर्भर करना होगा, जिससे दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर हो सकती है। उन्होंने इसी तरह सोया तेल के आयात की अनुमति दिए जाने की संभावना पर भी चिंता जताई है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित देशभर के सोया किसानों पर इसके असर को लेकर श्री गांधी ने सवाल किए हैं। उन्होंने ''अतिरिक्त वस्तुएँ'' शब्द के दायरे को लेकर भी स्पष्टता देने की मांग करते हुए आशंका व्यक्त की है कि क्या भविष्य में दालों और अन्य फसलों को भी अमेरिकी आयात के लिए खोला जा सकता है। इसके साथ ही ''गैर-व्यापारिक बाधाएँ'' हटाने पर सवाल किया है कि क्या इससे जीएम फसलों पर भारत का रुख नरम करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकारी खरीद व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। श्री गांधी का कहना है कि यह मुद्दा केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भारत की कृषि आत्मनिर्भरता और किसानों के भविष्य से जुड़ा है, जिस पर सरकार को स्पष्ट तौर पर जवाब देना चाहिए।

## पश्चिम बंगाल में कटवा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में लगी आग, बाहर से साजिश की आशंका

**पूर्व बर्दवान।** पश्चिम बंगाल में पूर्व बर्दवान जिले के कटवा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के खड़ी अजिमगंज पैसेंजर ट्रेन के एक कोच में लगी भीषण आग लग गई। घटना रविवार सुबह करीब 4:30 बजे की है। प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी 53435 अप अजिमगंज पैसेंजर ट्रेन सुबह 6 बजे रवाना होने वाली थी। अचानक एक कोच से धुआं निकलता दिखा और देखते-ही-देखते आग की लपटें पूरे कोच को चपेट में ले लिया। कोच पूरी तरह जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि उस समय कोच में कोई यात्री मौजूद नहीं था। रेलवे अधिकारियों की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ट्रेन पूरी तरह स्थिर थी और गतिहीन अवस्था में खड़ी थी। ऐसे में चलती ट्रेन में होने वाला शॉर्ट सर्किट यहां संभव नहीं लग रहा। जांच अधिकारियों को संकेत मिले हैं कि आग कोच के अंदर से नहीं, बल्कि बाहर से लगाई गई हो सकती है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवराम माझी ने कहा कि ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। आग लगने का कारण जानना बहुत जरूरी है। प्रारंभिक जांच से लगता है कि आग बाहर से लगाई गई हो सकती है। हालांकि अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच के बाद ही आएगा। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जले हुए कोच, आग के फैलाव के पैटर्न और आसपास के सबूतों की वैज्ञानिक जांच करेगी। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह दुर्घटना थी या सुनियोजित साजिश। वहीं, दूसरी ओर जांच में नया मोड़ सामने आ गया है। दमकल विभाग ने शुरुआत में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण बताया था, लेकिन रेलवे की प्रारंभिक जांच ने इस दावे को कमजोर कर दिया है और अब आग बाहर से लगाए जाने की आशंका जोर पकड़ रही है।

## जयंत मंगलवार को एआई समिट के पवेलियन का दौरा करेंगे

नई दिल्ली। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) नई दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। ग्लोबल साउथ के इस सबसे बड़े एआई सम्मेलन मंत्रालय एक विशेष पवेलियन के माध्यम से भारत के युवाओं को एआई-सक्षम बनाने की अपनी रणनीति प्रदर्शित करेगा। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने रविवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा, वैश्विक दक्षिण में सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलनों में से एक की मेजबानी करना, एक जिम्मेदार और समावेशी एआई भविष्य को आकार देने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। मैं वैश्विक भागीदारों के साथ सार्थक चर्चा करने और यह प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक हूं कि भारत किस प्रकार अपने युवाओं और कार्यबल को एआई-तैयार कौशल से लैस कर रहा है जो सभी के लिए विकास और अवसरों को बढ़ावा देता है।

# आरएसएस सह-सरकार्यवाह ने हिंदू एकता का किया आह्वान

एजेंसी

इंफाल (मणिपुर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह डॉ कृष्णगोपाल ने इंफाल पश्चिम के थंगल बाजार के धर्मशाला में एक हिंदू सम्मेलन के दौरान हिंदुओं से एकजुट होने और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने की अपील की। बाजार उपनगर हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के हिस्से के रूप में मनाया गया।

वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, डॉ कृष्णगोपाल ने याद दिलाया कि कैसे हिंदुओं को एक होना कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने कहा, ल्लइसीलिए 1925 में नागपुर में डॉ के.बी. हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना केवल एक शाखा से की गई। पिछले एक शताब्दी में, हमने इसे पूरे भारत में लगभग 90 हजार शाखाओं तक विस्तारित किया है। उन्होंने भारत को दूसरों के प्रति वैश्विक चिंता के लिए विशिष्ट बताया, हिंदुओं को करुणा (सहानुभूति) और प्रेम (मोहब्बत) से परिभाषित किया। डॉ कृष्णगोपाल ने कहा, ल्लहिंदू पक्षियों को खिलाते हैं, नदियों, झीलों, पहाड़ों और प्रकृति की पूजा करते हैं; वे सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी भूखा न सोए और जरूरतमंदों की मदद करना अपना मुख्य कर्तव्य मानते हैं। हिंदू सभी पृष्ठभूमियों से आते हैं, जैसे मोची, मूर्तिकार, कलाकार, नाई, चित्रकार; कृष्ण उपासक, प्रकृति, सूर्य, चंद्रमा, या जानवरों के पूजा करने वाले। जिसमें मैतेई, कुकी, जैन, बिहारी, पंजाबी, गुजराती और अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, ल्लभारत अद्वितीय रूप से विभिन्न जातियों, समुदायों, धर्मों और विश्वासों के लोगों को शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है। यहां के सभी निवासी भारतीय हैं और हिंदू परिवार का हिस्सा हैं। ऐसे सम्मेलन इस हिंदुत्व को जागृत करने और शांति, प्रेम और मित्रता का समाज बनाने का उद्देश्य रखते हैं। रूस, पाकिस्तान, यूरोप और मध्य पूर्व में वैश्विक संघर्षों के बीच, उन्होंने भारत के लचीलेपन का श्रेय धर्म को दिया। ''धर्म का अर्थ है कर्तव्यों को ईमानदारी से पूरा करते हुए दूसरों को नुकसान न पहुंचाना - जैसे शिक्षक दिल से शिक्षित करना या माता-पिता बच्चों की ठीक से परवरिश करना। उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र प्राचीन सभ्यता है जो हजारों वर्षों से जीवित है, जबकि अन्य गायब हो गए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज अपराधों से टूट रहा है, जैसे कि बेंगलुरु के एक इंजीनियर द्वारा व्यापार निधियों के लिए अपने माता-पिता की हत्या या गाजियाबाद की एक मां को 15 दिन तक बच्चों की गैरमौजूदगी में सड़ने के लिए छोड़ देना। उन्होंने सलाह दी, ल्लयह पारिवारिक संस्कारों के झुकने से उत्पन्न होता है। परिवारों को अधिक बात करनी चाहिए, साप्ताहिक भोजन साझा करना चाहिए और एक-दूसरे की देखभाल करनी चाहिए। भारत में नशे की समस्या पर उन्होंने कार्रवाई की अपील करते हुए, बच्चों को सभी नशे, दवाओं, शराब, तंबाकू से दूर रहने की शिक्षा दें और इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करें।ड्ड उन्होंने मणिपुर के हिंदुओं की तारीफ करते हुए कहा, ल्लआपने संकट के समय धैर्य, सहनशीलता और शांतिप्रिय भावना दिखाई है। इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आज के आयोजनों को जीवंत बना दिया। इसी तरह के सम्मेलन वांगखेई उपनगर बीओएटी, पैलेस कंपाउंड; खुराई उपनगर संगीत कला संगम, खुराई लामलॉग; उरिपोक उरिपोक असोम लेइका बास्केटबॉल ग्राउंड कम कम्युनिटी हॉल; निंगथौखोंग नगर राधा मंटॉप; और ओइनाम मंडल ओइनाम पब्लिक कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुए। कुल मिलाकर, पूरे मणिपुर में 64 कार्यक्रम चल रहे हैं- इंफाल में 22, बिश्नुपुर में 10, थौबाल में 7, सेनापति में 15, चुराचंदपुर में 2, चंदेल में 3, उखरुल में 1 और तामेंगलॉग में 4 (पहाड़ी क्षेत्रों में 18), जो फरवरी के अंत तक जारी रहेंगे।



## आईआईटी मद्रास का कंसोर्टियम मॉडल तकनीक के तेज व्यावसायीकरण में अहम: जितेन्द्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आईआईटी मद्रास का कंसोर्टियम आधारित नवाचार मॉडल तकनीक के त्वरित और उपयुक्त व्यावसायीकरण को संभव बना रहा है। अन्य शैक्षणिक संस्थान और विश्वविद्यालय भी इस मॉडल को अपना रहे हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क स्थित इमर्सिव टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप लैब्स (आईटीईएल) फाउंडेशन और अन्य उन्नत शोध केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहरी परिवहन, अंतरिक्ष तकनीक, चिकित्सा उपकरण और मस्तिष्क अनुसंधान से जुड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा भी की।

# भारत 'बेहद सफल' उभरती अर्थव्यवस्था, एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान: संरा प्रमुख

एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक 'बेहद सफल' उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।

'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो।

उन्होंने कहा, ''मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और 'ग्लोबल साउथ' के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला है जो 'ग्लोबल साउथ' के किसी देश में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह 'लोग, धरती और प्रगति' के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे।

उन्होंने कहा कि ''यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो''। गुतारेस की इस टिप्पणी को स्पष्ट रूप से अमेरिका और चीन पर केन्द्रित माना जा रहा है। गुतारेस ने कहा, ''यह बेहद आवश्यक है कि कृत्रिम मेधा मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक साधन बने। उन्होंने कहा, ''भारत की भूमिका आज एक बेहद सफल उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में है और यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था में बल्कि वैश्विक मामलों में भी लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत बिल्कुल उपयुक्त जगह है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कि एआई की अपार संभावनाओं एवं इसके सभी जोखिमों के साथ इस पर गहराई से चर्चा हो क्योंकि एआई पूरी दुनिया से संबंधित है, न कि केवल कुछ लोगों से।

# पेज एक का शेष

## गरीबों को राशन...

आपूर्ति मंत्रालय का यह कदम आने वाले दिनों में पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री के मंत्र, ' न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन को आज एक नए क्षेत्र में धरातल पर उतारने का काम हो रहा है। श्री शाह ने कहा कि टेक्नोलॉजी और श्री मोदी जी की गरीबों के प्रति संवेदना का अनूठा संगम यह वितरण प्रणाली सुरक्षित, पारदर्शी तरीके से गरीबों के अधिकार की सुरक्षा का माध्यम बनेगी। आज अन्नपूर्ति मशीन का भी लोकार्पण हुआ है, जो 35 सेकंड में 25 किलो अनाज का वितरण कर रही है। उन्होंने कहा कि तीन-चार साल में ही पूरे देश में यह प्रणाली लागू हो जाएगी। यह अनाज वितरण प्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी होगी और इसके लागू होने के बाद देश के हर गरीब को पांच किलो मुफ्त अनाज मिल सकेगा। बेहतर गुणवत्ता, सटीक मात्रा और पारदर्शी वितरण में अन्नपूर्ति मशीन सहायक सिद्ध होगी। धीरे-धीरे कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक हमारे विशाल देश में इस प्रणाली को लागू करना चाहिए।

## हम डिफेंस फोर्सेज...

के लिए कुल रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि है। रक्षा पूंजीगत व्यय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। इसे पिछले वर्ष के 1.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.31 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो करीब 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सरकार का मानना है कि यह निवेश रक्षा क्षमताओं को आधुनिक बनाने और सैन्य ढांचे को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। आर्थिक नीति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में आर्थिक बदलाव के अगले चरण के लिए निजी क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उद्योग जगत से अपेक्षा जताई कि कंपनियां केवल मार्जिन सुरक्षित रखने तक सीमित न रहें, बल्कि अनुसंधान एवं विकास (टाक), सप्लाई चेन सुदृढ़ीकरण और गुणवत्ता सुधार में तेजी से निवेश करें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि डेटा सेंटर सेक्टर युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है। भारत दुनिया भर के डेटा को यहां स्थापित करने के लिए तैयार है और इस दिशा में ठोस संभावनाएं मौजूद हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मजबूत विनिर्माण, सेवा क्षेत्र और एमएसएमई की वजह से भारत 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) मजबूत स्थिति से कर सका है। उन्होंने कहा कि इन समझौतों को इस तरह तैयार किया गया है कि टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल्स, हैंडीक्राफ्ट्स, जेम्स और अन्य क्षेत्रों के एमएसएमई को नए बाजारों तक पहुंच मिल सके। उनके अनुसार, राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत स्पष्टता ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और भारत को वैश्विक आर्थिक मंच पर मजबूत स्थिति दिलाई है। महिलाओं की भूमिका पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के हर निर्णय में महिला कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। नीतियों और योजनाओं के केंद्र में महिलाओं की उन्नति को रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी निर्णायक होगी और देश की प्रगति का नेतृत्व महिलाएं ही करेंगी। प्रधानमंत्री का समग्र संदेश स्पष्ट है – रक्षा आधुनिकीकरण, आर्थिक सुधार, निजी निवेश, वैश्विक व्यापार विस्तार और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

## राजनीतिक स्थिरता से बढ़ा...

जारी है और वह स्वयं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होते, क्योंकि देश के विकास के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के अगले आर्थिक परिवर्तन में निजी क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास, सप्लाई चेन और क्वालिटी सुधार में आक्रामक निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और भारत वैश्विक डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर का केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही, यूपीआई प्लेटफॉर्म के जरिए डिजिटल लेनदेन में आई क्रांति ने भारत को डिजिटल लीडर के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कंप्यूटिंग क्षमता और डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर एक मजबूत एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहा है। अगले दशक के लिए उन्होंने तीन प्रमुख प्राथमिकताएं गिनाईं–संरचनात्मक सुधार, डीप इनोवेशन और सरल शासन व्यवस्था। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो 2013 की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक है। सरकार अल्पकालिक लोकलुभावन नीतियों के बजाय दीर्घकालिक और उत्पादक निवेश को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का हर निर्णय महिलाओं के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी और देश की प्रगति की अगुवाई महिलाएं ही करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सैनिकों और सुरक्षाबलों के कल्याण के लिए पूरी तरह संवेदनशील है और उनकी जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रधानमंत्री ने निष्कर्ष में कहा कि महामारी के बाद का वैश्विक दौर भारत के लिए नए अवसर लेकर आया है। इंसेंटिव और टैरिफ में राहत से विकास को गति मिल सकती है, लेकिन स्थायी प्रतिस्पर्धा नवाचार, दक्षता और बड़े पैमाने पर उत्पादन से ही संभव है।

## सात समंदर पार पहुंचा...

मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश है। यही वजह है कि रूसी दर्शकों में भी इसके प्रति विशेष उत्सुकता देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अयोध्या का दीपोत्सव वैश्विक पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लाखों दीपों से जगमगाती अयोध्या की तस्वीरों ने दुनिया भर के सांस्कृतिक संगठनों और कलाकारों को प्रभावित किया है। योगी सरकार ने रूस के कलाकारों की टीम को अयोध्या दीपोत्सव में मंच प्रदान किया। यह टीम रामलीला प्रस्तुत कर पहले ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। अयोध्या की आध्यात्मिक आभा और आयोजन की भव्यता देखकर रूस से यहां आए आयोजक और कलाकार इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मॉस्को में भी उसी भाव को साकार करने का निर्णय लिया। भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों में रामलीला की परंपरा का इतिहास भी उल्लेखनीय रहा है। 1960 के दशक में सोवियत अभिनेता पद्मश्री गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव ने मॉस्को में रामलीला का मंचन कर दोनों देशों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को नई ऊंचाई दी थी। यह पहल दोनों देशों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आयोजन का नेतृत्व कर रहे रामेश्वर सिंह ने बताया कि रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के विशेष सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया गया दीपोत्सव और सांस्कृतिक नवजागरण अब वैश्विक प्रभाव दिखा रहा है। मॉस्को की रामलीला अयोध्या की प्रेरणा से आयोजित की जा रही है। 20 फरवरी को मॉस्को में होने वाली रामलीला के लिए भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत की विशेष तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रूसी नागरिक, भारतीय समुदाय और सांस्कृतिक जगत की हस्तियां शामिल होंगी। जब मंच पर श्रीराम की लीला सजीव होगी तो पूरा वातावरण भारतीय संस्कृति की भक्ति, मर्यादा और आदर्शों से सराबोर नजर आएगा। यह आयोजन नाट्य प्रस्तुतियों, उत्सवों और शैक्षिक पहल के माध्यम से दोनों देशों की एकता की सशक्त मिसाल पेश करेगा।

## बंगलादेश में रहमान...

नेशनलिस्ट पार्टी को भारी बहुमत से जीत मिली है। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को होना है। संसदीय चुनाव में श्री रहमान की पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री रहमान से टेलीफोन पर बात कर उन्हें बधाई दी थी और आश्वासन दिया था कि बंगलादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत अपनी ओर से हर संभव समर्थन देगा।

## एईएस से मौतों ...

2017 से लेकर 2025 तक एईएस रोगियों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आई है। एईएस से होने वाली मौतों की संख्या में 99 प्रतिशत तथा जेई के रोगियों की संख्या में 96 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि जेई से होने वाली मृत्यु में 98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह उपलब्धि विशेष रूप से पूर्वांचल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां कभी एईएस/जेई गंभीर चुनौती बने हुए थे।

## 'भारत सद्भावना...

यह समाज का काम है। समाज करेगा, संघ सहायता करेगा। सामाजिक सद्भाव बैठक में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपने समाज में हो रहे सामाजिक कार्यों के प्रेरक उदाहरण साझा किए। इस अवसर पर सरसंघचालक जी ने विविध जाति, पंथ और समाजों के प्रतिनिधियों के साथ पंगत में भोजन किया। मंच पर सरसंघचालक के साथ प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक की प्रस्तावना सह प्रान्त सद्भाव प्रमुख शिवाजी राय ने रखी तथा सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ. राकेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ।

# तीस लाख थाली आई जी ने की जरूरतमन्दों को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। लिटिल मिरेकल फाउंडेशन यानि थाल सेवा की 30 लाख थाली जरूरतमंदों को बांटने का माइल स्टोन पार कर लिया । आई.जी. पुलिस कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल इस पुण्य सेवा कार्य की साक्षी बनी और उनके द्वारा थाल सेवा में आकर भोजन वितरण का कार्य किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों को 5 रुपये में भोजन कराना आज के समय में कठिन सेवा है, लेकिन जन सहयोग से ये सेवा कार्य का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है । टीम थाल सेवा अक्टूबर 2018 से बिना रुके सोशल मीडिया से क्राउड फंडिंग के जरिए डा. सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास चल रही है और अस्पताल में आने वाले तीमारदारों को केवल 5 रु में भोजन उपलब्ध करवाती है । असंस्था के सदस्यों में राजीव वाही, राजीव बग्गा व रक्षित वर्मा ने आई जी रिद्धिम अग्रवाल का आभार प्रकट करते हुए उन्हें पौधा भेंट किया और उन्हें वस्त्र सेवा, उपचार सेवा और अन्य सेवाओं की जानकारी दी । सदस्य प्रवीण मित्तल ने भोजन निर्माण और संजय बग्गा ने भोजन वितरण संबंधी जानकारी दी ।

थाल सेवा के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया कि समाज से लोग जन्मदिन, विवाह दिवस और अन्य स्मरणीय दिवसों के जरिए थाल सेवक के रूप में हमसे जुड़कर अपना सहयोग देते है ।

इस अवसर पर रीना मानसेरा, कनिका वासुदेवा, स्वाति कपूर, पूजा बग्गा, उमंग वासुदेवा, अतुल वर्मा, प्रो के के पांडे, सरयू प्रसाद, दिनेश आर्य, महेंद्र जड़ोत, नीरज जोशी, आदि मौजूद रहे।

थाल सेवा का परिचय

उत्तराखंड राज्य के दूसरे बड़े शहर हल्द्वानी में स्वयं सेवी संस्था ''लिटल मिरेकल फाउंडेशन'' ने जरूरतमंदों के लिए भोजन केवल पांच रुपये में सेवा शुरू हुई है, जिसे नाम दिया है थाल सेवा।

19 अक्टूबर 2018 को विजय दशमी के दिन हल्द्वानी शहर के सबसे बड़े डा. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के समीप ''थाल सेवा'' शुरू करने के पीछे मकसद ये था ।

# महाशिवरात्रि 2026 पर DJJS-YPSS की अनूठी पहल

**SANKALP अभियान के अन्तर्गत '' The Real Heroes'' YPSS'' के द्वारा बोध की रैली**

**''बोध'' DJJS के एक Drug Aduse प्रोजेक्ट का नाम है, जिसका UNODC के साथ Collaboration है।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





दिल्ली त्रिनगर । दिल्ली राज्य के त्रिनगर क्षेत्र में 14 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ''दिव्य ज्योति जागति संस्थान'' (DJJS) एवं युवा परिवार सेवा समिति (YPSS) के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली के त्रिनगर क्षेत्र में एक विशेष बोध की रैली का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम SANIKALPA Campaign Against All (2025-2029) के ''The Real Heroes '' Addiction पहल का हिस्सा रहा, कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि MLA ''श्री तिलक राम गुप्ता'' जी और काउन्सलर ''श्रीमती मीनू गोयल '' जी के द्वारा Flag off करके किया गया। इस बोध रैली का केन्द्रीय विषय था- ''क्या भगवान शिव नशा करते थे?'' कार्यक्रम में विभिन्न flag cards और Flex के माध्यम से भगवान शिव से जुड़े, प्रचलित मिथकों को तोडते हुए, उन्हें आत्मसंयम, जागरूकता, संतुलन और चेतना के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया, रैली के दौरान संस्थान का आध्यात्मिक Literature (भगवान शिव) का भी वितरण किया गया। संगीत और Narration के प्रभावी संयोजन ने शिव के विभिन्न सामाजिक, मानसिक एवं जीवनोपयोगी आयामों को सरल भाषा में दर्शाया गया, इस कार्यक्रम में कुल 200 से अधिक युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की प्रतिभागियों को यह समझाया गया कि शिव जीवन की चुनौतियों से भागने का नहीं बल्कि सचेत रूप से उनका सामना करने भावनाओं को साधने और सही निर्णय लेने के आदर्श हैं। नशे के स्थान पर Self control, विवेक और inner strength को वास्तविक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर अंत में DJJS के साधु संतों ने ''साध्वी सुश्री आभा भारती'' जी और साध्वी ''सुश्री नीतू भारती'' जी ने सभी श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा शिव नशे के नहीं बल्कि पूर्ण जागरूकता और आत्मबल के प्रतीक है, जो व्यक्ति अपने मन, इच्छाओं और भ्रम पर नियंत्रण रखता है- ''वही आज के समय का सच्चा Real Hero है'', कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट रहा-सच्ची वीरता, बाहरी उत्तेजनाओं में नहीं, बहित आत्मसंयम और जागरूक जीवन में है और शिव उसी चेतना के आदर्श है।

# संक्षिप्त समाचार

## महाशिवरात्रि पर कनखल में गूंजे जयकारे, धूमधाम से निकली शिव बारात

हरिद्वार। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की ससुराल कनखल स्थित तिलभाण्डेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित 31 वें महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को भगवान शिव की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई।

मंदिर प्रांगण से आरंभ हुई शिव बारात का शुभारंभ नगर विधायक मदन कौशिक और मंदिर के श्रीमहंत त्रिवेणी दास महाराज ने किया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव बारात पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई।

महोत्सव का शुभारंभ एक दिन पूर्व विश्व शांति यज्ञ के साथ हुआ था। दूसरे दिन शिव बारात का आयोजन किया गया, जबकि सोमवार को यज्ञ की पूर्णाहुति, संत सम्मेलन और भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। महंत त्रिवेणी दास महाराज ने कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव स्वयं माता सती का विवाह करने कनखल नगरी आए थे। उनके साथ भूत-प्रेत, देव-दानव, किन्नर, यक्ष और पिशाच बाराती के रूप में शामिल थे। उन्होंने कहा कि आज की शिव बारात में भूत-प्रेतों की झांकी उसी दिव्य दृश्य की स्मृति को सजीव करती प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि कनखल नगरी अत्यंत पवित्र है, जहां भगवान शिव की बारात और राजा दक्ष के यज्ञ से जुड़ी पौराणिक घटनाएं घटित हुईं। इस कारण यहां का कण-कण शिवमय माना जाता है। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयकारों के साथ निकली शिव बारात में श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन नजर आए। बारात मार्ग पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई व श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। शिव बारात में भगवान शिव के गणों और भूत-प्रेतों की झांकियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

## स्कॉर्पियो पलटने से पिता की मौत,दो घायल

डेहरी आन सोन। रोहतास जिले के कारगहर थाना क्षेत्र के समहुता गांव में शनिवार की रात सड़क किनारे स्कॉर्पियो पलटने से एक की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि उनके पुत्र व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गएद्य

पुलिस के अनुसार मृतक भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र खवनी गांव निवासी 65 वर्षीय कामेश्वर राय हैद्य घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया । भोजपुर जिले के तरारी थाना अंतर्गत खवनी गांव से बीते रात समहुता निवासी मधुरेन्द्र राय के घर तिलक में आया हुआ थाद्य तिलक समारोह संपन्न होने के बाद मध्य रात्रि में ही लोग स्कॉर्पियो से अपने गांव खूनी लौट रहे थे । तभी कौआडीह बलभद्रापुर पथ पर अचानक स्कार्पियो की हेडलाइट खराब हो गईद्य तेज गति से चल रही स्कॉर्पियो पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वह गहरी चाट में पलट गई द्यगाड़ी पलटते ही कोहराम सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े द्यसभी ने मिलकर दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से घायल को बाहर निकला तब तक कामेश्वर राय की मौत हो चुकी थी द्यजबकि उनके पुत्र उज्जवल राय वह एक अन्य भोला राय को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकल गयाद्य पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है द्यइस घटना से जहां वैवाहिक समारोह में उदासी छा गई वही गांव में मातम पसरा है

## भगवानपुर में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ, महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा की भीड़

सुपौल । जिले के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर परिसर में श्री कामना विश्वनाथ शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यज्ञ के उपलक्ष्य में रविवार को एक भव्य क्षेत्र भ्रमण यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।

इसी क्रम में महाशिवरात्रि के अवसर पर वीरपुर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रतियों ने उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की तथा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान लगातार चलते रहे। आयोजन समिति के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। समिति का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होती है।

कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष रामनारायण मेहता, सचिव दयानन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यम मेहता और उपाध्यक्ष अलोक राज ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं निगरानी समिति में अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, सचिव परमानन्द मेहता, कोषाध्यक्ष अलोक राज, उपाध्यक्ष रामानंद मेहता, उप सचिव उपेंद्र मेहता तथा संजय मेहता शामिल रहे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जोगबनी में इंडो-नेपाल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

सुपौल । जोगबनी स्थित ज़ेनिथ पब्लिक स्कूल के इंडोर स्टेडियम में आयोजित अब्दुल कादिर हाराधन बनर्जी मेमोरियल टेबल टेनिस इंडो-नेपाल फ्रेंडशिप टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन 56वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बथनाहा के कमांडर शास्वत कुमार, स्कूल की प्रिंसिपल कविता खान तथा निदेशक खुर्शीद खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अंतरराष्ट्रीय मैत्री प्रतियोगिता में बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड सहित नेपाल के विभिन्न शहरों से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। भारत और नेपाल के खिलाड़ियों के बीच यह टूर्नामेंट खेल भावना, आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बनकर उभरा है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और मित्रता की भावना को भी मजबूत करता है।

प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें नेपाल के राजेश गुप्ता, तपन कांति दास, केशव बुद्धठोकी, संतोष बस्नेत, राधिका प्रधान, मदन प्रधान, प्रदीप शंकर मिश्रा (नेशनल अंपायर, बेगूसराय), बिमल गुरूंग, मनीष कश्यप (पूर्णिया), नीरज, अनिल अग्रवाल, प्रवीर विश्वास सहित अन्य लोग शामिल थे।

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला: बंसल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार । राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय वृद्धि और महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला है तथा इसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल यहां मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे। इस पत्रकार वार्ता का आयोजन भाजपा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट की महत्वपूर्ण घोषणाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकासात्मक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देने के लिए बुलाया गया था।

इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए राहत देने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के विकास कार्यों का सीधा लाभ उत्तराखंड सहित पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में स्थानीय विकास, सड़क, परिवहन और शहरी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

पत्रकार सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की सोच को दर्शाता है। उन्होंने इसे विकास, विश्वास और अवसर का बजट बताते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार के राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, भाजपा नेता सुशील त्यागी, जिला महामंत्री सागर गोयल, अक्षय प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, सह संयोजक युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कौशिक, जिला उपाध्यक्ष संजीव तोमर, जिला मंत्री सतीश सैनी, मंडलअध्यक्ष सुमित अग्रवाल, डॉ अमन गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रोमा सैनी, प्रमोद चौधरी, कार्यालय प्रभारी कदम सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर निकली भोले बाबा की बारात, गूंजे 'बोल-बम' के जयकार

बक्सर। महाशिवरात्रि पर रविवार को शहर में भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। ढोल-ताशों की गूंज, हाथी-घोड़े और दर्जनों ऊंटों की मौजूदगी के बीच निकली इस बारात ने पूरे शहर को शिवमय बना दिया। बारात में देव-दानव, यक्ष-गंधर्व तथा भूत-प्रेत के प्रतीकात्मक स्वरूपों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। बारात को लेकर सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। नंदी के साथ रथ पर विराजित भोलेनाथ का पुष्प, माला और दूध से विधिवत अभिषेक किया गया। इसके बाद दोपहर में खलासी मोहल्ला और कोइरपुरवा से दो अलग-अलग आयोजकों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिव बारात शहर के स्टेशन रोड, नई बाजार, चरित्रवन, माडल थाना, ज्योति चौक और सराय फाटक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई सोहनीपट्टी स्थित गौरीशंकर मंदिर पहुंची।

वहीं दूसरी संस्था की ओर से निकाली गई बारात चरित्रवन स्थित पंचमुखी मंदिर पहुंची।

# संघ के सौ वर्ष उत्सव नहीं आत्ममंथन और नवसंकल्प का अवसर: हरीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बहादराबाद स्थित स्प्रिंग फिल्ड स्कूल परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत स्वामी सुतीक्षण मुनि ने कहा कि संघ के 100 वर्ष समाज संगठन, राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित और जागरूक रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। युवाओं से उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात कर राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में संघ के क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख हरीश ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नवसंकल्प का अवसर है। सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से समाज को जोड़ना ही संघ का मूल ध्येय रहा है। उन्होंने सभी से हिंदू समाज की एकजुटता को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया। क्षेत्र संयोजक, बजरंग दल अनुज वालिया ने कहाकि समाज को तथाकथित लव जिहाद जैसी घटनाओं के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता बताई।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य शिव आरती का आयोजन किया गया तथा भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। साथ ही समाज के उन लोगों को सम्मानित किया गया जो अपने पूर्वजों के पारंपरिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनमें किसान, बढ़ई, सफाई कर्मी, कुम्हार, शिक्षक आदि शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रश्मि चौहान ने तथा संचालन वीर प्रताप चौहान ने किया, संयोजक विनय चौहान रहे। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, राज्य मंत्री जयपाल सिंह एवं पूर्व राज्य मंत्री सुशील चौहान सहित कार्यक्रम संयोजक राजकुमार, अमित चौहान, चंदन चौहान, कविराज चौहान, राघवेन्द्र चौहान, मंजू देवी, प्रचार प्रमुख सुशांत, कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, पंकज, योगेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ निकाली गई कलश शोभायात्रा

भागलपुर । जिले के जगदीशपुर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देसरी गांव स्थित श्री श्री 108 बाबा देसरी नाथ महादेव मंदिर में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया। आयोजन को लेकर रविवार को देसरी गांव से 1001 महिलाओं और युवतियों की विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति रंग में रंग दिया। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर जगदीशपुर शिवालय पहुंचीं, जहां विधि-विधान से जल भरकर वे बाबा देसरी नाथ महादेव मंदिर लौटीं। पूरे मार्ग में गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और आकर्षक रथों की उपस्थिति ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। रास्ते भर श्रद्धालुओं की भीड़ शोभायात्रा का स्वागत करती नजर आई। उल्लेखनीय है कि सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित मनीष कृष्ण जी, वृंदावन द्वारा किया जाएगा, जिनकी ओजस्वी वाणी से भक्तों को शिवभक्ति का रसास्वादन कराया जाएगा। आयोजन में आचार्य अरुण पंजियारा और उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी, अध्यक्ष अवध बिहारी, कोषाध्यक्ष निरंजन विश्वास, सचिव राजशेखर विश्वास, पूर्व मुखिया घनश्याम मंडल, चंद्रशेखर विश्वास, सरवन विश्वास, सुजीत मंडल, धनंजय विश्वास, जीवन राम सहित देसरी और आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार निराला कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि संध्या समय देसरी नाथ महादेव मंदिर से भगवान शिव की भव्य बारात आकर्षक झांकियों के साथ निकाली जाएगी, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी।

## महाशिवरात्रि पर बाबा भीमशंकर मंदिर में आस्था का सैलाब, 75 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

सुपौल। जिला स्थित राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। अहले सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। विशेष रूप से धरहरा स्थित जिले के प्रसिद्ध बाबा भीमशंकर महादेव मंदिर में करीब 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भीड़ को देखते हुए मंदिर के पट सुबह चार बजे ही खोल दिए गए थे। पूरे दिन मंदिर परिसर ह्ल? नमः शिवायङ्क और ह्लबोल बमङ्क के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक जलार्पण करते नजर आए। मंदिर कमेटी की ओर से परिसर को आकर्षक लाइटिंग और भव्य सजावट से सजाया गया था। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। सुबह के समय अत्यधिक भीड़ के कारण सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमी महसूस की गई, जिससे स्वयंसेवकों को भीड़ नियंत्रित करने में कठिनाई हुई। दोपहर बाद बीरपुर अनुमंडल प्रशासन के अधिकारियों के पहुंचने पर पुलिस व्यवस्था सख्त की गई। अतिरिक्त महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती के बाद दर्शन-पूजन सुचारू रूप से जारी रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर कमेटी के सचिव संजीव यादव ने बताया कि रविवार रात्रि में शिव-पार्वती विवाह का आयोजन होगा, जबकि सोमवार को जलढरी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।इ पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु समीप स्थित शिवगंगा घाट पहुंचे, जहां सजे मिनी बाजार में महिलाओं और बच्चों ने खरीदारी की। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से मोबाइल, चेन और नकदी जैसे कीमती सामान साथ न लाने तथा अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

# आईआईटी मद्रास का कंसोर्टियम मॉडल तकनीक के तेज व्यावसायीकरण में अहम: जितेन्द्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आईआईटी मद्रास का कंसोर्टियम आधारित नवाचार मॉडल तकनीक के त्वरित और उपयुक्त व्यावसायीकरण को संभव बना रहा है। अन्य शैक्षणिक संस्थान और विश्वविद्यालय भी इस मॉडल को अपना रहे हैं।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क स्थित इमर्सिव टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप लैब्स (आईटीईएल) फाउंडेशन और अन्य उन्नत शोध केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहरी परिवहन, अंतरिक्ष तकनीक, चिकित्सा उपकरण और मस्तिष्क अनुसंधान से जुड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा भी की।

उन्होंने कहा कि कंसोर्टियम मॉडल में उद्योग की भागीदारी विकास के शुरुआती चरण से होती है। इससे शोध सीधे व्यावहारिक जरूरतों से जुड़ता है और तकनीक तेजी से बाजार तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि अकादमिक संस्थानों, उद्योग और सरकार के समन्वय से नवाचार को गति मिलती है।

इस दौरान एआई आधारित शहरी परिवहन प्रणाली का प्रदर्शन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य 15 किलोमीटर की दूरी को लगभग 20 मिनट में तय करना है। यह ऊंचे ट्रैक पर छोटे इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए संचालित होगी। इसका मकसद ट्रैफिक जाम कम करना है।

डॉ. सिंह ने निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस के कार्यों की भी समीक्षा की। कंपनी छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए रॉकेट बना रही है। कंपनी इस वर्ष अपने पुनः उपयोग योग्य रॉकेट के वाणिज्यिक मिशन की तैयारी कर रही है।

उन्होंने आईआईटी मद्रास इनक्यूबेशन सेल का भी दौरा किया। यहां अब तक 500 से अधिक स्टार्टअप विकसित किए गए हैं। ये स्टार्टअप जलवायु, स्वास्थ्य, एआई और डीप टेक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर में स्वदेशी चिकित्सा उपकरणों की जानकारी दी गई। यहां विकसित 12 उत्पाद भारत और विदेश में 2 करोड़ से अधिक मरीजों तक पहुंच चुके हैं। इसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना है।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का भी दौरा किया। यहां मानव मस्तिष्क की उच्च गुणवत्ता वाली 3डी इमेज तैयार की जा रही है। यह भारत में इस तरह का पहला प्रयास है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063